# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 180 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## आरोप : सांसद सीपी चौधरी के पत्र की अवहेलना करना बन चुका है डीसी की कार्यशैली का हिस्सा

# सांसद ने गिरिडीह डीसी से सात दिनों के अंदर घुसपैठ की रिपोर्ट मांगी

वरीय संवाददाता। रांची

- चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह के उपायुक्त के खिलाफ खोला मोर्चा
- गिरिडीह जिले में अवैध तरीके से हो रहा बांग्लादेशी घुसपैठ
- सात दिन के अंदर जांच कर पूरा ब्योरा उपलब्ध कराएं उपायुक्त
- गृह मंत्रालय को भी सांसद सीपी चौधरी ने मामले की दे दी सूचना



सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने सोमवार को फिर से डीसी को पत्र लिखा है. डीसी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन गया है. पर्यावरण के प्रति आपका आचरण और नदियों के साथ प्राकृतिक जलस्रोतों पर अवैध अतिक्रमण जैसे गंभीर विषय पर आपने कोई जवाब नहीं दिया. दो माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी मांगी गयीं सूचनाएं अब तक उपलब्ध नहीं करायी गयीं. प्रशासनिक लापरवाही और जानबूझ कर सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन चुका है. लिखा कि पांच दिनों के अंदर मेरे द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. आपका मेरे प्रश्नों का उत्तर ना देना आपके खिलाफ न्यायिक समीक्षा में अभिलेख के रूप में देखा जायेगा. मैं बिना पूर्वाग्रह के आपसे सकारात्मक प्रति-उत्तर की अपेक्षा रखता हूं.

**गिरिडीह में बांग्लादेशी घुसपैठ का ब्योरा उपलब्ध करायें :** सांसद ने पत्र में डीसी को यह भी लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर्यावरण b प्रदूषण पर जो आपकी प्रशासनिक कार्यशैली रही है. वैसा आचरण न कर गिरfडीह जिला में एक भी अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम ना रहे यह सुनिश्चित करें. कहा कि गृह मंत्रालय को भी इसकी जानकारी दी है. गिरीडीह जिला में शहरी क्षेत्र क्रमश वार्ड के सूची के साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम की उपस्थिति का ब्यौरा जांच के बाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. ग्रामीण क्षेत्र में गिरिडीह जिले की सभी पंचायतों में जांच कर बांग्लादेशी घुसपैठ की उपस्थिति का भी ब्यौरा देना सुनिश्चित करें. सांसद सीपी चौधरी ने सात दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है. उन्होंने लिखा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है. सोशल मीडिया में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में घुसने की चर्चा हो रही है. गिरिडीह सांसद के रूप में मेरा कर्तव्य है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर जिला प्रशासन को सजग करें. राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है.

## हे दर्शनार्थियों, पूजा घूमिए, धक्के खाइए, हमरा थोबड़ा निहारिए, ढीढ़- ढीढ़ भर शुभकामनाएं लीजिए

संजय सिंह

राजधानी पूजामय हो गयी है. कुछ पूजा पंडालों मे भीड़ भी उमड़ने लगी है. इधर शहर में लगे होर्डिंग, बिजली के खंभे, डिवाडर पर लगे खंभे नेताओं के पोस्टर-बैनर से पट गए हैं. पूजा पंडालों के आसपास तो कुछ ज्यादा ही पोस्टर-बैनर, होर्डंग लगे हैं, जो दर्शनार्थियों से कह रहे हैं, नवरात्र, दुर्गापूजा, दशहरा, विजयादशमी की ढेर सारी शुभकामनाएं. यानी पूजा में आप घूमिए, धक्के खाइए, लेकिन हमरी तस्वीर जरूर देखिए, हमरी शुभकामनाएं लीजिए. शहर में जेने-तेने खंभे पर कुकुरमुत्ते की तरह-तरह की पार्टी और तरह-तरह के नेताजी लोगन की तस्वीरें लग गई हैं. वईसे ई तो चुनावी साल है, थोड़के दिन में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है. अचार संहिता लागू होगा, तो सभी होर्डिंग, पोस्टर, बैनर हटाने पड़ेंगे. चूंकि चुनावी साल है, तो ढेरे वैसे नेताजी लोग पोस्टर-बैनर में चेहरा चमकाईले हैं, जो कहीं न कहीं से चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं. हालांकि, कुछ नेताजी लोगन का एरियावाइज भी पोस्टर-बैनर लग गया है. यानि कोई हटिया से चुनाव लड़ना चाहता है और टिकट की दावेदारी किए हुए है, तो ऊ नेताजी अपना होर्डिंग, बैनर-पोस्टर उसी इलाके में लगाईले हैं. इसी तरह असलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में नेताजी लोग पोस्टर-बैनर से चेहरा चमकाईले हैं. कुछ नेताजी तो नवरात्र, दुर्गापूजा, विजयादशमी की ही शुभकामनाएं दे रहे हैं, तो कुछ अईसन भी नेताजी पोस्टर में उभर आये हैं, जो दिवाली-भाई दूज, छठ तक के शुभकामना एडवांस में ही दे दीहिन हैं.

**चुनावी चकल्लस**



अइसन नेताजी के एक समर्थक कहते हैं, भाई फेस्टिव सीजन है. दुर्गापूजा शुरू होती ही दिवाली, छठ की भी तैयारी शुरू हो जाती है और लोग बाजार में, पूजा पंडाल में जुटते हैं, तो पोस्टर-बैनर, होर्डिंग पर नजर पड़बे करेगा. यदि भगवत कृपा से कहीं टिकटवा मिल गया, तो कम से कम आम लोग को ज्यादा न बतावे पड़ेगा. वैसे नेताजी के समर्थक कहते हैं, भाई पर्व-त्योहार में प्रचार-प्रसार का ई सशक्त माध्यम है. अब देखिए न, रांची शहर में तो कईगो अईसन पार्टी व नेताजी के पोस्टर-बैनर लग गईल है, जेकर नाम न कहियो सुना है, न ओकरा लोग जानता है. खास कर राजनीति में एक्टिव लोग के भी न तो ऊ पार्टिया के बारे में पता है, न ऊ नेताजी के बारे में. प्रमुख राजनीतिक पार्टी के नेताजी को लोग थोड़ा बुहत तो ऊ पेशा के लोग जानबो करते हैं, आम लोग भी तनिका जानबो-बुझबो करता है, लेकिन नयका पार्टी वे नेताजी के नाम देख के लोग चिहा जा रहा है.

कहता है - भाई इनका बारे में कहियो कोई सुनबो नहीं किया है. न उनको तनिको जानता है. एक-दू गो नेताजी और उनकी पार्टियो का नाम कभी नहीं सुना है. कुछ इलाकों में एगो कोनो जोहार पार्टी के पोस्टर कोई नेताजी लगाईले हैं. दर्शनार्थियों को ढेरे-ढेर शुभकामनाएं देले हैं. लेकिन ई नयका पार्टिया कब अवतरित हुई, के लांच किहीस, ई राजनीति के धुरंधर लोगन के भी न पता है. कुछ नेताजी लोग खास कर बड़की पार्टिया वाले, चुनाव में किस्मत आजमावे ला बेकरार हैं. तो ऊ लोग ढेरे होर्डिंग लगाईले हैं व पोस्टरबाजी कईले है. कुछ नेताजी लोग के आजू-बाजू वाला लोग कहले है कि अरे उनके नेताजी को कोई टिकट थोड़े न चाही, चुनावो न लड़ेला है. लेकिन ईहे बहाने आम लोग व अपनी पार्टी के बड़का नेताजी लोग के नजर में तो आईए जाएंगे. अभी भाई टिकटवा लगी ढेरे मारा-मारी हो रहल है, अईसे में साइडे रहे में भलाई है, लेकिन अभिये से आम लोग के साथे बड़का नेताजी लोग के नजर में रहेंगे, तो तनिका फायदा तो होबे न करेगा.

वईसे पोस्टर-बैनर और होर्डिंग लगावे में नेशनल पार्टिया के लोग तो आगे-आगे हईये है, रिजनल पार्टी वाला नेताजी लोग भी तनिको न पिछुआ रहल है. सबके मालूम है कि सप्ताह-10 दिन में पोस्टर-बैनर, होर्डिंग के सफाचट करे पड़ेगा, लेकिन तबतक तनिका भीड़-भाड़ में कुछो लोग तो चिह्न जाए, जान जाए. तबे न बात बनेगा. वईसे पोस्टर-बैनर वार में कई गो अइसन नेताजी लोग भी शामिल हो गये हैं, जे इहे पर्व-त्योहार के बहाने तनिका चंदा-चुटिया करे के जुगाड़ में लग गईल हैं. आगे इनको कितना फायदा होगा, ई तो राम जानें, लेकिन नेताजी लोग चेहरा चमकावे के होड़ में शामिल हो गईल है. अब चेहरा चमकाओ प्रतियोगिता में नेताजी लोग के कितने लाभ होगा, कईसन लाभ होगा, ई तो उहे लोग जानें, लेकिन आम लोगन को ई चेहरा चमकउवा नेता लोगन से कोईयो मतलब न है. कुछ लोग तो ईहे कह रहा है, भाई पूजा घूमेला है, मेला घूमेला है, ई नेताजी लोग के थोबड़वा निहारे से आखिर का होवे वाला है.

# झारखंड हाईकोर्ट ने आठ लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

- 2017 में ट्रेन से गिरकर हुई थी शंभू साहनी की मौत, पत्नी को मुआवजा देने का आदेश



झारखंड हाईकोर्ट ने 2017 में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले व्यक्ति की विधवा को आठ लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें उसने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि मृतक एक वास्तविक यात्री था. जबकि जांच रिपोर्ट के दौरान उसके पास टिकट नहीं था. दरअसल सात जून 2017 को शम्भू साहनी पीरपैंती स्टेशन की यात्रा के लिए खरीदे गये वैध द्वितीय श्रेणी के टिकट के साथ साहिबगंज जंक्शन पर हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार हुए थे. जैसे ही ट्रेन पीरपैंती के पास पहुंची, शंभू उतरने के लिए ट्रेन के दरवाजे की ओर बढ़ा. लेकिन दरवाजे के पास यात्रियों की भीड़ जमा होने के कारण धक्का-मुक्की होने लगी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अम्मापाली हॉल्ट और पीरपैंती स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से गिर गया. इस घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. शंभू साहनी की मौत के बाद उसकी पत्नी कविता देवी ने रांची रेलवे दावा न्यायाधिकरण से मुआवजे की मांग की, लेकिन उसकी मांग को ठुकरा दिया गया. इसके बाद उसने हाईकोर्ट में गुहार लगायी, जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई.

## जैप-आईआरबी के 92 पुलिसकर्मियों के आवेदन स्वीकृत

**रांची।** शिकायत कोषांग की बैठक में जैप और आईआरबी के 92 पुलिस कर्मियों के आवेदन स्वीकृत हुए, जबकि 36 पुलिसकर्मियों के आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया. गौरतलब है कि जैप और आईआरबी की विभिन्न वाहिनियों में पदस्थापित पुलिसकर्मियों ने दूसरी जगह ट्रांसफर के लिए शिकायत कोषांग में आवेदन दिये थे. इसके बाद बीते 5 अक्टूबर को एडीजी जैप की अध्यक्षता में शिकायत कोषांग की बैठक हुई थी. बैठक में पुलिसकर्मियों की शिकायत पर विचार किया गया और उन्हें दूसरी वाहिनी में ट्रांसफर भी किया गया. शिकायत कोषांग में कुल 128 पुलिसकर्मियों के आवेदन आये थे.

## भारतीय जनता पार्टी का विस्तृत घोषणा पत्र जारी होगा

# झारखंड में एनआरसी लागू करेगी भाजपा सरकार: शिवराज चौहान

**चुन-चुन कर घुसपैठिए बाहर किए जाएंगे**



प्रमुख संवददाता। रांची

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे हैं. संथालपरगना क्षेत्र में घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन आया है. आदिवासी आबादी 44% से घटकर 28% पहुंच गटी. इसके अतिरिक्त सामान्य आबादी भी प्रभावित हुई है. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा का विस्तृत घोषणा पत्र जारी होगा. झारखंड में एनडीए सरकार बनते ही एनआरसी लागू कर घुसपैठियों की पहचान करेगी.चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेगी. राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनाए जा रहे, वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे. यह सब वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हो रहा.आज राज्य में सिर्फ मुख्यमंत्री बनाने या सत्ता परिवर्तन की लड़ाई नहीं है, बल्कि राज्य की रोटी मतलब रोजगार, माटी मतलब जमीन और बहन बेटियां, तीनों को बचाने लड़ाई है.

**घुसपैठिये स्थानीय सरकार पर भी कर रहे कब्जा :** घुसपैठिये आते हैं, यह बसते हैं. आदिवासी बहन बेटियों से शादी करते है और उनकी जमीन हड़पते हैं. रुबिका पहाड़िया जैसी बेटी की टुकड़ों में काटकर निर्मम हत्या हुई है. अंकिता को जलाकर मार दिया गया. घुसपैठिए अब आदिवासी बेटियों से शादी कर स्थानीय सरकार पर भी कब्जा कर रहे.

## चुनाव में हिट होने के लिए दिल्ली में बन रही बीजेपी की रणनीति

प्रमुख संवाददाता। रांची

- उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम फैसला लेगी संसदीय बोर्ड

विधानसभा चुनाव में हिट होने के लिए बीजेपी की रणनीति दिल्ली में बन रही है. उम्मीदवारों के नामों पर मंथन शुरू हो गया है. प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम फैसला संसदीय बोर्ड लेगी. विजयादशमी के बाद के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी. झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि झारखंड के सभी विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम के पैनल बनाए जा रहे हैं. इसके बाद संसदीय बोर्ड इस पर अंतिम फैसला लेगा. इस प्रक्रिया को पूरा करने में कम से कम सात दिन और लगेंगे. उम्मीदवारों की पहली सूची विजयादशमी के बाद जारी कर दी जाएगी.

**बैठक में ये हुए शामिल**

दिल्ली में हो रही बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा, अमर बाउरी, सांसद प्रदीप वर्मा से साथ चुनाव समिति के सदस्य शामिल हुए हैं. जानकारी के अनुसार पहली सूची में 30 से 35 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है.

## सेल और बीएचपी के बीच हुआ एमओयू

# स्टील डीकार्बोनाइजेशन को लेकर समझौता

संवाददाता। रांची



एमओयू के दौरान सेल और बीएचपी के अधिकारी.

स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और अग्रणी वैश्विक संसाधन कंपनी (बीएचपी) के बीच स्टील मेकिंग डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एमओयू किया गया. यह साझेदारी भारत में ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए लो-कार्बन स्टील मेकिंग टेक्नोलॉजी वाले तरीकों को बढ़ावा देने की दिशा में सेल और बीएचपी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है.

इस समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों पक्ष पहले से ही सेल के ब्लास्ट फर्नेस संचालन करने वाले एकीकृत इस्पात संयंत्रों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी) को कम करने की दिशा में विभिन्न रणनीतियों का आकलन करने वाले शुरुआती अध्ययन के साथ संभावित डीकार्बोनाइजेशन के अनुकूल विभिन्न वर्कस्ट्रीम्स की खोज कर रहे हैं. ये वर्कस्ट्रीम ब्लास्ट फर्नेस के लिए हाइड्रोजन और बायोचार जैसे वैकल्पिक रिडक्टेंट्स की भूमिका पर विचार करेंगे ताकि डीकार्बोनाइजेशन ट्रांजिशन को अनुकूल बनाने के लिए स्थानीय अनुसंधान और विकास क्षमता का निर्माण भी किया जा सके. भारत और वैश्विक इस्पात उद्योग में मध्यम और दीर्घ अवधि के दौरान डीकार्बोनाइजिंग को बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करना और मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस तकनीकी में कमी लाना महत्वपूर्ण है और इस अप्रोच के साथ ये साझेदारियां बेहद ज़रूरी हैं.

सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस समझौते पर कहा, सेल बीएचपी के साथ इस समझौते को टिकाऊ तरीके से स्टील उत्पादन के विकास की दिशा में भविष्य की ओर एक बढ़ते कदम के रूप में देख रहा है. इस्पात क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के साथ लेकर चलने की उभरती हुई आवश्यकतों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है. सेल भारत में इस्पात उद्योग के लिए एक इनोवेटिव भविष्य को बढ़ावा देने के जरिये जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है. बीएचपी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी राग उड ने कहा बीएचपी का सेल के साथ लंबे समय से एक मजबूत संबंध स्थापित है और हम ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए डीकार्बोनाइजेशन के अवसरों का पता लगाने की दिशा में अपने इस संबंध को और बढ़ाने तथा मजबूत करने के लिए बेहद खुश हैं.

## गोगो दीदी योजना पर कांग्रेस का तंज

# जैसे पूत के पांव पालने में नजर आती है, वही हाल है फॉर्म का

विशेष संवाददाता। रांची

गोगो दीदी का फॉर्म भरवाने को लेकर उपजे विवाद पर कांग्रेस भी कूद गयी है. प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि जैसे पूत के पांव पालने में नजर आते हैं, उसी प्रकार भाजपा की गोगो दीदी योजना के फॉर्म की सच्चाई नजर आती है. सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा की भाजपा ने कौन सा ऐसा बैंक खोल दिया, जिसमें बिना खाता नंबर के पैसा भेजा जाएगा. मतलब साफ है कि वोट के लिए राज्य की बहनों, बेटियों के साथ भाजपा फिर छल कर रही है. इनकी नीयत में खोट है. ये बेटियों को सबल बनाना नहीं बल्कि बोट बैंक के रूप में सिर्फ इस्तेमाल करना चाहती है. मंईयां सम्मान योजना से डरी भाजपा अब पूरी तरह बौखला गई है. अपने 10 सालों के शासनकाल में बेटियों को प्रताड़ित करने वाली भाजपा को झारखंड में चुनाव के वक्त बेटियों की चिंता सता रही है. सिन्हा ने कहा कि जब इस राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब भाजपा ने महिलाओं के सम्मान के लिए कितनी योजनाएं धरातल पर उतारी, उसका हिसाब देना चाहिए. चुनाव के वक्त बेटियों के सम्मान की बात करना भारतीय जनता पार्टी को शोभा नहीं देता. महागठबंधन सरकार की इच्छाशक्ति के आगे भाजपा की हर घोषणा फेल हैं. जनता का विश्वास महागठबंधन सरकार पर है, इस चुनाव में भाजपा हाशिये पर चली जाएगी.

## गोगो-दीदी योजना से डरी हुई है झामुमो, कांग्रेस और राजद: बाउरी

- सीएम का यह डर अच्छा है

प्रमुख संवाददाता। रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कोई राज्य की महिलाओं को हक देने का प्रयास कर रहा है तो सीएम हेमंत को परेशानी है. अगर बांग्लादेशियों को किसी योजना का लाभ देना होता तो सीएम समर्थन में सबसे आगे खड़े होते. लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी ठगबंधन खुलेआम महिलाओं से फॉर्म भरवा रही थी. तब मुख्यमंत्री को आनंद की अनुभूति हो रही थी. यह नियम आचार संहिता लगने के पश्चात की है. आचार संहिता लगने के पूर्व अगर कोई राजनीतिक दल अपने वादों को लेकर राज्य की जनता के समक्ष जाता है, तो उसमें क्या समस्या है? समस्या सिर्फ वैसे लोगों को है जिनकी जमीन खिसक चुकी है.

**समय बदलेगा, परिस्थितियों बदलेंगी**

राज्य के अफसरों पर निशाना साधते हुए कहा कि वैसे पदाधिकारी भी ध्यान रखें: "समय बदलेगा, परिस्थितियों बदलेंगी", ऐसा कोई कार्य न करें कि एक राजनीतिक दल का कार्यकर्ता होने का मुहर लग जाए और भविष्य में परेशानियां खड़ी हो. राज्य में भाजपा नेतृत्व की सरकार आएगी. राज्य की हर महिला को महीने की 11 तारीख को 2100 रुपए दिए जाएंगे. इसे कोई भी कुंठित मानसिकता नहीं रोक सकती.

# 2006 से बंद पड़ा केंद्रीय विद्यालय फिर से खुलेगा

- रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का प्रयास रंग लाया
- खलारी के लोगों को मिला नवरात्र का उपहार

संवाददाता। रांची

रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने नवरात्रि के अवसर पर डकरा खलारी क्षेत्र को नयी सौगात दी है. वर्ष 2006 से बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय एक फिर शुरू होने वाला है. सत्र 2025- 26 से यहां शिक्षा भी शुरू हो जाएगी. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि डकरा खलारी का केंद्रीय विद्यालय फिर शुरू हो, यहां के बच्चों को अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था, अच्छा शैक्षणिक माहौल मिले, इस दिशा में उनका प्रयास सांसद बनने के साथ ही 2019 से आरंभ किया था. कोयला मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय के बाद अब सुखद परिणाम सामने आया है. सीसीएल द्वारा फिर उस केंद्रीय विद्यालय को शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे शिक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है. इसे शुरू करने की स्वीकृति भी दे दी है. शैक्षणिक क्षेत्र 2025 - 26 से इस विद्यालय में नामांकन और पढ़ाई शुरू हो जायेगी.

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में केंद्रीय विद्यालय के पुराने भवन का ही जीर्णोद्धार किया जायेगा. इस भवन को बेहतर स्थिति में बनाकर विद्यालय के पठन पाठन का कार्य आरंभ किया जायेगा. इसके बाद ही जल्द नया भवन भी तैयार होगा, इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है. नया भवन अत्याधुनिक होगा, जहां बच्चों के लिए कई सुविधाएं होंगी. मंत्री ने कहा कि यहां केंद्रीय विद्यालय के शुरू होने से क्षेत्र के कामगारों ग्रामीण नागरिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल पायेगी. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की पहल धरातल पर उतरने से पूरे क्षेत्र के नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ता में खुशी की लहर है.

**बदलाव** 12 पुलों का काम 60 से 90 फीसदी तक पूरा

# झारखंड में बढ़ रही पुलों से सड़कों की कनेक्टिविटी

- चार पुलों का निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है
- फिलहाल राज्य में 84 पुल चालू हैं

रवि भारती। रांची

झारखंड में पुलों से सड़कों को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है. फिलहाल पथ निर्माण विभाग राज्य के विभिन्न जिलों में 28 पुलों का निर्माण कार्य कर रहा है. इसमें से 12 पुलों का काम 60 से 90 फीसदी तक पूरा हो चुका है. चार पुल का निर्माण काम पूरा हो गया है. इसमें उत्तर प्रदेश और ओडिशा बॉर्डर को जोड़ने वाले पुल भी शामिल हैं. इसका निर्माण मुसाबनी-डुमरिया के बीच हो रहा है. इस पुल का निर्णाण कार्य 82 फीसदी पूरा हो चुका है.

**किन पुलों का कितना काम हुआ पूरा**

| पुल निर्माण का क्षेत्र | लागत(करोड़ में) | काम(प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| मुसाबनी-डुमरिया | 39.93 | 82 |
| पिपला मोड़-घोड़ाबांधा | 13.66 | 25 |
| धालधूम गढ़ | 12.68 | 85 |
| गोविंदपुर बाइपास | 163.53 | 00 |
| सरायकेला-खरसांवा | 6.92 | 90 |
| कांड्रा चांडिल रोड | 18.37 | 90 |
| तीनपहाड़-धमधमिया | 93.94 | 00 |
| पथना-हिरणपुर | 5.91 | 00 |
| बोरियो बाजार | 6.81 | 00 |
| भंडारीडीह-तुपकाडीह | 40.00 | 85 |
| कोनार नदी(गोविंदपुर) | 6.93 | 80 |
| डुमरी-नवाडीह-बेरमो | 14.74 | 05 |
| रजरप्पा रोड | 15.13 | 100 |
| मुगमा-चिरकुंडा | 54.34 | 00 |
| नवागढ़-तोपचांची रोड | 6.87 | 92 |
| हेसापाड़ा-कुसुमडीह | 11.48 | 60 |
| विश्रामपुर से भेलवा | 11.87 | 00 |
| लेस्लीगंज | 23.93 | 82 |
| कनहर बराज के पास धुरकी प्रखंड | 21.12 | 00 |
| लातेहार सरयू कोटाम रोड | 6.10 | 43 |
| गिरिडीह-देवघर रोड | 6.17 | 19 |
| चैनपुर-नौगेन | 6.75 | 100 |
| चैनपुर-घाघरा | 20.72 | 100 |
| भंडरा-सेन्हा रोड़ | 10.54 | 65 |
| रुक्का-सालहन | 36.41 | 94 |
| रांची-हटिया स्टेशन के बीच | 11.92 | 80 |

**ये पुल हैं तैयार :** रामगढ़ के रजरप्पा में सड़क पर बनने वाले पुल का निर्माण पूरा हो चुका है. इस पर 15.13 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. इसके अलावा चैनपुर-नौगेन-जयरागी सड़क पर बने पुल का निर्माण पूरा हो गया है. इस पर 6.75 करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं. चैनपुर-घाघरा और कामडारा-बेड़ो के बीच पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. चैनपुर-घाघरा के बीच बने पुल के निर्माण कार्य में 20.72 करोड़ और कामडारा-बेड़ो के बीच बने पुल में11.37 करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं.

# सात माह में 118 एसटी-एससी महिलाओं के साथ हुआ दुष्कर्म

- 12 जिलों में एसटी-एससी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की एक भी घटना नहीं
- रांची में सर्वाधिक 89 एसटी-एससी महिलाओं के साथ दुष्कर्म का केस

वरीय संवाददाता। रांची

झारखंड में बीते सात माह में 118 अनुसूचित जाति-जनजाति महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं. झारखंड पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, सभी दुष्कर्म की वारदातें जनवरी से जुलाई महीने के बीच हुई हैं. राज्य के 12 जिलों में दरिंदों ने इस घटना को अंजाम दिया है. रांची में सर्वाधिक 89 एसटी-एससी महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ है. वहीं अन्य 12 जिलों में एक भी एसटी-एसटी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना नहीं हुई है. इनमें गढ़वा, लातेहार, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा, दुमका और साहिबगंज शामिल हैं

**झारखंड के किन 12 जिलों में हुईं दुष्कर्म की घटनाएं**

| | | |
|---|---|---|
| रांची | : | 89 |
| खूंटी | : | 01 |
| सिमडेगा | : | 01 |
| लोहरदगा | : | 16 |
| पलामू | : | 03 |
| हजारीबाग | : | 01 |
| चतरा | : | 01 |
| गिरिडीह | : | 01 |
| धनबाद | : | 01 |
| गोड्डा | : | 01 |
| देवघर | : | 01 |
| पाकुड़ | : | 02 |
| कुल | : | 118 |

## ईडी के नाम पर रांची में करोड़ों की वसूली!

**रांची।** ईडी के नाम पर रांची में करोड़ों की वसूली का मामला सामने आया है. इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं मामला सामने आने के बाद पंडरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी गयी है. जानकारी के मुताबिक, कई सीओ को ईडी की कार्रवाई से दूर रखने के नाम पर यह वसूली की गई है. बताया जा रहा है, ईडी की कार्रवाई दिखाकर और ईडी की चार्जशीट से दूर रखने के नाम पर कई लोगों से करीब सात करोड़ रुपये वसूले गए हैं. बताया जा रहा है कि कई सीओ जमीन से जुड़े मामले में ईडी के रडार पर थे. फिलहाल मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गयी है. वहीं मामले में दूसरे पक्ष के द्वारा भी एफआईआर दर्ज करा दी गयी है. आवेदन में अपहरण और जबरन पैसे वसूलने का आरोप लगाया गया है. दूसरे पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुजीत कुमार की ओर से यह आरोप लगाया है. जबकि संजीव पांडे द्वारा ठगी का आरोप अधिवक्ता सुजीत पर लगाया गया है.

* * www.lagatar.in रांची, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 06, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 180 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



शारदीय नवरात्र

षष्ठं कात्यायनी



*चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥*

*जगज्जननी भगवती दुर्गा के जिस विग्रह की उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है, रोग, शोक, पाप, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं, जिनकी उपासना से परम पद की प्राप्ति होती है, उन भगवती कात्यायनी को भक्तिपूर्वक नमन करता हूं. शारदीय नवरात्र के छठे दिन 8 अक्टूबर को भगवती कात्यायनी के ही दर्शन-पूजन का विधान है. मां कात्यायनी स्वर्ण के समान भास्वर हैं. इनकी चार भुजाएं हैं. दायीं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में. मां के बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है और नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है. इनका वाहन सिंह है. इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है. पुत्री के रूप में भगवती परांबा को प्राप्त करने के लिए महर्षि कात्यायन ने कठिन तपस्या की थी. मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया. इसलिए उन्हें कात्यायनी की संज्ञा प्राप्त हुई. ब्रज की गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने की कामना से इनकी आराधना की थी.*

*-डॉ. विनय कुमार पांडेय*

# चौका के नरसिंह इस्पात में मजदूर की मौत, बवाल

**उठाये सवाल**

- शाम में बिगड़ी हालत तो, रात 12 बजे परिजनों को क्यों दी सूचना

**डायरेक्टर बोले**

- हमने समय पर इलाज के लिए पहुंचाया, परिजनों व ग्रामीणों की मांगों पर एमडी से बात कर बताएंगे

**दिलीप कुमार। चांडिल**

## मजदूरों का आरोप : जहरीली गैस लीक करने के कारण बिगड़ी हालत





17 जून को प्रकाशित खबर.

चौका के नरसिंह इस्पात कंपनी के मजदूर सुरेश महतो की मौत के बाद गुस्साए परिजनों, कामगारों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया. सोमवार शाम छह बजे जैसे ही एंबुलेंस से सुरेश का शव पहुंचा, साथी मजदूर उत्तेजित हो गये. काफी संख्या में सुरेश के गांव व ससुराल के ग्रामीण भी कंपनी गेट पर पहुंच प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे.कंपनी गेट के बीचोबीच एंबुलेस खड़ा कर हंगामा करने लगे.

परिजनों का आरोप था कि कारखाना में जहरीली गैस के रिसाव के कारण सुरेश की तबीयत बिगड़ी गई थी. लेकिन कंपनी प्रबंधन ने इलाज कराने में देर कर दी, जिससे उसकी मौत हो गयी. ग्रामीण कंपनी प्रबंधन पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ ही साथ परिजनों को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी देने की मांग कर रहे थे. मजदूरों का कहना था कि कारखाना में न तो प्राथमिक इलाज की कोई व्यवस्था है और न ही एंबुलेस की. ड्यूटी के दौरान मजदूरों के साथ कोई हादसा होता है, तो समय पर इलाज नहीं हो पाने के कारण मजदूर की मौत हो जाती है. वहीं परिजनों का आरोप था कि जब शाम में ही सुरेश की हालत बिगड़ी, तो प्रबंधन ने उन्हें उसी वक्त क्यों नहीं सूचना दी, ताकि वे उनका समय पर इलाज करा पाते. प्रबंधन ने आखिर रात 12 बजे जब ज्यादा हालत खराब हुई, तो सूचना दी और रिम्स, रांची ले जाने के संबंध में जानकारी दी. आखिर प्रबंधन ने समय पर इलाज की व्यवस्था क्यों नहीं की. उधर मामले की जानकारी मिलने के बाद जेबीकेएसस के केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो, आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप सहित काफी संख्या में दोनों पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता कंपनी गेट पर हंगामा करने लगे. हंगामे की सूचना पाकर बीडीओ तालेश्वर रविदास व चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो पुलिस के साथ पहुंचे और हंगामा कर रहे ग्रामीणों व कारखाना के मजदूरों को समझा-बुझा कर शांत कराने की कोशिश की.

पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद हंगामा बढ़ता गया. बीडीओ के दबाव में कंपनी के डाइरेक्टर अजय सिंह गेट से बाहर आये. उन्होंने अपना पक्ष रखा, बताया कि समय पर सुरेश के इलाज के लिए चांडिड में ही एक स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया था. वहां से उसे टीएमएच ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने रिम्स, रांची रेफर कर दिया. लेकिन हम सुरेश को बचा न सके. मजदूरों की मांगों पर उन्होंने कंपनी के प्रबंध निदेशक से बातचीत करने की बात कही और अंदर चले गये. उधर अजय सिंह को देखते ही मजदूर उत्तेजित हो गए थे, जिन्हें थाना प्रभारी ने संभाले रखा. मजदूरों का गुस्सा देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल को कारखाना के सामने तैनात रखा गया है. बीडीओ और थाना प्रभारी प्रबंधन से सम्मानजनक वार्ता कराने का प्रयास कर रहे हैं. उधर जेबीकेएसएस के उपाध्यक्ष तरुण महतो ने साफ कह दिया कि मजदूरों की मांग नहीं मानी गयी, तो कंपनी प्रबंधन का हुक्का-पानी बंद कर दिया जाएगा. उन्होंने कंपनी के जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग की.

**परिजनों ने कहा**

## मुंह से निकल रहा था झाग

परिजनों व स्थानीय लोगों ने कहा कि सुरेश महतो बी शिफ्ट ड्यूटी करने आये थे. शाम को उनकी तबियत खराब हुई तो डाइरेक्टर को सूचना दी गयी. लेकिन वे कारखाना नहीं आये. सुरेश को एक कमरे में लेटा दिया गया था. उसके मुंह से झाग निकल रहा था, लेकिन प्रबंधन की ओर से तत्काल इलाज की कोई व्यवस्था नहीं की गयी. बाद में उसे कैंपर गाड़ी (डाला गाड़ी) पर लाद कर इलाज के लिए ले जाया गया. यदि चौका के डॉक्टर के पास ले जाया गया था, तो वहां इलाज का कोई परची तो होगा न. परिजनों का कहना है कि समय पर प्रबंधन इलाज की व्यवस्था नहीं कर सका, जिससे उनके साथी की मौत हो गयी. जब सुरेश को रिम्स ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सुरेश के साला विदेश महतो ने बताया कि शाम को इलाज की व्यवस्था की गई होती, तो बहनोई सुरेश की जान बचाई जा सकती थी. लेकिन न तो कारखाना में इलाज की कोई व्यवस्था है और न एबुंलेस की. देर रात 12 बजे उन्हें फोन पर सुरेश की तबीयत खराब होने की सूचना दी गयी थी.

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.7 | 24.8 |
| जमशेदपुर | 33.3 | 25.0 |
| डालटनगंज | 33.0 | 25.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,000 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

## ब्रीफ खबरें

### अमेरिकी वैज्ञानिक एम्ब्रोस व रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल

**जेनेवा।** विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को संयुक्त रूप से 2024 के चिकित्सा के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल अकादमी ने सोमवार को इसकी घोषणा की. इस साल का अवॉर्ड 1901 के बाद से चिकित्सा में दिया जाने वाला 115वां नोबेल है. 229 विजेताओं में से 13 महिलाएं भी हैं. जीन गतिविधि को विनियमित करने वाले मौलिक सिद्धांत की खोज के लिए वैज्ञानिकों को ये पुरस्कार दिया गया. विक्टर एम्ब्रोस व गैरी रुवकुन इस बात में रुचि रखते थे कि विभिन्न कोशिकाओं के प्रकार कैसे विकसित होते हैं. उन्होंने माइक्रोआरएनए की खोज की, जो छोटे आरएनए अणुओं का एक नया वर्ग है जो जीन विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

### बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, सात खनिकों की मौत

**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में कोयला खदान में जोरदार विस्फोट हुआ हैं. इस हादसे में कोयला खदान में काम कर रहे सात मजदूरों की मौत हो गई. विस्फोट में कई लोग घायल भी हुए हैं. हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है. पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह भदुलिया ब्लॉक की कोयला खदान में हुई. हालांकि, पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि. ने दावा किया है कि उसकी खदान में विस्फोट के कारण पांच लोगों की जान चली गई.



### सीएम ने सभी डीसी को दिया निर्देश, चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं

# सरकार और भाजपा के बीच ठनी

**रवि भारती। रांची**

**हिमंता विस्वा सरमा बोले**

- हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का नहीं कर रहे उल्लंघन

**गिरिडीह जिला प्रशासन ने कहा**

- गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना राज्य में संचालित नहीं

सीएम हेमंत सोरेन के एक आदेश के बाद राज्य सरकार और भाजपा में ठन गई है. सीएम ने सोमवार को सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा है कि सभी जिलों के डीसी संज्ञान लें और सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो. झारखंड में किसी को चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं है. सभी डीसी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें. साथ ही सुसंगत धाराओं में मुकदामा कायम करते हुए सूचना दें. सीएम के इस निर्देश के बाद असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है. अधिसूचना जारी होने तक, प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है. जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा.

**हेमंत ने एक्स पर क्या लिखा :** सभी उपायुक्त संज्ञान लें एवं सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो. झारखंड में किसी को केंद्रीय चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आज़ादी नहीं है. सभी उपायुक्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए सूचना दें.

**झामुमो ने की भाजपा की शिकायत :** झामुमो ने भी भाजपा की शिकायत की है. झामुमो की ओर से ट्वीट कर कहा गया है कि भाजपा लगातार निर्वाचन आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है - और चुनाव आयोग सो रहा है. सवाल करते हुए लिखा है कि आख़िर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या ? आख़िर इतनी छूट के बाद भी 240 ही क्यों ? चुनाव आयोग कहता है कि किसी भी तरह का फॉर्म नहीं भरवाया जा सकता है. पर भाजपा के नेता, दल बदलू लगातार इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग शांत है. सीएम इस पर संज्ञान लें, नहीं तो इंडिया गठबंधन भी अब ऐसे हथकंडे अपनाएगा.

**ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से रहें सावधान :** उधर, इस संबंध में मीडिया में कुछ विज्ञापन आने के बाद सभी जिला प्रशासन सतर्क हो गए हैं. ई सिलसिले में गिरिडीह जिला प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100 रुपए प्रति महिलाओं को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है. इस संबंध में सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा के तहत गिरिडीह जिले में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है. न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है. आम लोगों से अनुरोध भी किया गया है कि कि ऐसे भ्रामकों विज्ञापन से सावधान रहें. सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक के हस्ताक्षर से यह विज्ञप्ति जारी की गई है.

## मैं खुद भरवाऊंगा गोगो दीदी योजना का फॉर्म, सरकार दर्ज कराए केस बाबूलाल



आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही सीएम हेमंत सोरेन द्वारा जिला उपायुक्तों को अपने एक्स हैंडल से दिए गए निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान और समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं. ऐसा लगता है उन्हे संवैधानिक ज्ञान का अभाव है. वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं. पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा भाजपा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है. इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे. इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके. हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है. भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जाएं. हेमंत सोरेन को एक बार फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, भाजपा कार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं. पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे.




### भाजपा कार्यकर्ताओं से की अपील

भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते करते हुए कहा कि वे गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के कार्य को हर घर तक पहुंचाएं. राज्य की महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके उत्थान के लिए इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें. आपकी मेहनत से राज्य की महिलाएं सशक्त होंगी और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा. सभी कार्यकर्ता बंधुओं को आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि मैं खुद भी स्वयं आप लोगों के साथ मिल कर अपनी माताओं बहनों के बीच जाकर उनकी उन्नति और प्रगति के लिए गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाऊंगा. भाजपा कार्यकर्ता महिला कल्याण के लिए हजारों केस मुकदमा, लाठी गोली खाने को तैयार हैं.

## किंग कौन, किंग मेकर कौन आज हटेगा परदा

*एग्जिट पोल के नतीजों से इंडिया ब्लॉक गदगद*

*भाजपा का भी सरकारें बनाने का दावा*

**लगातार न्यूज। नेटवर्क**

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना मंगलवार सुबह शुरू होगी. इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है. रुझान 10 बजे से मिलने की उम्मीद है. सभी एग्जिट पोल की मानें तो 90 सीटों वाले हरियाणा में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बन सकती है. वहीं जम्मू कश्मीर में भी इंडिया गठबंधन की सरकार बन सकती है. 90 सीटों वाले जम्मू-कश्मीर के चुनाव नतीजे से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में पहली निर्वाचित सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा. एग्जिट पोल के नतीजों से इंडिया ब्लॉक दावा कर रहा है कि भाजपा हार रही है.

**हरियाणा-जम्मू कश्मीर में मतगणना आज**



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि एग्जिट पोल के अनुसार पीएम का जलवा खत्म हो गया. वहीं कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर आए एग्जिट पोल नतीजों को दिशा दिखाने वाला बताया. साथ ही दावा किया कि भारी बहुमत से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने वाली है.

वहीं भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा, लालू यादव को इंतजार करना चाहिए. उन्हें एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करना चाहिए. हरियाणा में हम मजबूत स्थिति में हैं और जम्मू-कश्मीर में हम सरकार बना रहे हैं. नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि जम्मू-कश्मीर में गठबंधन की सरकार बन रही है. इस पर आरपी सिंह ने कहा, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं. जम्मू-कश्मीर में नतीजों से एक दिन पहले ही राजनीति गरमा गई है. क्या जरूरत पड़ने पर कांग्रेस-नेकां, पीडीपी की मदद लेगी, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाने के लिए महबूबा मुफ्ती की पार्टी का समर्थन लेने पर विचार को लेकर तैयार है. उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पांच आरक्षित सीटों पर सदस्यों को नामित करने का अधिकार उपराज्यपाल को देने के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यदि भाजपा नीत केंद्र सरकार इस पर आगे बढ़ती है तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी.

### सीएम हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में अपोलो मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की रखी आधारशिला, कहा

# रांची को जल्द मिलेगी बड़े शहरों जैसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सुविधा

**कौशल आनंद। रांची**

अब राजधानी रांची में भी बड़े शहरों जैसी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की सुविधा उपलब्ध होगी. राज्य सरकार और अपोलो ग्रुप मिल कर रांची की स्मार्ट सिटी में मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल बनाएंगे. इसकी आधारशिला सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी और अपोलो ग्रुप की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर प्रीता रेड्डी ने रखी.

इसी मौके पर इस्लाम नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्मित 291 आवासों का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री ने किया. उन्होंने पांच लाभुकों मो. शफीक, अब्दुल बारी, रूबीना खातून, मौलाना तफजुल हुसैन, तहिरा मुसाजी आदि को चाबी भी सौंपी. इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, नगर विकास सचिव सुनील कुमार आदि भी मौजूद थे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि 310 बेड के इस मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोग, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, दयालु मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी. यह अस्पताल आपके जीवन के हर चरण में आपके साथ रहेगा. झारखंड स्वास्थ्य को लेकर हमेशा चिंतित रहा है. -शेष पेज 11 पर



अपोलो मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद

**मुख्यमंत्री ने इस्लाम नगर के 291 विस्थापितों को सौंपी आवास की चाबी**



इस्लाम नगर के लाभुकों को घर की चाबी सौंपते सीएम हेमंत सोरेन.

### अस्पताल में रहेगी ये व्यवस्था और सुविधा

- झारखंड के लोगों को नई दिल्ली,चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों की ओर भाग-दौड़ नहीं करनी होगी
- **310 बेड के इस मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में प्रसिद्ध हृदय देखभाल, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, दयालु मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी.**
- इस अस्पताल का निर्माण रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में 2.75 एकड़ जमीन पर होगा.
- **रांची नगर निगम की ओर से इस जमीन नि:शुल्क अपोलो प्रबंधन को उपलब्ध कराई गई है.**
- यहां हमेशा अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर और न केवल प्रौद्योगिकी के साथ जीवन रक्षक दवाओं तथा अभूतपूर्व प्रक्रियाओं के वादे के साथ सुसज्जित आईसीयू तैयार रहेगा.
- **इस अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहेगी.**

## शेयर बाजार के लिए ब्लैक मंडे: 9 लाख करोड़ और डूबे

**एजेंसियां। मुंबई**



हफ्ते का पहला कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए ब्लैक मंडे साबित हुआ. विदेशी निवशकों की तेज बिकवाली के चलते लगातार छठे कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार तेज बिकवाली के साथ बंद हुआ. बैंकिंग, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स स्टॉक्स पर सबसे ज्यादा मार पड़ी. कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स औंधे मुंह जा गिरे. कारोबार खत्म होने पर बीएसई 638 अंकों की गिरावट के साथ 81050 अंकों पर क्लोज हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 198 अंकों की गिरावट के साथ 24,817 अंकों पर क्लोज हुआ. सोमवार के कारोबार में बैंकिंग और एनर्जी स्टॉक्स की सबसे ज्यादा पिटाई हुई. निफ्टी बैंक 837 अंकों या 1.63 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ. जबकि निफ्टी का एनर्जी इंडेक्स 2.52 फीसदी या 1050 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ. इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी, मेटल्स, मीडिया, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर गिर कर बंद हुए. निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स भी 1170 अंकों या 2 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 495 अंक या 2.75 फीसदी गिरकर क्लोज हुआ. केवल आईटी सेक्टर के शेयरों में थोड़ी हरियाली नजर आई.




## संस्कृत महाविद्यालय परिसर में किया गया शस्त्र पूजन

# दुर्गाष्टमी पर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने निकाली शोभायात्रा

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा मातृ शक्ति-दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को संस्कृत महाविद्यालय परिसर में शस्त्र पूजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत व प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित थे. शस्त्र पूजन के बाद बौद्धिक करते हुए कुसुम लता ने नारी सशक्तिकरण और समसामयिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. संस्कृत महाविद्यालय परिसर से निकली शक्ति संचलन-सह-शोभा यात्रा में लगभग 300 बहनें शामिल थीं. इस दौरान भव्य सजे चार पहिया वाहन पर मां दुर्गा और भारत माता की झांकी प्रदर्शित की गई थी. रानी दुर्गावती और महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाएं भी झांकी में शामिल था. बता दें कि इस वर्ष रानी दुर्गावती की पांचवीं जन्म शताब्दी वर्ष और महारानी अहिल्याबाई होलकर की तीसरी जन्म शताब्दी वर्ष मनाई जा रही है. शोभा यात्रा में साध्वी ऋतंभरा की प्रतिमा भी रखी गई, जिन्होंने दुर्गा वाहिनी का गठन किया था.

**शक्ति संचलन-सह-शोभा यात्रा में लगभग 300 बहनें शामिल थीं**

शोभा यात्रा भारत माता चौक, भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक, घास पट्टी मोर, पंचमुहान होते राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंचा. इसके बाद वहां शोभा यात्रा थाना रोड होते हुए वापस संस्कृत महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ. मौके पर विश्व हिंदू परिषद के पलामू विभागाध्यक्ष शिव प्रकाश, विभाग मंत्री कुमार गौरव, संगठन मंत्री विजय यादव, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, मंत्री दामोदर मिश्र, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह, अजीत पाठक व अनामिका सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक सोनू सिंह व हिमांशु पांडेय, विकास कश्यप, कामिनी सिंह, कनक सिंह, वंदना श्रीवास्तव, चंदा झा, शर्मिला सूमी, वंदना श्रीवास्तव, पप्पू लाठ, आनंद चौरसिया, शीतल तिवारी, सुरेश वर्मा, हिमांशु पांडेय, पप्पू सिंह, सोनू सिंह, राजीव सिंह, दिलीप गिरी आदि शामिल थे.

### जिप उपाध्यक्ष ने मॉडल स्कूल को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की

**बालूमाथ (लातेहार)।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त को पत्र लिखकर धाधू स्थित मॉडल विद्यालय से अतिक्रमण हटाने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि मॉडल विद्यालय में जहां प्लस टू तक की पढ़ाई होती है, विद्यार्थियों के लिए अच्छे कमरे और समुचित प्रयोगशाला की व्यवस्था अन्य विद्यालयों की तुलना में अच्छी है. अप्रैल 2022 में विद्यालय के चार कमरा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्किल डेवलपमेंट दे दिया गया. यह एक गैर सरकारी संस्था है. जिला शिक्षा अधिकारी के मौखिक आदेश पर मॉडल विद्यालय का चार कमरा उपलब्ध करा दिया गया. संस्था के द्वारा बेरोजगार युवकों को जैसे तैसे प्रशिक्षण की खानापूर्ति की गई. कहा गया कि आप लोगों को रोजगार बेरोजगारी भत्ता मिलेगा. लेकिन आज तक किसी बच्चे को कहीं न रोजगार और न हीं बेरोजगारी भत्ता मिला.

### मां की आराधना से क्षेत्र में आएगी सुख-शांति : पुष्पा

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को लेकर पलामू जिलावासी मां दुर्गे की आराधना में लीन हो गए हैं. वही भक्ति गीतों व मां दुर्गे के पाठ से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया है. इस बीच पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने अपने क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया. उन्होंने विभिन्न पूजा पंडालों में मां की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथी क्षेत्र में अमन चैन को लेकर मां दुर्गे से प्रार्थना की. विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि कई पूजा पंडाल में भ्रमण कर पूजा समितियां के बीच सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की. वहीं विभिन्न समितियों के बीच सहयोग राशि का भी वितरण किया है. इस दौरान कई लोग विधायक पुष्पा देवी के साथ थे.

## दशहरा पर्व को लेकर टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# मेडिकल प्लान, गोताखोर सीसीटीवी दुरुस्त रखें : डीसी

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी.इस अवसर पर उपायुक्त ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की. उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की.उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है. इसके अलावे इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वॉलेंटियर्स की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा. उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एम्बुलेंस को भी टैग किया गया है.

बैठक में डीसी ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुए. इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान, जहां प्रतिमा विसर्जन होगा वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालों में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया. उन्होंने सभी समितियों से अनुरोध किया कि वे अपने पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगायें. इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें.



टाउन हॉल में आयोजित शांति समिति की बैठक में डीसी शशिरंजन, एसपी रीष्मा रमेशन व अन्य..

### डीसी ने अधिकारी को लगायी फटकार

शांति समिति की बैठक के बीच में ही डीसी ने एक पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई . बैठक में अलग से डिस्प्ले कूलर और साउंड लगाने पर डीसी भड़क उठे . बैठक में डीसी ने पदाधिकारी से पूछा कि बेफिजूल खर्च कर किसने डिस्प्ले, साउंड और कूलर लगाया है . फिर पदाधिकारी ने डीसी बताया कि समाज कल्याण पदाधिकारी का एक कार्यक्रम रखा गया है उन्हीं के द्वारा डिस्प्ले ,कूलर और साउंड लगाया गया है . डीसी ने सुनकर बैठक में ही मंच से समाज कल्याण पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई . इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी की वेतन से काट कर भुगतान करने की भी बात कही .

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर :** बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नज़र रखने की बात कही. उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं,ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है. उन्होंने दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई करने की बात कही. उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्णशीर्ण अवस्था में ना रहे. इस कार्य हेतु अपर समाहर्ता से बेहतर को-ऑर्डिनेशन बनाये रखें.पंडालों में तैनात रहने वाले वालंटियर के बीच पहचान पत्र वितरण करने की बात कही. इसके अलावे उन्होंने पंडालों में फायर फाइटिंग सिस्टम के रखने की भी बात कही. उन्होंने सभी दंडाधिकारियों से अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से रहने की बात कही.

बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पूजा समितियां के प्रतिनिधियों से एसपी रीष्मा रमेशन ने पंडालों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने की बात कही.इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र,बिजली विभाग की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया.उन्होंने कहा कि पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है.

उन्होंने रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर पाइपलाइन युक्त वाटर टैंकर रखने की भी बात कही. उन्होंने कहा कि पर्व के मद्देनजर शहर का ट्रैफिक प्लान रेडी है.उन्होंने पूजा समितियों के लोगों से किसी प्रकार की घटना की जानकारी त्वरित रूप से पुलिस को देने की बात कही.उन्होंने कहा कि सभी पंडालो के बाहर पुलिस पदाधिकारियों के नंबर डिस्प्ले के लिए बैनर लगाया जायेगा.

### सेवानिवृत्त चौकीदार को एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने दी विदाई

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद थाना परिसर में एक चौकीदार के सेवानिवृति पर संघ द्वारा भव्य कार्यक्रम कर विदाई सह सम्मान दिया गया. मौके पर सेवानिवृत्त चौकीदार जवाहर पासवान को विदाई सह सम्मान कार्यक्रम में हुसैनाबाद अनुमण्डल पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, शामिल हुए. वहीं चौकीदार संघ के नेता सैयद मोहमद हुसैन ने संघ की ओर से संयुक्त रूप से माला,अंग वस्त्र, छाता व उपहार सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया. साथ ही थार जीप पर घुमाकर धूमधाम से विदाई दी. कार्यक्रम संबोधित करते हुए एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि सेवानिवृत्त एक सरकारी प्रक्रिया है. चौकीदार थाना के लिए नही बल्कि पूरी पुलिस के लिए सफलता के सूत्रधार होते हैं. हम जवाहर पासवान के सुखद व स्वस्थ जीवन का कामना करते हैं।

### उली पहाड़ी गांव में सड़क मरम्मत कार्य शुरू

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी और ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव (बी.डी.) प्रसाद के नेतृत्व में विश्रामपुर प्रखंड की गुरी पंचायत अंतर्गत उली पहाड़ी गांव में सड़क मरम्मत कार्य की शुरुआत की गई. इस पहल को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया, जिन्होंने इसका खुले दिल से स्वागत किया. मौके पर कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें सुरेन्द्र भारती, हरेराम भुइयां, संजय विश्वकर्मा, जयराम भुइयां, विजय यादव, बिहारी भुइयां और कृष्ण साहू थे.

## न्यूज अपडेट

### महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन के सर्विस सेंटर का उदघाटन



**मेदिनीनगर।** महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन ने पलामू में एक नए सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया. यह सर्विस सेंटर मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा के सामने खुला है. इस केंद्र का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवा और समर्थन प्रदान करना है. उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी संजय शर्मा एवं संजय ऑटोमोबाइल इंजीरियरिंग एंड स्पेयर सर्विस सेंटर के संचालक संजय कुमार ने ग्राहक का अभिनंदन किया और कंपनी के बारे मे जानकारी दी. संजय शर्मा ने बताया कि इस सर्विस सेंटर में आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ तकनीशियन और विस्तृत सर्विस विकल्प उपलब्ध है. महिंद्रा का यह कदम ग्राहक संतोष और सेवा गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में पलामू प्रमंडल के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है. बता दें कि इस महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन के वर्कशॉप में सभी कॉमर्शियल वाहन जो कि 3.5 टन से 55 टन तक की सर्विसिंग आधुनिक तकनीकी द्वारा की जाएगी. अब पलामू में सर्विस सेंटर खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा. मौके पर झारखंड एरिया मैनेजर उत्तम दत्ता, सर्विस मैनेजर चंदन सिंह और इंजीनियर नीरज कुमार एवं वर्क्स मैनेजर अंशु रंजन पांडेय ने अपना योगदान दिया.

### मां कालिका इंटरप्राइजेज का हुआ उदघाटन



**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के किशनपुर में किशुनपुर में मां कालिका इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, पूर्व मुखिया किशनपुर पंचायत धीरेंद्र नारायण उपाध्याय संजय सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा पाटन पूर्व राजद के जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. ओपी प्रभारी किशनपुर निलेश कुमार ने कहा कि किशनपुर में दुकान खुलना बहुत बड़ी बात है. शहर वाली सुविधा गांव में मिलना प्रगति का प्रतीक है. मौके पर दुकान के संचालक विनोद कुमार सोनी ने कहा कि शहर वाली सुविधा देना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, महेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, शशिकांत दुबे, प्रमोद सिंह, मुकेश ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, आनंद साब, संतोष मिश्रा, दशरथ साव, सैलेश मेहता, अर्जुन तिवारी, राहुल सोनी, रोहित सोनी मौजूद थे.

### माया से बचने के लिए प्रभु से प्रेम जरूरी: जीयर स्वामी

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा में चल रहे चातुर्मास व्रत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने कहा कि माया से बचना बहुत मुश्किल है. इससे बचने का मात्र एक रास्ता है मायापति नारायण का शरणागति हो जाना. राजा परीक्षित ने सुखदेवजी महाराज से पूछा कि संसार में रहकर माया पर विजय कैसे प्राप्त किया जा सकता है. सुखदेवजी महाराज राजा परीक्षित से कहते हैं कि भगवान श्रीमननारायण ने कहा है कि प्रपाति और शरणागति द्वारा ही मेरी माया से बचा जा सकता है. माया से कोई बचता नहीं है और ना ही बचेगा ब्रह्माजी भूत भावन शंकर जी देवराज इंद्र को भी मेरी माया मोह लेती है इससे कोई नहीं बच पाता तो हम और आप क्या चीज है. स्वामीजी महाराज ने कहा कि हमेशा भगवान की कृपा मानकर उनके चरणों में प्रेम करना चाहिए.

### बेटियों के संरक्षण के लिए दहेज का अंत जरूर : डॉ मिश्र

**मेदिनीनगर ।** बड़कागांव के हनुमान गढ़ी में चल रहे दुर्गा पूजा सह नवरात्र प्रवचन के चौथे दिन वाराणसी से पधारे मानस प्रवक्ता डॉ मदन मोहन मिश्र ने समाज में व्याप्त दहेज की समस्या पर कड़ा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि धनुष टूटने में देरी होते देख राजा जनक चिंतित हो उठे थे. आज दहेज रूपी धनुष ने दानव का विकराल रूप धारण कर लिया है और इसे तोड़ने के लिए हम कुछ भी नहीं कर रहे हैं. ऐसे में बेटियां कुंभला रही हैं और बेटी के बाप कराह रहे हैं. दहेज का दानव वस्तुतः मानवता के लिए बड़ा खतरा बन गया है. डॉ मिश्र ने कहा कि भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर दहेज के कोढ़ का उन्मूलन किया जा सकता है. मानस कोकिला सुधा पाण्डेय ने जनकपुर में विवाहोत्सव के क्रम में भगवान राम का बाग में प्रवेश के समय माली के साथ किये मधुर संवाद का मनमोहक वर्णन किया.

### विधान से समाधान : महिलाओं को किया गया जागरूक



**लातेहार ।** सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिलाओं को जागरूक व सजग करने के लिए विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया ने नालसा द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी. उन्होने कहा कि महिलाएं अपनी शिकायत घर बैठे ही नालसा के टॉल फ्री नंबर पर कर सकती हैं. इसमें त्वरित कार्रवाई कर उनकी शिकायत का निष्पादन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, कारखाना कामगारों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, तस्करी की शिकार महिला व बच्चियों, एसिड अटैक व रेप की पीड़िता सहित वैसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आमदनी तीन लाख से कम है, उन्हें फ्री में लीगल सेवा प्रदान करता है.

- महिलाएं नालसा के टॉल फ्री नं 15100 पर अपनी शिकायत दर्ज करें, होगी तुरंत कार्रवाई : सचिव

### लोहरा समाज का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**चंदवा (लातेहार)।** आदिवासी लोहरा समाज का प्रखंड स्तरीय बैठक कृषि फार्म चंदवा के प्रांगण में किया गया. बैठक की अध्यक्षता समाज की महिला दारा व संचालन राकेश लोहरा किया. बैठक में विशेष रूप जाति प्रमाण पत्र बनाने पर चर्चा की गयी. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश नाथ लोहरा, महासचिव बीरेंदर नाथ लोहरा, मच्छीन्दर लोहरा, बीरेंदर लोहरा सुलेन्दर लोहरा,नरेश लोहरा, बबिता देवी, गुल्फी देवी, किरण देवी आदि उपस्थित थे.

## बिजली बहाल कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

- हरातू पंचायत में 11 माह से बिजली नहीं है, ढिबरी युग में जी रहे हैं लोग
- विधायक ने कहा कि समस्या का किया जाएगा समाधान

**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**

सोमवार को प्रखंड के हरातू पंचायत की मुखिया सावित्री देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उन्होने बताया है कि उनके पंचायत क्षेत्र में पिछले लगभग 10- 11 महीना से बिजली नहीं है. इस कारण लोग पिछले लगभग एक साल से ढिबरी युग में जीने को विवश हैं. ग्रामीणों ने आगे कहा कि पंचायत के लादी ग्राम में जब से बिजली का तार लगाया गया है, तब से एक दिन भी बिजली का बल्ब नहीं जल पाया है. बिजली का तार और पोल शोभा की वस्तु बन कर रह गयी है. बिजली विभाग के अलावा स्थानीय जन प्रतिनिधियो को कई बार इसकी शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. ग्रामीणो ने तत्काल बिजली सेवा चालू करने की मांग की. विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा. इसके लिए वे संबंधित विभाग व प्रशासन के अधिकारियों से बात करेंगे. मौके पर पंचायत समिति सदस्य तेतरी देवी, कृष्ण प्रसाद साहू, जनेश्वर सिंह, रंजीत कुमार, अंजली देवी, पिंटू सिंह, विजय सिंह एवं अजय सिंह समेत काफी संख्या में हरातु पंचायत के ग्रामीण थे.

### बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ दिया धरना



**नौडीहा बाजार।** बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को ग्राम मायापुर सब-स्टेशन परिसर में ग्रामीणों ने धरना दिया. पांच सूत्री का मांग पत्र महाप्रबंधक के नाम से दिया गया.

## जनता का प्यार हमारी पूंजी है: कमलेश सिंह

**संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)**

भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद आने की सूचना मिलते ही ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह गाजे-बाजे फूल माला के साथ उनका स्वागत किया. हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के जपला छतरपुर सड़क में प्रवेश करते ही उनका गाजे बाजे से सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया. जपला नहर मोड़ तक आधा दर्जन स्थानों पर उन्हें रोक कर उन्हें फूल माला देकर ग्रामीणों ने स्वागत किया. नहर मोड़ पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जनता व कार्यकर्ताओं का यह प्यार का वह आभार जताते हैं. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के लोगों का यही अपनत्व उनसे दूर नहीं होने देता है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनके राजनीति का सबसे बड़ा कारण है. क्षेत्र का तेजी से विकास व अपने धर्म व संस्कृति का संरक्षण डबल इंजन की सरकार में हो सके, इसके लिए उन्होंने भाजपा में जाने का निर्णय लिया. उन्होंने कहा कि राह नई जरूर उन्होंने चुना है, मगर कमलेश का संकल्प वही है. उन्होंने कहा कि हमेशा हुसैनाबाद हरिहरगंज को विकास के मामले में आगे रखने का उनका इरादा रहा है, इसे आगे भी जारी रखने की कोशिश करेंगे.



- भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे विधायक ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत
- जपला छतरपुर रोड में जगह जगह गाजा बाजा फूल माला के साथ ग्रामीणों ने किया स्वागत

**सहयोग की अपील** 8 लाख 20 हजार की कर ली गई निकासी, जांच के लिए पांडू अंचल निरीक्षक को किया गया है अधिकृत

# साइबर का शिकार जयनाथ न्याय के लिए दर-दर की खा रहा ठोकरें

**संवाददाता। विश्रामपुर(पलामू)**

उंटारी प्रखंड के कुटमू गांव निवासी जयनाथ मेहता साइबर क्राइम का शिकार हो गए. 27 जुलाई को इनके खाते से 8 लाख 20 हजार रुपये गायब हो गये. इस संबंध में उंटारी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई. थाना प्रभारी दीपक कुमार द्वारा पांडू अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान को इन्वेस्टिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है. इस मामले में दो आरोपी शेख सद्दाम व रंजीत कुमार को गिरफ्तार भी किया गया. इसमें रंजीत कुमार को छोड़ दिया गया, जबकि शेख सद्दाम को जेल भेज दिया गया.

इस संबंध में जयनाथ ने बताया कि 27 जुलाई को रंजीत कुमार द्वारा फोन कर दुकान के नाम स्कैनर आने की बात कही गई, जिसके लिए उससे ओटीपी की मांग की गई. लेकिन अपनी दुकान में व्यस्त जयनाथ मोबाइल को चार्ज में लगाकर अन्य काम में व्यस्त हो गया. इसका फायदा उठाकर रंजीत कुमार द्वारा उसके मोबाइल से छेड़छाड़ की गई. इसके बाद थोड़ी देर में गायब हो गया. बताया कि थोड़ी देर बाद किसी के खाते में पैसे ट्रांसफर करना. देखने पर पता चला कि अकाउंट के सारे पैसे गायब हो गए हैं. इसकी तत्काल शिकायत उंटारी रोड थाना में लिखित आवेदन देकर की गई. साथ में इसके लिए पांडू पुलिस अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान को बनाया गया. घटना के बात उंटारी रोड व पांडू थाना प्रभारी द्वारा गंभीरता दिखाते हुए पांडू निवासी रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया. साथ में पूरी घटनाक्रम की जानकारी भी उसके द्वारा उपलब्ध कराई गई. 4 लाख 45 हजार दुर्ग भिलाई निवासी शेख सद्दाम के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं.



दर्द सुनाते पीड़ित जयनाथ मेहता.

### मंत्री को आवेदन देते हुए सहयोग करने की अपील

कांग्रेस का जन संवाद अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार की शाम विश्रामपुर के बीमोड पर पहुंचे झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव को लिखित आवेदन देते हुए पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी . साथ हीं सहयोग के लिए अपील किया . वहीं मंत्री के द्वारा पीड़ित जयनाथ को आश्वासन देते हुए कहा कि हर संभव सहयोग किया जाएगा .

जयनाथ ने बताया कि थोड़ी देर बाद थाना में पुलिस अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान पहुंचे. इनके द्वारा रंजीत से पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया. वहीं दुर्ग भिलाई पहुंच शेख सद्दाम को गिरफ्तार कराने में जयनाथ तो सफल हो गए लेकिन पैसे अभी तक उसे प्राप्त नहीं हुए. शेख सद्दाम के खाते का स्टेटमेंट यह बताने के लिए पर्याप्त है कि जयनाथ का पैसा उसके खाते में आया है. इस पैसे को गोरखपुर निवासी श्याम कुमार यादव के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं. पीड़ित जयनाथ गोरखपुर पहुंच स्थानीय थाना पहुंचे. जहां पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी गई. ऐसे में वहां के पुलिस पदाधिकारी श्याम कुमार यादव के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उसके बैंक स्टेटमेंट निकलवाए, जिसमें स्पष्ट रूप से शेख सद्दाम के खाते से पैसे प्राप्त होने का जिक्र है, जो पैसे एक बार फिर उसी के खाते में लौटा दिए गए. जयनाथ ने बताया कि गोरखपुर व दुर्ग भिलाई के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जांच कर रहे अनुसंधान पदाधिकारी के द्वारा सहयोग मांगा जाए तो सहयोग को तैयार हैं. इसमें संलिप्त सभी लोगों तक पहुंचा जा सकता है. इसके बाद सहयोग व मदद के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है.

> पुलिस अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रही है ताकि इस कार्य में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी हो . टीम अलग-अलग क्षेत्र में अपने स्तर से जांच कर रही है इसमें सन लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है . अन्य लोगों की जांच जो गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा कार्य किया जा रहा है .
>
> **रामाशीष पासवान**, अंचल निरीक्षक पांडू

> साइबर अपने स्तर से कार्य करते हुए सारी रिपोर्ट संबंधित अनुसंधान पदाधिकारी को दी है . सारा कार्य अनुसंधान पदाधिकारी के द्वारा ही किया जाएगा .
>
> **विश्रामपुर उरांव**, साइबर थाना

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 180 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**धरना-सड़क जाम कराना नेताजी के लिए आम बात:** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने दी सफाई, कहा- त्योहार को देखते हुए गरीब परिवारों की कर रहे हैं मदद

# पूर्व मंत्री का पैसा बांटते वीडियो वायरल, धरना के लिए पैसों से भीड़ जुटाने की चर्चा

**हजारीबाग जिले में इन दिनों छोटी-छोटी बातों को लेकर भी धरना प्रदर्शन और सड़क जाम कराना नेताजी के लिए आम बात हो गई है. लेकिन, इसके पीछे छिपे रहस्य से आम जनता और धरना पर बैठनेवाले भोले-भाले ग्रामीण अनभिज्ञ हैं. इन्हें यह पता ही नहीं है कि नेताजी अधिकारी और कंपनी से मोटी रकम की डिमांड करते हैं और जब बात नहीं बनती है, तो वह धरना पर बैठने के लिए किराए पर लोगों को बुला लेते हैं. फिर, जब कंपनी के अधिकारियों के साथ नेताजी का समझौता हो जाता है, या यूं कहें कि जब नेताजी को मोटी रकम मिल जाती है, तो वे धरना को समाप्त करवा देते हैं. वहीं, कंपनी के पदाधिकारी भी डरते हैं कि कही उनकी कंपनी की बदनामी न हो जाए, इसलिए नेताजी की डिमांड को मान लेते हैं. फिर नेताजी की चांदी कटती है और धरना पर बैठने वाले 100-200 रुपये लेकर कर वापस घर चले जाते हैं. हालांकि, आज भी कई ऐसे समाजसेवी और नेता हैं, जो आम लोगों के हित के लिए धरना पर बैठते हैं और जनता के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं.**

**संवाददाता। हजारीबाग**

बड़कागांव के केरेडारी में एक नेताजी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि नेताजी, कंपनी के खिलाफ धरना देने आए लोगों के बीच पैसे बांट रहे हैं. हालांकि, इस वायरल वीडियो की लगातार न्यूज नेटवर्क पुष्टि नहीं करता है. दरअसल, वायरल वीडियो में दिख रहे नेताजी कोई और नहीं, बल्कि सूबे के पूर्व मंत्री रहे कांग्रेस नेता योगेंद्र साव हैं. यह वीडियो मंगलवार का बताया जा रहा है. वहीं, योगेंद्र साव ने भी लोगों के बीच पैसा बांटने की बात स्वीकार की है. लेकिन, धरना देने के एवज में पैसा बांटने की बात से उन्होंने साफ इंकार किया. कहा कि यहां भवन बन रहा है, जिसका कई दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ था. इसलिए, त्योहार को देखते हुए गरीब परिवारों की मदद की है. गरीब परिवार को 500 रुपये और बच्चों को 100 रुपये दिये हैं.



बच्चों और महिला-पुरुष के बीच पैसे बांटते पूर्व मंत्री योगेंद्र साव (वायरल वीडियो).

### योगेंद्र साव बोले- रैयतों-विस्थापितों के मुद्दे को लेकर कर रहे हैं हड़ताल

योगेंद्र साव ने बताया कि स्थानीय रैयत और विस्थापित अपनी 19 सूत्री मांगों को लेकर पांच तारीख से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं. यहां की स्थानीय जनता की मांग है कि एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह और केरेडारी कोल माइनिंग परियोजना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सोशल इंपैक्ट ऐसेसमेंट कराया जाए, सड़क निर्माण में गई जमीन के एवज में भू-स्वामियों और विस्थापितों को मुआवजा दिया जाए. उन्होंने कहा कि सड़क आम जनता के लिए होती है, लेकिन रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं. तीन महीने के ट्रायल की बात कह कर कंपनी द्वारा इस सड़क से लगातार कोयले की ढुलाई कराई जा रही है. जब भी इन मुद्दों को उठाते हैं, तो एनटीपीसी के अधिकारी आश्वासन देकर भूल जाते हैं. पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि बुधवार को एसडीएम, एसडीपीओ, सीओ, थाना प्रभारी और कंपनी के प्रतिनिधि आएंगे. जनता के हित में सकारात्मक पहल को लेकर वे खुले मंच पर अपनी बात रखेंगे.

### अपनी रोटी सेंकने के लिए लोगों को किराए पर लाते हैं नेताजी

शहर के राहुल, संदीप कुमार, राधेश्याम, मनोज कुमार ने फोटो नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पहले जनहित के कार्यों पर सरकार व अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए लोग धरना पर बैठते थे. इसके बाद सरकार भी मामले में संज्ञान लेकर जांच कराती थी. लेकिन अब कुछ नेताजी अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए धरना देते हैं. आम लोग इनके मनसूबे को भांप चुके हैं. इसलिए ऐसे आंदोलनों से दूरी बना ली है. अब नेताजी धरना में भीड़ जुटाने के लिए मजबूर और जरूरतमंदों को लाते हैं. भीड़ देख कर कंपनी के अफसर थोड़ा डर जाते हैं कि कहीं बवाल बढ़ा, तो उत्पादन पर भी असर पड़ेगा. ऐसे में उन्हें नेताजी से डील करनी पड़ती है. मोल-तोल के बाद नेताजी की डिमांड काफी हद तक पूरी कर दी जाती है, ताकि अंदोलन जोर न पकड़े.

### बड़कागांव व केरेडारी में खूब होता है धरना-धरना का खेल

केरेडारी के एक मजदूर राकेश कुमार ने बताया कि बड़कागांव और केरेडारी में अक्सर धरना-धरना का खेल चलता रहता है. यहां अब तक कई नेताजी कंपनी के खिलाफ धरना दे चुके हैं, लेकिन जनहित के लिए उनके पास धरना देने का समय नहीं है. वे केवल अध्यक्षता करते हैं और कंपनी के अफसरों से सेटिंग कर अपनी जेब गर्म करते हैं. फिर नेताजी महिला-पुरुष को समझा-बुझा कर धरना समाप्त करा देते हैं. या यूं कहा जाए कि उन्हें बरगलाते हैं. लोगों को सिर्फ आश्वासन से संतोष करना पड़ता है. उन्हें बता दिया जाता है कि कंपनी द्वारा लोगों की मांगों पर विचार कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है. लेकिन, जनता की मांगें अधर में ही लटकी रह जाती हैं. कहीं कोई सुनवाई नहीं होती और नेताजी अपनी जेब गर्म कर आहिस्ता से निकल लेते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### चंपाई को अस्पताल से छुट्टी, पीएम ने जाना हाल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की स्वास्थ्य की जानकारी ली. वहीं, चंपाई सोरेन को टाटा मेन हॉस्पिटल से छुट्टी भी मिल गई है. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि ईश्वर तथा पुरखों की कृपा, डॉक्टरों के अथक प्रयास और आप सभी की प्रार्थना एवं आशीर्वाद से मुझे अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. शुभेच्छाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद. बताते दें कि रविवार को चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया गया था.

### कैबिनेट की बैठक आज छात्रवृत्ति का कोटा बढ़ेगा

**रांची।** राज्य की हेमंत सरकार की कैबिनेट की बैठक आठ अक्टूबर को होगी. इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों की मंजूरी दी जा सकती है. इसमें योजना मरांग गोमके पारेदेशीय छात्रवृत्ति योजना का कोटा बढ़ाया जा सकता है. वर्तमान में इसका कोटा 30 छात्र-छात्राओं का है, जिसे सरकार बढ़ाकर 41 किया जा सकता है. इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मियों का सेवानिवृति उम्र सीमा 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले राज्य सरकार ले सकती है.

### रांची में कचरे के ढेर में मिला नवजात का शव

**रांची।** जिले के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से नवजात का शव बरामद हुआ है. जानकारी के मुताबिक, विद्यानगर रोड नंबर एक में सोमवार की सुबह कचरे के ढेर में नवजात का शव प्लास्टिक से लिपटा मिला. इसके बाद स्थानीय लोगों की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर सुखदेवनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया.

मॉब लिंचिंग और उत्पाद सिपाही बहाली में मृतकों के परिजनों को सहायता

# सीएम ने पीड़ित परिवारों के बीच 1.82 करोड़ की राशि बांटी

- मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों और उत्पाद सिपाही बहाली में मृत्यु के शिकार 15 युवाओं के परिजनों को सौंपा चार-चार लाख का चेक
- मॉब लिंचिंग की घटना में घायल हुए एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की. प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई. मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा. इस क्रम में सीएम ने पीड़ित परिवारों के बीच कुल एक करोड़ 82 लाख रुपये का वितरण किया. मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

**नौजवानों की मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार से आग्रह :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है. हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर डॉक्टरों की एक बड़ी टीम से इन घटनाओं की विस्तृत जांच का आग्रह किया है. सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में भी पुलिस बहाली एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है. उस समय भी राज्य सरकार के लिए ऐसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेंगी.



प्रोजेक्ट भवन में पीड़ित परिवार को चेक सौंपते सीएम हेमंत सोरेन.

### पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद करती रहेगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की. कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है. इन घटनाओं में जो हमें छोड़ गए, उन्हें तो वापस लाया नहीं जा सकता, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सकें. किस प्रकार उनके जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है.

### सरकार संवेदनशील जिम्मेदारियों का बखूबी कर रही है निर्वहन

सीएम सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं. हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा व मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों एवं ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दु:ख में हमेशा साथ हूं और आगे भी रहूंगा.

### नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाली है

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी. राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था. इस नौकरी की चाहत रखनेवाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई. यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही. इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिली है.

### मॉब लिंचिंग की घटनाएं दु:खदाई और दर्दनाक

सीएम ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है. यह घटना भी काफी दु:खदाई और दर्दनाक है. हमारी सरकार सदैव पीड़ित परिवारों के आश्रितों के साथ खड़ी है. आज आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान करना, आपके प्रति राज्य सरकार की एक संवेदना मात्र है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीड़ित परिवारों को कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेंगे.

# सीएम हेमंत सोरेन ने किया आरआर स्पोर्टिंग क्लब के पूजा पंडाल का उद्घाटन



रातू रोड दुर्गा मंदिर के पास आरआर स्पोर्टिंग क्लब के पूजा पंडाल का उद्घटन करते सीएम हेमंत सोरेन व महुआ माजी.

# 19 अंचल के सीओ का तबादला

- ताला तोड़कर चार्ज लेने वाले नामकुम सीओ का तबादला

**संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने 19 अंचल अधिकारियों का तबादला किया है. भू राजस्व विभाग द्वारा सोमवार को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. इनमें ताला तोड़ कर चार्ज लेने बाद चर्चा में आए रांची के नामकुम अंचल में पदस्थापित अंचल अधिकारी राम प्रवेश को गुमला जिले के डुमरी अंचल का अंचल अधिकारी बनाया गया है.

**जानें कौन कहां गये**

| सीओ का नाम | पूर्व पदस्थापन | नवीन पदस्थापन |
|---|---|---|
| हेमराज खलखो | सीओ, बोरियो (साहिबगंज) | सीओ, मंझगांव (प. सिंहभूम) |
| पंकज कुमार भगत | सीओ, मंडरो (साहिबगंज) | सीओ, बांसजोर (सिमडेगा) |
| चोनाराम हेम्ब्रम | सीओ, बरहेट (साहिबगंज) | सीओ, करमाटांड़ (जामताड़ा) |
| शंभू राम | सीओ, विश्रामपुर (पलामू) | सीओ, जलडेगा (सिमडेगा) |
| मनोज कुमार | सीओ, जमुआ (गिरिडीह) | सीओ, जमशेदपुर (पू. सिंहभूम) |
| संजय पांडेय | सीओ, जमशेदपुर (पू. सिंहभूम) | सीओ, जमुआ (गिरिडीह) |
| निशांत अंबर | सीओ, जलडेगा (सिमडेगा) | सीओ, घाटशिला (पू. सिंहभूम) |
| हिम्मत लाल महतो | सीओ, घाटशिला (पू. सिंहभूम) | सीओ, फतेहपुर (जामताड़ा) |
| विजय कुमार-1 | सीओ, डुमरिया (पू. सिंहभूम) | सीओ, बालूमाथ (लातेहार) |
| तृप्ती विजया कुजूर | सीओ, बालूमाथ (लातेहार) | सीओ, अड़की (खूंटी) |
| पवन कुमार | सीओ, अड़की (खूंटी) | सीओ, डुमरिया (पू. सिंहभूम) |
| कमल किशोर सिंह | सीओ, खूंटपानी (प. सिंहभूम) | सीओ, नामकुम (रांची) |
| रामप्रवेश कुमार | सीओ, नामकुम (रांची) | सीओ, डुमरी (गुमला) |
| मोदस्सर नजर मंसूरी | सीओ, कर्रो (देवघर) | सीओ, सेन्हा (लोहरदगा) |
| राकेश कुमार तिवारी | सीओ, सेन्हा (लोहरदगा) | सीओ, विश्रामपुर (पलामू) |
| फुलेश्वर साव | सीओ, टंडवा (चतरा) | सीओ, खूंटपानी (प. सिंहभूम) |
| विजय कुमार दास | सीओ, पोड़ैयाहाट (गोड्डा) | सीओ, टंडवा (चतरा) |
| अरुणिमा एक्का | सीओ, बलियापुर (धनबाद) | सीओ, सिल्ली (रांची) |
| प्रवीण कुमार सिंह | सीओ, सिल्ली (रांची) | सीओ, बलियापुर (धनबाद) |

डीपीआरओ शकील अहमद व जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने फीता काटा

# चतरा में शुभम संदेश व लगातार डॉट इन के कार्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता। चतरा**

जिले के विकास भवन चौक स्थित आर्ची पेट्रोल पंप के निकट शुभम संदेश हिन्दी दैनिक एवं लगातार डॉट इन वेब पोर्टल के कार्यालय का शुभारंभ हो गया. डीपीआरओ शकील अहमद एवं जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने सोमवार को फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया. दोनों अतिथियों ने शुभम संदेश और लगतार डॉट इन की टीम को बधाई दी.

उन्होंने कहा कि शुभम संदेश हिन्दी दैनिक से अपेक्षा है कि अखबार में उन खबरों को प्रमुखता से सामाजिक पटल पर रखा जाएगा, जिसे दूसरे अखबार छिपाने का काम करते हैं. साथ ही साथ कामना है कि यह अखबार जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को उठा कर समाज में बेहतर मुकाम बनाए, ताकि समाज एवं जिले के विकास को एक नई गति मिल सके.



कार्यालय का उद्घाटन करते अतिथि.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सब एडिटर समीर चक्रवर्ती, विज्ञापन प्रबंधक रंजीत कुमार, विभावि से सेवानृवित्त प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार सिंह, बाल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार परमानंद आर्य, कार्यालय प्रभारी अभिमन्यु सिंह, सहायक अभिजीत शुक्ल, पत्रकार रजनीश पाठक, मो मसिर आलम, बंटी कुमार के अलावा आजसू जिलाध्यक्ष शिवलाल दांगी, सुजीत कुमार, मनोज कुमार सिंह, प्रज्ज्वल मिश्रा, गौतम कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, आजसू केंद्रीय सदस्य सीए संदीप सिंह आदि मौजूद थे.

**मुठभेड़** लातेहार के जंगल में पुलिस को भारी पड़ता देख फरार होने में सफल रहे उग्रवादी

# पुलिस व जेजेएमपी के बीच मुठभेड़, दो जवान घायल

- सर्च अभियान के दौरान ओरया व बोकाखाड़ जंगल से तीन बंदूक बरामद

**आशीष टैगोर। लातेहार**

जिले में सोमवार की सुबह करीब छह बजे पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरया और बोकाखाड़ के जंगल में पप्पू लोहरा और लवलेश गंझू के दस्ता के साथ हुई. इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड गोलीबारी हुई. इस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के एएसआई व जवान घायल हो गये. हालांकि, पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे.

इसके बाद उग्रवादियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस टीम सघन सर्च अभियान चलाया. इस क्रम में तीन बंदूक, कई पिट्टू बैग, डायरी और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये. जानकारी के मुताबिक, एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एक दस्ता जंगल में बड़ी घटना की अंजाम देने की योजना बना रहा है. एसपी के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा समेत जिला पुलिस व झारखंड जगुआर की टीम ने ओरवाई, बोकाखाड़ के जंगल में सर्च अभियान चलाया. इस क्रम में पुलिस बल को देखते ही उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई. एसपी ने भी मुठभेड़ की पुष्टि की है.





सदर अस्पताल, लातेहार में इलाजरत झारखंड जुगवार के एएसआई नरेंद्र पांडेय व जवान राम सिंह सुरीन.

### 25 की संख्या में थे उग्रवादी

पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान झारखंड जगुआर के एएसआई नरेंद्र पांडेय के पैर को छूते हुए गोली निकल गई, जबकि आरक्षी राम सिंह सुरीन को पैर में गोली लग गई. दोनों को सदर अस्पताल, लातेहार में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने जवान के पैर से गोली निकाल दी है. दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है. अस्पताल में एएसआई नरेंद्र पांडेय ने कहा कि उग्रवादियों की संख्या तकरीबन 20 से 25 थी. सुबह के छह बजे वे लोग ओरया जंगल के बोखाखाड़ जंगल में पहुंच चुके थे. उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी थी.

### चतरा समाहरणालय में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

# त्यौहारों को लेकर डीसी-एसपी ने दिए दिशा निर्देश

संवाददाता। चतरा



शांति समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य.

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय की अध्यक्षता में दुर्गापूजा, दीपावली, छठ त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई. इसमें उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को त्यौहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को कहा गया. साथ ही बैठक में लिए गए निर्णय का पालन कराने को कहा गया. इस दौरान सप्तमी से लेकर दशमी तक कुछ रास्ते को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस का समय सीमा तय करने, सफाई कर्मी नियुक्त करने, बैरिकेडिंग, लाइट/पेयजल की व्यवस्था करने समेत अन्य सुझाव दिए गए. उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी से प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक एवं लाइसेंसी/गैर लाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली गई. त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य के रूप में जिला के गणमान्य नागरिक समेत संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

**क्या क्या निर्देश दिए डीसी-एसपी ने :** उपायुक्त ने पूजा समिति/मंदिर प्रबंधन समिति से अपील की कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अपने स्तर से लगाएं. पंडालों में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ पंडालों में न रखें. सभी पंडालों में फर्स्ट एड किट जरूर रखें. समय का खयाल रखते हुए नियम का पालन कर दुर्गा पूजा त्योहार मनाएं. वहीं पुलिस अधीक्षक ने त्यौहारों के दौरान गड़बड़ी करने एवं अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

### हजारीबाग : शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए विभिन्न दिशा निर्देश

# पुष्ट खबरें जनता के समक्ष लाएं, गलत को जगह न दें

संवाददाता। हजारीबाग



शांति समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य.

त्यौहारों में जिले में विधि-व्यवस्था संधारण तथा प्रशासनिक तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई. इसमें विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों से संबंधित क्षेत्रों में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई. सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं- मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, पुल पुलिया, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, सड़क किनारे सूखे पेड़ की डालियों की कटाई, साफ सफ़ाई, जलजमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने बताया कि त्योहारों को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं. निर्बाध बिजली आपूर्ति/शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर कार्यरत रहेगा. मेडिकल इमरजेंसी के लिए मेडिकल प्लान, ट्रैफिक प्लान, नगर निगम द्वारा साफ सफ़ाई की जायेगी. रूट के दौरान जन सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा. विधि व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं फोर्स की तैनाती होगी. पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रैफिक प्लान को स्ट्रीमलाइन कराया जाएगा. सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाए जायेंगे. उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने व अफवाहों पर ध्यान न देकर प्रशासन से खबरों का सत्यापन कराने की बात कही. मीडिया से उन्होंने कहा कि पुष्ट खबरों को जनता के समक्ष लाएं, गलत खबरों को जगह न दें तथा प्रशासन का सहयोग करें. बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवाशिष, अपर समाहर्ता संतोष कुमार, एसडीओ सदर अशोक कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य संजर मलिक व अन्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा किसान मोर्चा का एक दिवसीय धरना

**हजारीबाग।** भाजपा किसान मोर्चा ने पुराना समाहरणालय के पास किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया. इस दौरान अत्यधिक वर्षा के कारण फसलों की बर्बादी एवं किसानों के हित में अन्य मांगों को उठाया गया. मौके पर ओम प्रकाश मेहता, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष टोनी जैन, अर्जुन साव, प्रेम सिंह, केपी ओझा आदि उपस्थित रहे.

### पोते ने 75 वर्षीय दादी के साथ की मारपीट

**मयूरहंड(चतरा)।** थाना क्षेत्र के मंझगावा में एक कलयुगी पोते ने अपनी 75 वर्षीय दादी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया. इस संबंध में पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. लिखित आवेदन में पीड़िता ने बताया कि अपने बेटे नरेश यादव के साथ खेत में चना व सरसों की बुवाई कर रही थी. तभी पोता अरुण यादव, पिता मोहन यादव खेत में फसल लगाने से मना करने लगा और गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगा. पीड़ित के लिखित आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### माकपा की जिला कमेटी सम्मेलन अक्टूबर में

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक गुलाब साव की अध्यक्षता में हुई. इसमें जिला सचिव ईश्वर महतो, गणेश कुमार सीटू, सुरेश कुमार दास, तपेश्वर राम ने भाग लिया. बैठक में जिला कमेटी का 13वां जिला सम्मेलन 28 अक्टूबर 24 को हजारीबाग शहर में करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया. तय किया गया कि जिले के सभी शाखा 20 अक्टूबर तक अपना सम्मेलन कर जिला सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव कर जिला कमेटी को भेज दें.

### डीएवी में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में डीएवी सीएई नयी दिल्ली के तत्वावधान में सीबीएसई द्वारा मार्गदर्शित तथा मान्य तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला 5 से 7 अक्टूबर तक चली. इसमें डीएवी जोन डी के विभिन्न विषयों के 250 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया. क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर सुजित कुमार शर्मा, डीएवी बरकाकाना के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद, डीएवी घाटो के प्राचार्य तरुण मिश्रा, डीएवी आरा के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, डीएवी तापीन के प्रभारी शिक्षक एम देवनाथ आदि मौजूद रहे.

### प्रदर्शन : नगर निगम और जिला प्रशासन के खिलाफ कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

# झील की सफाई को जल सत्याग्रह

संवाददाता। हजारीबाग

- करोड़ों की मशीन सफेद हाथी बनी, जल्द झील की सफाई की मांग

हजारीबाग के हृदय स्थली कहे जाने वाली झील में व्याप्त गंदगी को लेकर सोमवार को कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में कांग्रेस जनों ने पानी में खड़े रहकर लगभग पांच घंटे का जल सत्याग्रह किया. इस दौरान अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की गई. यहां बता दें कि राज्य में कांग्रेस गठबंधन की ही सरकार है और नगर निगम की कमान भी उसके द्वारा नियुक्त अधिकारी के हाथों में हैं. ऐसे में यह प्रदर्शन अपने आप में काफी खास होने के साथ ही कई गंभीर सवाल भी खड़े करता है.

इससे पहले जल सत्याग्रह सभा का संचालन कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया. कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, सेवादल जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोप, माइनॉरिटी सेल के जिला अध्यक्ष साजिद अली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक देव, जिला महासचिव कजरू साव, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, ओबीसी प्रदेश कोऑर्डिनेटर रीत लाल मंडल, कटकमसांडी सूत्री अध्यक्ष सरजू यादव आदि ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आज झील की जो नारकीय स्थित है, उससे लोग परेशान हैं, मायूस है. हजारों लोग सुबह और शाम झील परिसर में स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं, लेकिन वे स्वास्थ्य लाभ तो नहीं ले पाते हैं उल्टे बीमार हो जा रहे हैं. जिले के तमाम बड़े आला अधिकारियों का बंगला भी झील परिसर में है, इसके बावजूद नगर निगम जानबूझकर झील की साफ सफाई नहीं करवा रहा है और लोगों के स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहा है. करोड़ों रुपये की मशीन की खरीदारी भी एक-दो वर्ष पहले की गई थी ताकि झील से जलकुंभी को हटाया जा सके, उसको पर्याप्त रूप से साफ़ रखा जा सके लेकिन आज उक्त मशीन भी नगर निगम और जिला प्रशासन के लिए सफेद हाथी साबित हो रही है. मौके पर जावेद इकबाल, ओमप्रकाश गोप, अशोक देव, साजिद अली खान, डॉक्टर प्रकाश कुमार, परवेज आलम, रतलाम मंडल, महबूब आलम, रजी अहमद, कमल राज, मुनेश्वर चौधरी, रोहण ठाकुर, ओमप्रकाश पासवान, डॉ. रब्बानी, सरजू यादव, बाबर अंसारी, रोहन ठाकुर आदि ने भी एक स्वर में झील को बचाने की जरूरत पर बल दिया.



कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में कांग्रेस जनों ने सोमवार को झील में पांच घंटे का जल सत्याग्रह किया.

### जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सीएम से मिलेंगे : सुरजीत नागवाला

कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने बताया कि आज से 15 दिन पहले हम लोगों ने जिला प्रशासन और नगर निगम को झील सफाई हेतु पत्र लिखकर आग्रह किया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई उसके द्वारा नहीं की गई, मजबूरन हम लोगों को पानी में उतरकर जल सत्याग्रह करना पड़ रहा है. नगर निगम करोड़ों रुपये की वसूली टैक्स के माध्यम से करता है, लेकिन जब सुविधा देने की बारी आती है तो केवल छलावा करता है. आखिर शहर के बीचों-बीच स्थित मनोरम झील नगर निगम और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण अपनी सुंदरता खोती जा रही है. जल सत्याग्रह के माध्यम से जिला प्रशासन और नगर निगम को आगाह किया गया है कि जल्द इस पर कार्रवाई करें और झीलों की सफाई बेहतर तरीके से हो. अगर ऐसा नहीं हुआ तो जल्द ही हमारा शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इन सभी मामलों से अवगत कराया जाएगा.

### हम कांग्रेस के हैं, आंदोलन हमारे खून में : ओमप्रकाश गोप

वहीं सेवादल जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोप ने कहा कि हम लोग कांग्रेस के हैं, आंदोलन हमारे खून में हैं. हजारीबाग में जब-जब जनहित के मुद्दों को अनदेखा किया जाएगा, हम लोग इसी तरह आंदोलन करने का काम करेंगे और जिला प्रशासन को मजबूर करेंगे कि वह जनता का काम करे. प्रदेश नेत्री कोमल राज ने कहा कि जनहित के मुद्दे पर हम सभी जनता के साथ हैं और नगर निगम से अपील करते हैं कि झील की सफाई करे ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े.

### हमारी सरकार करोड़ों का फंड दे रही : मुन्ना सिंह

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन से मेरा निवेदन होगा कि जनमानस की समस्या को देखते हुए तुरंत इसका निराकरण करे. झारखंड सरकार करोड़ों रुपये का फंड इस मामले में दे रही है, तो जिला प्रशासन और नगर निगम को तुरंत इस पर कार्रवाई करनी चाहिए और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि जल्द ही संबंध में मैं भी नगर निगम के कमिश्नर से और जिला प्रशासन से मुलाकात करके इन सभी बिंदुओं से अवगत कराकर इसका समाधान करने का प्रयास करूंगा. वहीं इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन नींद से जागे और जनता की समस्याओं का समाधान करे तो शायद हम लोगों को जल सत्याग्रह जैसे आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम जनता के मुद्दों की अनदेखी कर रही है.

## न्यूज अपडेट

### वन विभाग सेंचुरी ने अवैध ढीबरा लदा वाहन किया जब्त



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड ढोडीया जंगल से वन विभाग सेंचुरी द्वारा अवैध ढिबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त किया गया. वन विभाग को सूचना मिली थी कि प्रतिदिन रात के अंधेरे में उक्त पथ से अवैध रूप से ढिबरा निकाल कर बाहर भेजा जाता है. सूचना पर वन विभाग के वनपाल अयूब अंसारी के द्वारा उक्त पथ में गश्ती अभियान चलाये जाने के क्रम मे एक पिकअप आता दिखा जिसे वनकर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए. बाद में वन वनकर्मियों ने अवैध ढिबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त कर वन विभाग चौपारण कार्यालय ले आई. वहीं वनपाल अयूब आंसरी ने बातया कि वाहन मालिक व ढिबरा व्यवसाई के नाम की जांच पड़ताल की जा रही है. जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी. किसी भी सूरत में अवैध उत्खनन करने वाले नहीं बक्शे जायेंगे.

### अवैध खनन की रोकथाम को टास्क फोर्स की बैठक

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई. 28 अगस्त को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा क्रमवार की गई. उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों का निरंतर जांच अभियान चलाएं. अगर किसी वाहन चालकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो वैसे लापरवाह वाहन, वाहन चालको पर अविलंब कार्रवाई करें. पायुक्त ने अवैध खनन परिवहन व भंडारण पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधकारी उत्तरी राहुल मीणा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे.

### सिकनी गांव में भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर शामिल हुए. मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और सद्भावना को बनाए रखने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहिए. मौके पर उप मुखिया उमाशंकर महतो, बिक्की महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव छोटेलाल महतो, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, बालदेव ठाकुर, राजेश मुंडा, पुजारी जनार्दन महतो, कुलदीप साव, कृष्ण कुमार, रंजीत महतो, सुनीता देवी, रीना देवी, आशा देवी, आशा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, देवकीनंदन महतो, अमित जयसवाल, रामरंजन करमाली आदि मौजूद थे.

### नए उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण किया



**हजारीबाग।** जिले के 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में सोमवार को 39वें बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इश्तियाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया. पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी.

### विद्यार्थियों ने जानी नाभिकीय विखंडन की प्रक्रिया

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विज्ञान विभाग की ओर से पल्स पावर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक डिविजन (विद्युत चुंबकीय स्पंद) विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, संरक्षक कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद थे. इस वेबिनार से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को जोड़ा गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व बार्क के वैज्ञानिक आकाश कुमार ने वेबिनार से जुड़े सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षित करने के लिए नाभिकीय विखंडन और नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया के साथ साथ ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदलने की प्रक्रिया से वाकिफ कराया. साथ ही उन्होंने विद्युत के साथ साथ ऊर्जा बचाने के तरीके भी बताए. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित कक्षाओं के साथ साथ वेबिनार व सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को नई और अहम जानकारियां प्रदान करना उद्देश्य होता है. यही वजह है कि विश्वविद्यालय में नियमित समयांतराल में विभिन्न विषयों पर वेबिनार व सेमिनार का आयोजन कराया जाता है.

## मयूरहंड : पंचायत सचिवालय से लाखों का सामान चुराया

संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

- अपराधियों ने लोहे की खिड़की काटकर दिया घटना को अंजाम



जांच करते पुलिस पदाधिकारी

प्रखंड क्षेत्र के मझगांवा पंचायत सचिवालय में रविवार रात अज्ञात चोरों ने खिड़की काटकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया. पंचायत सचिवालय से एक लैपटॉप, दो इनवर्टर, तीन बड़ी बैट्री, एक एलईडी टीवी, एक प्रिंटर एवं कई अभिलेखों को नुकसान पहुंचाने के अलावा पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र से दो लैपटॉप, एक इनवर्टर और बड़ी बैट्री, प्रिंटर के अलावा लगभग दस हजार नकद रुपये की चोरी कर ली गई. इस संबंध में की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी, जहां से एक जोड़ा चप्पल और एक चाकू बरामद किया गया.

पंचायत सचिव शशि कुमार रवि की लिखित शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. इससे पहले भी अज्ञात चोरों द्वारा सकलदेव सिंह के घर के पास चापाकल में लगी मोटर और रविंद्र सिंह एवं रंजित सिंह के घर में ताला तोडकर लाखों रुपये की चोरी कर ली गई थी. इस विषय में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर घटनाओं का खुलासा किया जाएगा.

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया भ्रमण

संवाददाता। हजारीबाग



पूजा पंडालों के भ्रमण के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह और अन्य.

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सोमवार को कटकमसाड़ी प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र के पूजा समितियों का भ्रमण किया और दुर्गा पूजा के आयोजनों की सराहना की. मुन्ना सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा हमारे समाज की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, और ऐसे आयोजन समाज में एकता और अध्यात्म की भावना को मज़बूत करते हैं. उन्होंने पूजा समितियों के समर्पण और आयोजन की भव्यता की भी तारीफ की. मुन्ना सिंह ने कहा कि जिस श्रद्धा और उत्साह के साथ सभी लोग मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर रहे हैं, यह देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है. मेरी मंगलकामना है की हम सब स्वस्थ रहें, खुश रहें, और मां दुर्गा का आशीर्वाद हम सब पर बनी रहे.

मुन्ना सिंह के साथ उपस्थित नेताओं में कटकमसाड़ी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, सरजू यादव (20 सूत्री अध्यक्ष), पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, मोहम्मद रबानी, शहापुर मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, बाबर अंसारी, संजय सिंह, दीपेंद्र सिंह (सचिव), द्वारका साव, दुलारचंद यादव, दूर्जय प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, योगेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, रंजीत यादव, सुजीत सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे.

### अच्छी पहल अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने ज्ञापन सौंप कर की विशेष जांच की मांग

# खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर चलेगा स्पेशल ड्राइव

संवाददाता। हजारीबाग



जिला चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्राहक पंचायत के लोग.

जिले के विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट का 'खेल' न केवल जारी जारी है, बल्कि नवरात्र, दीपावली, छठ महापर्व जैसे त्यौहारों में यह और भी ज्यादा हो जाता है. मिलावट पर रोक और सख्ती को लेकर जिला चिकित्सा पदाधिकारी ने विशेष आदेश जारी कर स्पेशल ड्राइव चलाने का आदेश दिया है. बाकायदा जांच के लिए प्रथम तीन दिनों के लिए खाद्य जांच पदाधिकारी को सीएस कार्यालय की ओर से वाहन भी उपलब्ध कराया है. मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग डॉ. एसपी सिंह ने यह आदेश अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधियों से वार्ता और ज्ञापन के बाद जारी किया है. ग्राहक पंचायत की ओर से एक ज्ञापन चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा एसीएमओ तथा खाद्य जांच पदाधिकारी को सौंपा गया है. ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, प्रांत के सह सचिव अरविंद राणा, जिला सचिव बब्लु कुमार तथा नगर संयोजक रविकांत पांडेय शामिल थे. गुप्ता ने सीएस के इस कदम को सराहनीय बताया. कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ग्राहक पंचायत सहयोग के लिए तैयार रहेगी.

**व्यापारी नकली सामान बेच कर मालामाल हो रहे :** ग्राहक पंचायत की ओर से बताया गया है कि पर्व-त्यौहार का महीना आ गया है. दशहरा, दीपावली, छठ पूजा आदि कई पर्व दो महीने में हैं. ऐसे में जिले भर के बाजारों में घी, मिठाई, पनीर, मावा, गुड़ आदि खाद्य सामग्री की बिक्री भारी मात्रा में होती है. घी भी बड़े पैमाने पर बेची जाती है. इसलिए नकली खाद्य पदार्थों की व्यापक जांच अभियान चलाने की जरूरत है. अभी तक विभाग द्वारा आंशिक कार्रवाई ही हुई है. मोहल्ले में भी खाद्य पदार्थ की जांच के लिए मेडिकल वैन दिखाई नहीं पड़ता है. विभाग सो रहा है और व्यापारी नकली सामान बेच कर मालामाल हो रहे हैं. आम आदमी जहर रूपी खाद्य पदार्थ खाकर बीमार हो रहे हैं, पूजा पाठ में भी अशुद्ध सामानों से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है. इस पर विराम लगाना जरूरी है.

### सबके सहयोग से ही रोक होगा संभव : सीएस

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील करते हुए मिलावट के प्रति जागरूक होने की बात कही है. कहा कि छापेमारी अभियान से सख्ती होगी, परंतु शत प्रतिशत लगाम सबके सहयोग और मिलावट के प्रति जागरूक ग्राहक बनकर आवाज उठाने से होगी. कहा कि हमारी टोली इस दिशा में काम कर रही है. खाद्य जांच कार्यालय में आवेदन देकर भी इसकी जानकारी दी जा सकती है.

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

संवाददाता। रामगढ़



शैक्षिक भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चे.

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से 2 तक के बच्चों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से छात्रों में विभिन्न जीवन कौशल और सामाजिक गुणों का विकास करना था. कक्षा 1 के बच्चे स्थानीय डाकघर का भ्रमण करने गए, जहां उन्होंने पोस्टकार्ड लिखने और भेजने की प्रक्रिया सीखी. बच्चों ने अपनी माताओं के लिए प्यार भरे संदेश लिखे और डाकघर के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की. डाकघर पदाधिकारी एएसपी नवीन अग्रवाल ने बच्चों में चॉकलेट का वितरण किया. कक्षा 2 के बच्चों ने रेलवे स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्होंने मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन के बारे में जानकारी प्राप्त की. स्टेशन मास्टर ने उन्हें कंट्रोल रूम दिखाया और रेलवे स्टेशन के संचालन के बारे में बताया. बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए, स्टेशन मास्टर ने उनकी जिज्ञासा को शांत किया और उन्हें भारतीय रेलवे के कार्यों से परिचित कराया. नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों को पार्क ले जाया गया, जहां उन्होंने प्रकृति की सुंदरता और उसके रखरखाव के महत्व को समझा. बच्चों ने झूलों का आनंद लिया.

### ब्रीफ खबरें

#### खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट बिजली माफ

**गढ़वा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण करने के लिए सोमवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन किया गया. इस योजना के अंतर्गत गढ़वा जिला के 1 लाख 82 हजार 929 घरेलु उपभोक्ताओं के 90 करोड़ 39 लाख 86 हजार रूपये के बकाया राशि माफ़ किया गया. मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वैसे उपभोक्ताओं, जिनका ऊर्जा खपत प्रतिमाह 200 यूनिट तक है, का बिजली बिल पूर्व बकाया समेत माफ कर दिया गया है.

#### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के स्थानांतरण होने पर सोमवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर पुलिस कर्मियों एवं गणमान्य लोगों ने थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट कर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई. मौके पर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना किया.

#### जरासंध मंदिर का विधायक ने किया उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नं 1 स्थित अखौरी तहले गांव के मुख्य पथ पर नवनिर्मित भगवान जरासंध मंदिर का उद्घाटन विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने पूजा अर्चना कर व माल्यार्पण कर किया. इस अवसर पर चंद्रवंशी ने कहा कि अखौरी तहले के चंद्रवंशी समाज की मांग थी कि गांव में उनके पूर्वज भगवान जरासंध का मंदिर बने. जिसके बाद उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, वीरेंद्रनाथ दुबे, संजय सिंह एवं रवींद्र सिंह उपस्थित थे.

#### राधा स्वामी संगठन की बैठक संपन्न

**धुरकी।** राधा स्वामी संगठन का उद्देश्य बताते हुए कार्यकर्ता अरविंद तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन का संदेश है हर घर के लोग संगठन के बारे में जाने. आज हमारे गांव,समाज में बच्चियों की शादी को बोझ समझते हैं तो उन्हें बोझ समझने की जरूरत नहीं. अक्सर देखा जाता है कि हमारे गांव समाज में बच्चियों को घर में बेटी पैदा हो गई तो हम उसकी शादी नहीं कर पाएंगे, लेकिन ऐसा बात नहीं है. हमारे संगठन के माध्यम से हम लोग 201 रुपए का राशि सहयोग लेते हैं और इसके बदले में एक लाख रूपए और उपहार समान 21 वर्ष होने पर दिया जाता है.

#### स्कूली बच्चों ने किया मनमोहक डांडिया नृत्य

**मेदिनीनगर।** शहर के विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में आज दुर्गा पूजा के अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया. इसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया. बच्चों ने पारंपरिक वेश-भूषा में अलग अलग समूह बना कर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए. इसके बाद सभी एक साथ डांडिया की धुन पर थिरके. यह दृश्य बड़ा ही मनमोहक था. स्कूल में डांडिया नृत्य का आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपरा से परिचित कराने तथा हंसी-खुशी के बीच त्योहार मनाने के उद्देश्य से किया गया था.

### कई दशक बाद पठारी क्षेत्र में किसी सांसद के भ्रमण पर ग्रामीणों में दिखा उत्साह, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत बोले-

# भुईंहर मुंडा समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने का करेंगे प्रयास

**संवाददाता । लोहरदगा**

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डूमर पाठ गुरदरी में संचालित स्कूल प्रांगण में आयोजित करमा पूजा मिलन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए. इस बीच सांसद सुखदेव भगत के पहुंचने पर उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया एवं आयोजन समिति के द्वारा उन्हें बंडी एवं शाल देकर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम के उपरांत फादर विनोद ने सांसद का स्वागत करते हुए कहा कि कई दशक के बाद इस पठारी क्षेत्र में किसी सांसद का भ्रमण हुआ है. इसे लेकर पठारी क्षेत्र के लोग काफी खुश है, सांसद के आने से लोगों में विश्वास जगा है, अब इस क्षेत्र एवं लोगों की समस्याओं का निदान होगा. इस बीच लोगों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि करमा पर्व हम सब को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रेरणा देने का काम करती है, हम सभी को अपने रीति-रिवाज परंपरा को और भी प्रगाढ़ करने की जरूरत है. भगत ने कहा कि पठारी क्षेत्र में जितना विकास होना चाहिए था



नहीं हुआ है. हिंडाल्को कंपनी यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है. मेरी प्राथमिकता है कि विकास से कोसों दूर है, उसे सरकार की योजनाओं से अच्छादित किया जाएगा.

**क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का वादा :** सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में बहुत सारी समस्या है जिसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काफी संख्या में भुईंहर मुंडा जाति के लोग रहते हैं, जिनके साथ शुरू से ही अन्याय किया गया है. कई दशक से इनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, जिसके कारण ये आदिवासी होने के बावजूद भी इन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है. वे इस मामला को गंभीरता से संसद में रखेंगे तथा जहां भी सहयोग करने की आवश्यकता होगी करेंगे. सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि भुईंहर मुंडा समाज को आदिवासी दर्जा दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे. कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत सांसद मौके पर मौजूद लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उसका निदान करने का प्रयास किये.

कार्यक्रम में फादर विनोद, मुखिया पुष्पा चोराठ, सत्य प्रकाश, प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत ,आलोक साहू, शाहिद अहमद, पवन गौतम, सत्यजीत सिंह, अनवर अंसारी, गुड्डू शर्मा, महताब आलम, मोती चौबे, अशोक खेरवार, महात्मा उरांव, प्रेम दत्ता, सुषमा देवी, फगुवा उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण थे.

#### बिचौलिया और फ्रॉड से बचें : मधुश्री मिश्रा

**कुडू/लोहरदगा।** इन दिनों लोहरदगा जिले के कुड़ प्रखंड क्षेत्र में साइबर ठगों के द्वारा ठगी करने को लेकर नये-नये हथकंडे अपनाकर लोगों से पैसा ठगी करने संबंधी फ्रॉड कॉल की जानकारी प्राप्त होते ही कुड़ू अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति की. जिसमें कहा गया है कि बिरसा पीएम फसल बीमा योजना से संबंधित डाटा की मांग करने हेतु अग्रवर्णित दूरभाष संख्या 9038197598 एवं 7645924236 से पदाधिकारियों और पीएमओ का हवाला देते हुए लोगों से संपर्क किया जा रहा है एवं सभी ग्रामीणों से डाटा की मांग की जा रही है, जो गलत है. सीओ ने बताया कि कोई ऐसा बिचौलिया या फ्रॉड ऐसा करता है तो तुरंत प्रशासन से संपर्क करें.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष के बिगड़े बोल से अल्पसंख्यक समुदाय में आक्रोश

# जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय प्रत्याशी की मांग रहा चर्चा का विषय

- भंडरा में आयोजित कांग्रेस के जन संवाद कार्यक्रम में हुई रायशुमारी

**संवाददाता। लोहरदगा**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को और भंडरा प्रखंड में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. इधर, किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह धुर्वा मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, चुनाव कैंपेनिंग टीम की सदस्य गीता श्रीउरांव, डॉ अजय साहदेव, दयामनी बरला, नेसार अहमद, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सच्चिदानंद चौधरी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, दिलीप कुमार टोप्पो, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डूंगडूंग, महिला जिलाध्यक्ष सीमा परवीन, सेवादल संभू प्रजापति किसान प्रकोष्ठ अरशद अयूब, प्रदीप विश्वकर्मा, हाजी सिकंदर, प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, पेशरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, किस्को प्रखंड 20 अध्यक्ष सामुल अंसारी, पेशरार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, रौनक इकबाल, समाजसेवी अब्दुल कुद्दूस अंसारी, सैफ अहमद, रफीक अंसारी, तारीक अनवर, असलम अंसारी समेत सभी पंचायत अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

उल्लेखनीय है कि लोहरदगा के किस्को और भंडरा प्रखंड में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता नेताओं से सीधा संवाद स्थापित कर सवाल करने को लेकर आतुर थे, लेकिन आपसी तालमेल नहीं रहने से कार्यक्रम किरकिरा हो गया. यहां पर कार्यक्रम के दौरान स्थानीय उम्मीदवार की मांग की चर्चाएं जोरों पर रहा. साथ ही किस्को के धुर्वा मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया पति कांग्रेसी नेता कुद्दूस अंसारी को बोलने का मौका नहीं दिए जाने से कार्यक्रम का असली मुद्दा दबकर रह गया. इधर कार्यक्रम में डहरबाटी नाली निर्माण कार्य भी चर्चा में शामिल रहा.



**अल्पसंख्यकों में आक्रोश : आलम**

भंडरा के नौडीहा चौक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखेर भगत द्वारा भरी मजलिस में जलील किए जाने से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और कांग्रेस कमेटी में काम करने वाले अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है. इधर, मामले को लेकर जब दूरभाष पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है, बेवजह का मामले को तुल दिया जा रहा है.

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू बोले : मामले को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू से जब दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी बात मैंने नहीं सुना, हां दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुआ था, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं हुई थी. इस बीच शुभम संदेश के प्रतिनिधि द्वारा बात को बार-बार ध्यानाकर्षित कराए जाने पर बालमुचू बचते हुए नजर आए. बहरहाल जो भी हो लेकिन विधानसभा चुनाव करीब है ऐसे में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति ऐसी बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत द्वारा भरी मजलिस में बोले जाने पर लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक समुदाय में काफी आक्रोश व्याप्त है.

#### ताइक्वांडो प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**कुडू/लोहरदगा।** खेलो झारखंड के तहत आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे खिलाड़ी को सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया. बता दें कि कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के 4 होनहार खिलाड़ी खेलो झारखंड प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनिधित्व किया. जिसमें अंडर 14 वर्ग में आयुष्मान कुमार सिल्वर मेडल और 45 किलोग्राम में प्रिंस कुमार सिल्वर मेडल व 38 किलोग्राम में हेमंत कुमार ब्राउंच मेडल एवं 38 किलोग्राम बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी ब्राउंच मेडल मेडल जीतकर लोहरदगा जिला का नाम रोशन कर दिखाया है. इसी को लेकर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर चारों खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.

# शिक्षा ही समाज को बेहतर बनाता है: बालमुकुंद लोहरा

**संवाददाता । लोहरदगा**

आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष सरस्वती देवी की अध्यक्षता में रखी गई. बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा उपस्थित हुए. मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए बालमुकुंद लोहरा ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और हर समाज का एक रीति-रिवाज होता है, उसी से उस समाज का पहचान होता है.

उन्होंने कहा कि आदिवासी होने का आदिवासियों का जो रीति-रिवाज और भाषा संस्कृति है उसे बचाकर रखने की जरूरत है. बालमुकुंद लोहरा ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमारे समाज के लोग अपने-अपने बाल बच्चों को पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान दें, कोई भी समाज शिक्षा के बिना अधूरा है, शिक्षा ही समाज



को बेहतर बना सकता है. बैठक को जिला अध्यक्ष सरस्वती देवी केंद्रीय समिति सदस्य परमेश्वर लोहरा सदस्य लक्ष्मण लोहरा सदस्य विक्रम लोहरा महिला नेत्री सुमित्रा लोहरा एवं अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया. इधर आगामी 10 अक्टूबर को समाहरणालय मैदान पर जनगणना प्रारूप देने हेतु बैठक बुलाई गई है. बैठक में कैरो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप लोहरा, विजय बहादुर लोहरा, नरेश लोहरा, रामजीत लोहरा, देवी लोहरा, दिल रखना लोहरा, करमु लोहरा, पंचम लोहरा के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए.

### 20वीं स्वर्गीय मनु कोटवार फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# विजेता टीमों को मिला नकद और ट्रॉफी

**संवाददाता । लोहरदगा**

सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हेसल श्रद्धा बगीचा में आयोजित 20वीं स्वर्गीय मनु कोटवार फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य तरीके से समापन किया गया. इस बीच टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया. पूरे प्रतियोगिता में अपनी दबदबा कायम रखते हुए चैम्पियन बनी जय झारखंड कुज्जी और उप विजेता रही सुकमार सरना टोली व तीसरे स्थान पर कब्जा जमाने वाली न्यू स्टार कुर्से व चौथे



नंबर पर अपनी जगह सुरक्षित करने वाले किंग फिशर चान्हो समेत आठवें स्थान पर जगह सुनिश्चित करने वाली सभी टीमों को नकद इनामी राशि के अलावा ट्राफी देकर मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया.

मंच संचालन कर रहे हेसल पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह आयोजन समिति के सचिव रूस्तम अंसारी के अथक प्रयासों से टूर्नामेंट को सफल बनाने में काफी मदद मिली. इधर फाइनल सह समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक हरिनारायण राम महली व विशिष्ट अतिथि के तौर पर भोला महली, लक्ष्मीनारायण महली व अन्य अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए मुख्य मंच पर ले जाया गया, जहां पर शॉल, बुके, बैच और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.

#### पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सोमवार को सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में आयोजित हुआ. इधर प्रशिक्षण में निर्वाचन में सभी 460 पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किए जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई. यहां पर पदाधिकारियों को बताया गया कि उनके अधीन सभी मतदान केंद्रों की गहन जानकारी उन्हें होनी चाहिए. इस बीच पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है. सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए. अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए. मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई. मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने आदि कार्यों की जानकारी दी गई.

### जिला प्रशासन की ओर से आयोजित होगा कार्यक्रम

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को आज मिलेगी तीसरी किस्त

- मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन होंगी शामिल

**संवाददाता । लोहरदगा**

लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित होने वाले आम सभा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई. बैठक में आम सभा के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल समाहरणालय के समीप मैदान में की जा रही आवश्यक तैयारियों, आमजनों के लिए सुविधाओं, लाभुकों के बीच मंइयां सम्मान योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि का भुगतान, परिसदन की साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्था, विभिन्न प्रखंडों से लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने संबंधी कार्य योजना एवं आम सभा की रूप-रेखा आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया.

ज्ञात हो कि मंईयां सम्मान यात्रा



कार्यक्रम अंतर्गत आज लोहरदगा जिला में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत लोहरदगा जिला में आम सभा कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय मैदान में अपराह्न 12.30 बजे से आयोजित होगी.

बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

#### सलगी में एसवीएम के सफल खिलाड़ी स्कूल में सम्मानित किये गये

**लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छह के विद्यार्थी द्वारा खेलो झारखंड के तहत आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सफल होने के बाद वापस विद्यालय लौटने पर विद्यालय परिवार की ओर से खिलाड़ी को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया. बता दें कि कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के षष्ठम के छात्र अभय प्रजापति ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनिधित्व किया था. जिसमें अभय ने गोल्ड मेडल जीता. इस बीच अभय प्रजापति के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित किया गया. इसी को लेकर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया. मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहू ने कहा कि विद्यालय के बच्चों द्वारा हर क्षेत्र में अपना परचम लहराने का सराहनीय कार्य कर दिखाया जा रहा है, जिससे विद्यालय परिवार काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### ‘एक परिचय’ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

# हमारे समाज में बाल सुरक्षा अतिमहत्वपूर्ण विषय: ललित

**संवाददाता । लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में लोहरदगा प्रखंड कार्यालय में मिशन वात्सल्य योजना एक परिचय विषय पर जागरूकता कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस बीच सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह के द्वारा संबंधित कार्यशाला में उद्बोधन किया गया कि आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है.

उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, बाल श्रम से पीड़ित बच्चों की संख्या वृद्धि होने पर हमें सामाजिक एकजुटता की अनिवार्यता है. साथ ही साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के संदर्भ में बात कही की बेटियों को आज समाज में सामूहिक प्रयास से अग्रिम श्रेणी में लाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए. इस बीच अनुरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी



संस्थागत देख-रेख लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान देते हुए कहा गया कि आज विश्व में युक्त राष्ट्र सम्मेलन के अंतर्गत बाल सुरक्षा व बाल अधिकार हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध रूप से एक कानून किशोर न्याय अधिनियम लाया गया. इसके उपरांत मिशन वात्सल्य योजना लागू है. साथ ही साथ उन्होंने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत विषय पर बाल संरक्षण विषय पर बात रखी. इस कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका मनोरमा कुमारी,आशा कुमारी, किरण कुमारी शिक्षिका - रश्मि खेस, पंचायत प्रतिनिधि, सेविकाएं, प्रखंड स्तरीय कार्यालय के कर्मी इत्यादि मौजूद थे.

#### वामदल एकता मंच ने की बैठक, कहा- हमें युद्ध नहीं, शांति चाहिए

**लोहरदगा ।** वामदल एकता मंच लोहरदगा के तत्वावधान में सोमवार को शांति नगर किस्को मोड़ लोहरदगा में बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें अमेरिका के इशारे पर इस्राइल के द्वारा फिलस्तीन पर हमला करने की निंदा की गई. साथ ही उससे उत्पन्न तीसरे विश्व युद्ध की परिस्थिति पैदा करने की कार्रवाई को निंदनीय करार दिया गया. वामदल दुनिया में शांति का पक्षधर रहा है युद्ध व नरसंहार का नहीं. दो-दो विश्व युद्ध के प्रहार से आज भी दुनिया उबर नहीं पायी है और अगर तीसरा विश्व युद्ध हो गया तो दुनिया नेस्तनाबूद हो जाएगी. दुनिया का विकास रूक जाएगा. साथ ही आने वाली पीढ़ी का नामोनिशान मिट जाएगा. उन्होंने कहा कि नाभिकीय शस्त्रों के करण कोई विजेता नहीं रह पाएगा. इसलिए अमेरिका अपनी चौधराहट बंद करे. वामदल भारत सरकार से मांग करती है कि फिलिस्तीन के पक्ष में तथा दुनिया में शांति कायम करने का पहल करे. क्योंकि भविष्य में आने वाली पीढ़ी को शांति व सुख चैन मिल सके. अंत में युद्ध नहीं, शांति चाहिए. अमेरिका चौधराहट बंद करे. वामदल एकता जिंदाबाद के नारा के साथ बैठक सम्पन्न हुआ.

### उद्घाटन — मंत्री ने किया 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन

# पूर्व के जन प्रतिनिधियों ने जनता का हक लूटा : मंत्री

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के सोनपुरवा में 12 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन किया. मंत्री ने फीता काटकर, विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर कॉलेज का उद्घाटन किया. मौके पर मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों को जो कार्य धरातल पर करनी चाहिए थी वह कार्य अब हमारी जन सरोकार की सरकार काफी तेजी से कर रही है. गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से विकास कार्य हो रहा है. यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि वर्ष 1991 में



फीता काट कर उद्घाटन करते मंत्री

गढ़वा जिला का निर्माण हुआ, परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि, किसी भी सरकार को यहां की बेटियों को पढ़ने की लिए एक महिला कॉलेज बनाने की चिंता नहीं हुई. यह बताने के लिए काफी है कि आज तक यहां जितने भी जन प्रतिनिधि हुए सभी ने अपने स्वार्थ के लिए जनता को बरगलाया एवं उनका हक लूटा. आज भी उन्हीं अधिकारों के साथ काम हो रहा है जो पूर्व के जनप्रतिनिधियों के अधिकार थे. यह महिला कॉलेज सर्व सुविधा संपन्न अत्याधुनिक कॉलेज है. बहुत जल्द ही इसमें पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी. सरकार की सोच एवं संवेदनशीलता होगी तभी विकास कार्य का उद्देश्य पूर्ण होगा. मौके पर मुख्य रूप से एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, संवेदक अनिल सिंह, वंदना जायसवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

**महिला कॉलेज में यह सुविधा है उपलब्ध**

महिला कॉलेज का निर्माण 4.26 एकड़ भूमि में 12.87 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है. तीन मंजिला इस भवन का कुल क्षेत्रफल 70 हजार वर्ग फुट है. इस भवन में 28 ’ 25 फीट की 15 कक्षा, में 50 ’ 28 फीट का तीन लेक्चर थिएटर, भौतिकी, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर, गृह विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, भू विज्ञान के लिए प्रयोगशाला, पुस्तकालय, 40 ’ 28 फीट का एक सेमिनार हॉल, छात्रों के लिए 7 शौचालय, स्टाफ के लिए 3 शौचालय, शारीरिक रूप से विकलांग छात्राओं के लिए विशेष प्रावधान है. रैंप एवं 6 पीएच शौचालय का भी निर्माण किया गया है. कॉलेज में सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए ओपन एयर एमफी थियेटर, विद्यार्थियों की गतिविधियों के लिए आंगन की सुविधा, कैंटीन, प्रधानाचार्य कक्ष, प्रशासनिक कार्यालय, प्रत्येक मंजिल पर स्टाफ रूम तथा अग्नि सुरक्षा और अग्नि अलार्म प्रणाली की भी सुविधा उपलब्ध है.

### मंत्री ने किया 1800 करोड़ की एक हजार से अधिक योजनाओं का भूमि पूजन

# विकास विरोधी है भाजपा, जनता सिखलाएगी सबक : मिथिलेश

**संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के मैदान में मेगा शिलान्यास समारोह सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इस दौरान मंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर 1792 करोड़ 30 लाख 22 हजार 400 रूपये की 1067 योजनाओं का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं उद्घाटन किया. साथ ही कल्याण विभाग की



ओर से स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया. मौके पर मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा के लिए बहुत ही गौरवशाली दिन है. यहां एक साथ 1792 करोड़ 30 लाख रूपये की 1067 योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया. यह कार्य वैसे जनप्रतिनिधियों के लिए आइना है जो आज तक गढ़वा को बदहाली में धकेल कर रखे हुए हैं. मौके पर एसपी दीपक पांडेय, चंद्रचुड़ सिंह, पशुपतिनाथ मिश्रा, राज महेश्वरम, धीरज प्रकाश, सुशील कुमार, शफी आलम, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, धीरज दुबे, मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, गीतांजली दुबे, नारद तिवारी, दीपमाला, जितेंद्र सिन्हा, आशीष अग्रवाल, वंदना आदि शामिल थे.

## किस ओर जाएगा जनादेश ?

वैसे तो एग्जिट पोल अपनी साख बचाने में कामयाब नहीं रहे हैं. लेकिन लोकतंत्र में ओपियन और एग्जिट पोल के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है. भारत में चुनावी सर्वेक्षण करने वाली ज्यादातर संस्थाओं की समस्या यह है कि वे आंकड़ो के संकलन और उनके विश्लेषण में वैज्ञानिक नजरिया अपनाने में कामयाब नहीं रहते हैं. इसका एक बड़ा कारण वह दबाव है जो इन संस्थाओं पर हावी रहता है. यही कारण है कि ज्यादातर एग्जिट पोल गलत साबित होते हैं. एक बार फिर हरियाणा और जम्मू और कश्मीर के एग्जिट पोल राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय है. ट्रेंड बता रहा है एग्जिट पोल भाजपा के पक्ष में नहीं दिख रहा है. लोकसभा चुनाव में देश की सियासी फिज़ा बदलने के ठोस संकेत मिले. उसके बाद कुछ उपचुनाव नतीजों ने संदेश दिया कि ये संकेत अब रुझान का रूप ले रहे हैं. एग्जिट पोल्स के अनुमान सही हुए, तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव नतीजे इस बात पुष्टि कर सकते हैं कि वह रुझान अब ठोस रूप लेने लगा है. ठोस रूप ले चुका है या नहीं, इसके लिए अगले महीने तक महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा. लोकसभा चुनाव में संकेत यह मिला था कि नरेंद्र मोदी का चेहरा अब भाजपा के लिए वोट बढ़ाने की गारंटी नहीं है. ना ही हिंदुत्व से संबंधित मुद्दों का ओवरडोज लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह भर रहा है. उनके विपरीत रोजी-रोटी के सवाल लोगों के मन में प्राथमिकता बन गए हैं.यह ठीक है कि इन सवालों पर विपक्ष ने भी कोई वैकल्पिक नीति या कार्यक्रम पेश नहीं किया है. विपक्षी दल भी मोटे तौर पर जज्बाती सियासत के फॉर्मूले में बंधे नजर आते हैं. इसके बावजूद चूंकि आम लोगों में मौजूदा हालात के प्रति असंतोष हद पार करने लगा है, इसलिए इसका लाभ विपक्ष को मिल रहा है. क्या कल आने वाले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव नतीजों से इन्हीं बातों की पुष्टि होगी, फिलहाल राजनीति के गंभीर अध्येताओं का ध्यान इसी सवाल पर टिका है. वैसे चुनावों के इस दौर में जम्मू-कश्मीर मतदाताओं का जो उत्साह देखने को मिला, उससे ठोस सकारात्मक संकेत देश को मिल चुका है. वहां के आम मतदाताओं ने भी वोट के जरिए भावनाएं जताने के लोकतांत्रिक चलन में अपना भरोसा दिखाया, जो वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए आश्वस्त करने वाला पहलू है. उन्होंने वोट के जरिए किस दल (या दलों) को जनादेश दिया, यह पहलू अपने आप में महत्त्वपूर्ण होगा, लेकिन चुनावी लोकतांत्रिक प्रणाली में बढ़-चढ़ कर की गई भागीदारी का कहीं अधिक दूरगामी महत्त्व समझा जाएगा. चूंकि एग्जिट पोल्स की साख बेहद घट चुकी है, इसलिए दोनों राज्यों की जनता ने असल फैसला किसके पक्ष में दिया है, इसे जानने के लिए मतगणना के प्रति जिज्ञासा और रोमांच बने हुए हैं. हरियाणा में भी नतीजे यदि भाजपा के खिलाफ जाते हैं तो ये भाजपा की बेचैनी बढ़ाने वाला होगा. दिल्ली के बाद पंजाब में हार झेलने के बाद भाजपा ने वर्ष 2022 में हिमाचल में भी हार का मुंह देखा. इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में घटे जनाधार ने भी पार्टी की कमजोरी को ही उजागर किया.

> एग्जिट पोल्स के अनुमान सही हुए, तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव नतीजे इस बात पुष्टि कर सकते हैं कि वह रुझान अब ठोस रूप लेने लगा है. ठोस रूप ले चुका है या नहीं, इसके लिए अगले महीने तक महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा.

### सुभाषित

**यस्याः समस्तसुरता समुदीरणेन तृप्तिं प्रयाति सकलेषु मखेषु देवि।**
**स्वाहासि वै पितृगणस्य च तृप्तिहेतु-रुच्चार्यसे त्वमत एव जनैः स्वधा च॥**

हे देवि ! सम्पूर्ण यज्ञों में जिसके उच्चारण से सब देवता तृप्ति लाभ करते हैं, वह स्वाहा आप ही हैं. इसके अतिरिक्त आप पितरों की भी तृप्तिका कारण हैं, अतएव सब लोग आपको स्वधा भी कहते हैं. हे जगदंबा आपकी महिमा अपरंपार है. हर समय हम आपका ध्यान करते हैं. हम पर अपनी कृपा बनाये रखें.

# सभ्य समाज के लिए गंभीर चेतावनी

**यह सोच कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि जिस स्कूल में हम अपने बच्चों को नए कौशल, ज्ञान तथा अनुभव से परिपूर्ण अच्छा इंसान बनाने और महफूज रखने की चाह में भेजते हैं, उसी स्कूल में इस तरह के दरिंदे भी रहते हैं, जो बच्चों को केवल 'बलि का बकरा' समझते हैं. फिर भी हाथरस के कृतार्थ बलिकांड से यह सवाल तो उठता ही है कि आखिर इस मासूम की नृशंस हत्या की जिम्मेदारी किसकी है?**



• देश-काल



ब्रजभूषण पाण्डेय

उत्तर प्रदेश में हाथरस के समीप एक गांव में अवस्थित एक दो मंजिले आवासीय विद्यालय में घटी रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने देश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया. इस घटना में स्कूल के बीटेक पास संचालक दिनेश बघेल ने अपने स्कूल के ही एक नौ साल के कृतार्थ नामक मासूम बच्चे की बलि चढ़ा दी. अंधविश्वासी हत्यारों ने उसे छात्रावास के एक कमरे से उस समय उठा लिया, जब वह गहरी नींद में सो रहा था. उसे बलिवेदी की ओर ले जाया जा रहा था, तभी उसकी नींद टूट गयी और उसने शोर मचाने की कोशिश की तो वहीं उसे गला घोंट कर मार डाला गया. कृतार्थ के माता-पिता और पुलिस की सक्रियता के कारण कृतार्थ का शव संचालक की कार से उस समय बरामद हो गया, जब वह शव को ठिकाना लगाने जा रहा था. पुलिस अनुसंधान से पता चला है कि ऐसी घृणित सलाह संचालक को उसके तांत्रिक पिता जशोधन सिंह ने दी थी. उसने उसे समझाया था कि बच्चे की बलि देने से उसके स्कूल की दिन दूनी-रात चौगुनी तरक्की होगी. यह उस स्कूल की पहली घटना नहीं थी. इससे पूर्व भी एक बच्चे की बलि देने का प्रयास किया गया था. छात्रावास में सो रहे उस बच्चे को इसी प्रकार उठाया गया था, लेकिन बलिवेदी तक पहुंचने के पहले ही उसकी भी नींद टूट गयी थी और वह बच्चा शोर मचाने में सफल हो गया था. इस प्रकार उसकी जान बच गयी थी. वरना, कृतार्थ से पहले उस बच्चे को भी अंधविश्वास के कारण जान गंवानी पड़ती. इस प्रकरण में सबसे शर्मनाक बात यह है कि स्कूल का संचालक जो अच्छा-पढ़ा लिखा था, वह इतना बड़ा अंधविश्वासी निकला कि स्कूल की तरक्की के लिए अपने स्कूल के बच्चों को ही बलि देने जैसे दुस्साहसिक कुकृत्य पर उतारू हो गया. आम तौर पर यही समझा जाता है कि अंधविश्वास की चपेट में अनपढ़-गंवार ग्रामीण ही होते हैं, लेकिन इस स्कूल के संचालक ने इस मिथक को तोड़ दिया. अपने क्षुद्र स्वार्थ के लिए पढ़ा-लिखा शिक्षित कहा जानेवाला व्यक्ति भी अंधविश्वास में इतना नीचे गिर सकता है. निश्चित रूप से उसमें मानवता नाम की कोई चीज नहीं होगी. उसका विवेक मर चुका होगा. परिणाम क्या हुआ, आज खुद पूरे परिवार के साथ संचालक भी नाश के कगार पर खड़ा है. उसके स्कूल से ऐसी दो ही घटनाओं की चर्चा है, लेकिन इससे भी पूर्व कोई ऐसी घटना नहीं हुई हो, यह कैसे समझा जा सकता है? पुलिस की कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया में संभव है कि और चौंका देनेवाले खुलासे हों. पता नहीं इस प्रकार के और कितने कुकृत्य देश और समाज में हो रहे होंगे, जो प्रकाश में आ भी नहीं पाये. न जाने कितने मासूमों को इस अंधविश्वास ने अपना निवाला बना लिया होगा.

भारतीय संस्कृति में भक्ति, श्रद्धा और विश्वास को बहुत महत्व दिया गया है. भक्ति चंचल मन और इंद्रियों को नियंत्रण में रखनेवाला सबसे सशक्त माध्यम है. यह बताती है कि सर्वशक्तिमान ईश्वर से डरो. ऐसा कोई काम न करो कि जिससे ईश्वर को कष्ट हो और वे तुम्हें दंडित करें, लेकिन भक्ति यदि ईश्वर के प्रति न होकर शैतानों के प्रति होती है तो वह अंधी हो जाती है और अनर्थों का जन्म होता है. इसी प्रकार श्रद्धा और विश्वास की तुलना तो गोस्वामी तुलसीदास ने भवानी और शंकर से की है-भवानी शंकरो वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ. आदर्श जीवन में श्रद्धा और विश्वास की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है. विश्वास जब विकृत हो जाता है, तब वह अंधविश्वास में परिणत हो जाता है, जो बहुत ही अनर्थकारी है.

यहां विचारणीय है कि जब हम अपने बच्चों को हर दिन स्कूल भेजते हैं तो यह उम्मीद और आशा रखते हैं कि वे सुरक्षित और पोषण वाले माहौल में होंगे. माता-पिता के रूप में, हम भरोसा करते हैं कि शैक्षणिक संस्थान न केवल अकादमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, बल्कि एक सुरक्षित आश्रय भी हैं, जहां हमारे छोटे बच्चे जीवन-पथ पर आगे बढ़ सकते हैं, खोज कर सकते हैं और सामाजिक और भावनात्मक रूप से विकसित हो सकते हैं. हमारा मानना है कि स्कूल ऐसी जगहें हैं, जहां हमारे बच्चे नुकसान से सुरक्षित रहेंगे, उनके आस-पास देखभाल करने वाले शिक्षक और कर्मचारी होंगे जो उनकी भलाई और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं. यह सोच कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि जिस स्कूल में हम अपने बच्चों को नए कौशल, ज्ञान तथा अनुभव से परिपूर्ण अच्छा इंसान बनाने और महफूज रखने की चाह में भेजते हैं, उसी स्कूल में इस तरह के दरिंदे भी रहते हैं, जो बच्चों को केवल 'बलि का बकरा' समझते हैं. फिर भी हाथरस के कृतार्थ बलिकांड से यह सवाल तो उठता ही है कि आखिर इस मासूम की नृशंस हत्या की जिम्मेदारी किसकी है? उस स्कूल के संचालक की? उसके तांत्रिक पिता की? या उसके माता-पिता की जिन्होंने बिना छानबीन किये, बिना अच्छी तरह जानकारी लिये अपना लाड़ला उस हत्यारे के हाथों सौंप दिया? या पूरे समाज की, जो ऐसी मंशा रखनेवालों पर गौर करना जरूरी नहीं समझता? कृतार्थ बलिकांड सभ्य समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है, क्योंकि अंधविश्वास सामाजिक कोढ़ है और इसका इलाज भी समाज के पास ही है. कानून अपना काम कर रहा है. कृतार्थ की नृशंस हत्या करनेवालों को उनके किये की सजा मिलेगी, लेकिन अंधविश्वास के खिलाफ तो समाज को ही खड़ा होना होगा.

**(लेखक सरला बिरला विवि रांची के उपकुलसचिव हैं और ये उनके निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## नये जीवन की रचना

जगतजननी माता अपने कूष्मांडा, स्कंधमाता और कात्यायनी के स्वरूप में नये जीवन की रचना करती है. उनकी इच्छा से ही इस सृष्टि का उदभव होता है. उसी प्रकार हमारे संकल्प से ही हम अपना विकास करते हैं. जीवन में संकल्प से ही सिद्धि का संदेश स्कंधमाता का स्वरूप देता है. नये जीवन की रचना के साथ जगतजननी उस जीवन को एक माता के रूप में संस्कार और सदाचार का भाव भरती है. कात्यायनी माता का स्वरूप जगत के हरेक जीव ओर जीवन में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का संचरण करता है. अंतिम तीन दिन यानी सप्तमी से नवमीं तक माता का तीन स्वरूप कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना और साधना से जीवन परिपूर्ण होता है, सृष्टि अपने सभी चर-अचर तत्वों के रूप में पूर्णता को प्राप्त होती है. श्रमपूर्ण कर्म और स्वयं की योग्यता से जीवन को योग्य और बनाने की यात्रा का नाम है कालरात्री है. उस यात्रा की पूर्णताः का स्वरूप महागौरी के रूप में आता है. जब जीवन पूर्ण होता है, तो वह सिद्धि को प्राप्त होता है. दुर्गापूजा के शुरू के तीन दिवस स्थूल शरीर के संतुलन का होता है तो अगले तीन दिन में भावनाओं और विचारों का आरोहण करते हैं. इस दौरान अपने सूक्ष्म शरीर का संयोजन करते हैं. सूक्ष्म शरीर यानी हमारे विचार, हमारी कामनाएं, हमारे अनुभव, हमारा ज्ञान. इन सभी के एकीकृत स्वरूप का नाम सूक्ष्म शरीर होता है. इस सूक्ष्म यानी बीज को ही हम अपने जीवन की अगली यात्रा पर साथ ले जाते हैं. हमारी आत्मा का वास इस सूक्ष्म शरीर के साथ होता है. हमारी चेतना को ओजस्वी और तेजस्वी बनाने का भी नवरात्र उपयोगी समय होता है. नवरात्र के तीन दिनों में अपनी वासनाओं, इच्छाओं एवं कर्मों को शुभता से जोड़ना लक्ष्य होना चाहिए. सूक्ष्म शरीर की साधना इसलिए जरूरी होती है क्योंकि यह सूक्ष्म शरीर ही पुनर्जन्म का कारण बनता है. सूक्ष्म शरीर के संधान और साधना से ही पुरुष की यात्रा पुरुषोत्तम की ओर होती है. फिर अंतिम दिन में समूचे व्यक्तित्व को सात्विक दिशा देते है ताकि वह शिवत्व से अपने को एकाकार कर सके. यह तीन दिन स्थूल और सूक्ष्म से आगे की यात्रा का समय होता है. मूलशक्ति के आहवान और जागरण का समय अंतिम दिन में किया जाना चाहिए. स्थूल और सूक्ष्म के बाद आत्मा यानी सत् का संधान जरूरी है. जड़ को सिंचित किया, पत्ते और टहनी को संचित किया, अब बीज को सशक्त करने का समय है.

## सेक्युलरिज्म भारतीय मूल्य है या यूरोपीय

• विमर्श

एल.एस. हरदेनिया

इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है. इस बात पर बहस तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गई. परंतु जिस सेक्युलरिज्म को हम मानते हैं, जिस सेक्युलरिज्म को इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है. हम सेक्युलरिज्म की इस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है. उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वह ही हमारा विचार है. गाँधीजी की नज़र में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी. हमारा तमिलनाडु के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गांधीजी द्वारा परिभाषित सेक्युलरिज्म को स्वीकार करें. गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार था धर्मनिरपेक्षता. उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि ''यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक हैं और धर्मनिरपेक्ष भी?". उनका उत्तर था ''हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी. मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है. यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा. परंतु यदि मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूं." यह है गाँधी जी का सेक्युलरिज्म अर्थात भारत का सेक्युलरिज्म. इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्रायः संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है. परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूक दर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं. यहां तक कि हमारी पुलिस भी तमाशबीन बन जाती है. पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है. गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैदानी संघर्ष किया. नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गई. धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था.

एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था ''यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा. मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी. मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार होगा. मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाए और क्या न खाए, क्या पहने और क्या न पहने. मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी."

> हमारा तमिलनाडु के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गांधीजी द्वारा परिभाषित सेक्युलरिज्म को स्वीकार करें. गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार था धर्मनिरपेक्षता. उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि "यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक हैं और धर्मनिरपेक्ष भी?". उनका उत्तर था "हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी. मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है.

गांधीजी की इच्छा थी कि भारत एक लोकतंत्र बने. उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है. उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित, स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं. लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे. गांधीजी का कहना था कि ''धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए. सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए. सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए. मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं. जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि ''मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहरलाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके." उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया. विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे, जिनकी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था. नमक सत्याग्रह उनका ऐसा ही एक नायाब तरीका था. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## रोजगार बना सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा

• रोजगार

लाल बहादुर सिंह

बेरोजगारी का आलम यह है कि इजराइल के खतरनाक वार जोन में काम करने के लिए भारतीय युवा जा रहे हैं. पांच हजार युवा पहले से वहां पहुंच चुके हैं और दस हजार और जाने को तैयार हैं. इजराइल इस समय पुणे में कुशल निर्माण मजदूरों की भर्ती कर रहा है. ठीक इसी तरह तमाम युवा रूस गए जिसमें से कई की अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो चुकी है. स्वयं सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी दर में कोई सुधार नहीं हो रहा है. वह ज्यों की त्यों बनी हुई है. इसी तरह रोजगार सृजन का जो मुख्य क्षेत्र है मैन्युफैक्चरिंग, उसमें कोई वृद्धि नहीं हो रही है. यह सबसे चिंता का विषय है. एलएफपीआर में जो वृद्धि दिख रही है, वह दरअसल कृषि क्षेत्र में जो शहर से बेरोजगार लौटे मजदूरों का अनपेड फैमिली लेबर है, उसके कारण दिख रहा है. प्रो. संतोष मेहरोत्रा के अनुसार यह प्रगति की बजाय और अधिक निराशाजनक स्थिति का संकेत है. विकासमान अर्थव्यवस्था में लोगों को गांव से शहर की ओर जाना चाहिए, यहां उल्टी दिशा में पलायन हो रहा है. याद कीजिए 2014 में मोदी के आने के बाद स्किल विकास का कितना ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन आज स्थिति यह है कि तमाम उद्योग यह कह रहे हैं कि युवाओं में स्किल है ही नहीं, जिससे उन्हें रोजगार मिल सके! दावा किया जा रहा है कि यूपी में एमएसएमई की 96 लाख इकाइयां हैं, जबकि पूरे देश में 2.19 करोड़. प्रथमदृष्ट्या यह आंकड़ा ही सही नहीं लगता. अगर इसे मान भी लिया जाय तो असल सवाल तो यह है कि इनसे कितना रोजगार सृजन हुआ है.और आउटपुट के मामले में क्यों महाराष्ट्र और तमिलनाडु अव्वल हैं और यूपी क्यों इतना पिछड़ा हुआ है? दरअसल रोजगार के सवाल पर सरकारें बहुत कुछ छिपा रही हैं.यह अनायास नहीं है कि चुनावी राज्यों हरियाणा और जम्मू कश्मीर दोनों जगह रोजगार सर्वप्रमुख मुद्दा बना हुआ है. बेरोजगारी के कारण होने वाला विदेशों की ओर पलायन और नशाखोरी भी बड़े मुद्दे बने हुए हैं.

श्रम शक्ति का इतना बड़ा विनाश इससे पहले कभी नहीं हुआ है. आईआईटी जैसे प्रसिद्ध संस्थाओं से भी पढ़े नौजवानों का प्लेसमेंट नहीं हो पा रहा है. इस साल आईआईटी में पढ़े 38% नौजवानों को नौकरी नहीं मिल सकी है. चपरासी, सफाई कर्मचारी के पदों यहां तक कि आउटसोर्सिंग व संविदा कार्य में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा प्राप्त नौजवान आवेदन कर रहे हैं. मोदी सरकार द्वारा 10 साल पहले केंद्र सरकार के खाली 10 लाख पदों को मिशन मोड में भरने की घोषणा आज तक लागू नहीं हो सकी है. उलटे केंद्र सरकार ने रेलवे, बैंक, बीमा, डाक जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों में लाखों पदों को खत्म कर दिया. इस समय दुनिया के तमाम इलाकों में बेरोजगारी और आर्थिक संकट की राजनीतिक अभिव्यक्ति देखी जा सकती है.इस श्रृंखला में सबसे ताजा कड़ी हमारा पड़ोसी श्रीलंका है. वहां हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जनता ने नवउदारवादी रास्ते की पैरोकार दोनों पार्टियों को खारिज करके नए रास्ते का वायदा करने वाले आनुरा कुमार दिशानायके को राष्ट्रपति चुना है. वैसे तो एकेडी की पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी धारा का दल मानी जाती है जो हथियारबंद संघर्षों के बीच से निकली है, लेकिन एक दौर में सिंहली अंधराष्ट्रवाद के पक्ष में खड़ा होकर तमिलों के ऊपर उनके द्वारा हमला उनके इतिहास पर काला धब्बा है. यहां तक कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान वहां प्रचार करते हुए भी उन्होंने कुछ ऐसा नहीं कहा जिससे यह पता लगे कि अपने उस अतीत को लेकर उन्हें कोई पश्चाताताप है या वे उसके प्रति आत्म आलोचनात्मक रुख अख्तियार कर रहे हैं. दरअसल इसी कारण तमिल बहुल उत्तरी इलाके में उन्हें सबसे कम मत मिला. 2022 में श्रीलंका में जो आरागलया (संघर्ष) हुआ वह मूलतः अर्थव्यवस्था के ध्वस्त होने के खिलाफ जनता का विद्रोह था, जिसमें राष्ट्रपति राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा था. एक तरह से उसी जनक्रांति ने आज के परिणाम की जमीन तैयार की. हाल ही में बांग्लादेश में जो राजनीतिक उथल पुथल हुई और जिसमें देश की मुखिया शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा, उसका तात्कालिक कारण भले सरकार की आरक्षण नीति थी, लेकिन वह भी मूलतः बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ युवाओं का विद्रोह था. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> विकासमान अर्थव्यवस्था में लोगों को गांव से शहर की ओर जाना चाहिए, यहां उल्टी दिशा में पलायन हो रहा है. याद कीजिए 2014 में मोदी के आने के बाद स्किल विकास का कितना ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन आज स्थिति यह है कि तमाम उद्योग यह कह रहे हैं कि युवाओं में स्किल है ही नहीं, जिससे उन्हें रोजगार मिल सके!

### मीडिया में अन्यत्र

## बड़ी कंपनियों पर निर्भरता से कैसे बचें?

**अक्सर** यह दलील दी जाती है कि भारत को अपनी उत्पादकता में इजाफा करने के लिए अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है. वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए उत्पादकता में बढ़ोतरी आवश्यक है. ऐसा करने से भारत का औद्योगिक आधार भी मजबूत होगा तथा रोजगार भी बढ़ेंगे.यह निराशाजनक है कि भारत आरऐंडडी पर अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 0.7 फ़ीसदी हिस्सा ही खर्च करता है. यह अन्य समकक्ष देश की तुलना में बहुत कम है और आर्थिक वृद्धि बढ़ाने की राह में बड़ी बाधा भी है.कुछ विशेषज्ञों के अनुसार भारत को आरऐंडडी पर होने वाला व्यय बढ़ाकर जीडीपी के तीन प्रतिशत के बराबर करने की आवश्यकता है. उद्योगपति नौशाद फोर्ब्स ने उचित ही कहा है कि बड़ी भारतीय कंपनियां आरऐंडडी पर बहुत कम खर्च करती हैं. इसमें दो राय नहीं कि भारत को आरऐंडडी पर खर्च बढ़ाने की आवश्यकता है लेकिन शायद केवल यह खर्च बढ़ा देने भर से बात नहीं बनेगी.इस संदर्भ में शिकागो विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री उफुक अकजीत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रकाशित जर्नल फाइनैंस ऐंड डेवलपमेंट के ताजा अंक में लिखे आलेख में इस बात को रेखांकित किया है आरऐंडडी व्यय (खासकर अमेरिका) में इजाफा उत्पादकता में अपेक्षित सुधार की वजह नहीं बना है. इसके नतीजे अन्य देशों के नीति निर्माताओं के लिए मददगार साबित हो सकते हैं ताकि वे गलतियां नहीं करें.1980 के दशक में अमेरिका का आरऐंडडी व्यय उसके जीडीपी का करीब 2.2 फीसदी था जो हाल के समय में बढ़कर 3.5 फीसदी हो चुका है. परंतु वहां 1960 से 1985 के बीच औसत उत्पादकता वृद्धि 1.3 फीसदी थी जो बाद के दशकों में और कम हो गई. केवल 2000 के दशक में अल्पावधि के लिए इसमें सुधार हुआ. हालांकि पेटेंट प्रोडक्शन पर काम कर रहे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ लेकिन उत्पादकता में कमी आई.इस विरोधाभास को संसाधनों के आवंटन से समझा जा सकता है. आकार के संदर्भ में शोध बताता है कि छोटी कंपनियां अधिक नवाचारी होती हैं. दूसरी ओर बड़ी रसूखदार कंपनियां निगम नवाचार के बजाय रणनीतिक कदम को तवज्जो देती हैं. इसका असर संभावित उत्पादन पर पड़ता है.इस बात के पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं कि हाल के दशकों में कई अर्थव्यवस्थाओं में बाजार अधिक घना हुआ है. इटली से निकले प्रमाण दिखाते हैं कि जैसे-जैसे कारोबार में इजाफा होता है वे अधिक से अधिक राजनेताओं को अपने साथ जोड़ते हैं और नवाचार पर बुरा असर होता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## सबूत/साबुत

**सबूत** और साबुत दोनों ऐसे शब्द हैं, जो लगभग एक जैसे लगते हैं. कभी-कभी तो लिखने या बोलने में घालमेल हो जाया करता है, लेकिन दोनों शब्द एक दूसरे से बिलकुल अलग हैं. इनके बीच किसी प्रकार का कोई तालमेल नहीं है. फिर भी कुछ लोग यह कहते पाये जाते हैं कि इस बात को साबुत कर के दिखाओ. हालांकि वे कहना चाहते हैं इस बात को साबित करके दिखाओ. न्यायालयों में सबूत का बहुत अधिक महत्व होता है, क्योंकि वहां गवाहों और सबूतों के आधार पर ही अदालतें किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाती हैं. यह बात अलग है कि कई मामलों में झूठी गवाही भी हो जाती है और फर्जी सबूत भी पेश कर दिये जाते हैं. अगर अदालत को वह झूठ समझ में आ जाती है तो फिर झूठी गवाही और सबूत पेश करनेवाले सजा के भागी हो जाते हैं. कहने का मतलब यह है कि कोई बात तबतक सही साबित नहीं हो सकती, जबतक सबूत पेश न कर दिया जाये. सबूत अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार सबूत का मतलब है वह बात या वस्तु जिससे कोई बात साबित या प्रमाणित होती है. सबूत का पर्यायवाची शब्द प्रमाण है. वहीं साबुत फारसी मूल का विशेषण है. इसका मतलब है जो खंडित न हुआ हो, जो पूर्ण इकाई के रूप में हो, अखंड, संपूर्ण, सब, समस्त, समूचा, ठीक, दुरुस्त. निर्गुण संप्रदाय के संत कवि कबीरदास ने कहा है-चलती चक्की देख कर दिया कबीरा रोय. दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय. मतलब तो आप समझ ही रहे हैं. चलती चक्की को देखकर कबीरदास जी रोते हैं यह सोच कर कि चक्की के दो पाटों के बीच में जो जाएगा, वह साबुत नहीं बच पाएगा और चूर-चूर हो जाएगा. कबीरदास ने लोक-परलोक के अंतर्द्वंद्व को चक्की का दो पाट माना है और इनकी चपेट में आकर साबुत बच पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी है.

## जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी

• तीर-तुक्का

एस. के. पाण्डेय



सपने में देखा-बहुत बड़ा परिवर्तन हो गया था. अदालतों में भीड़ नहीं दिखती थी. पुलिस और अन्यान्य अधिकारी अपने को जनसेवक समझने लगे थे. जनता में इनका कोई डर नहीं रह गया था. विदेशों में जमा अकूत काला धन भारत आ गया था. जिन लोगों ने देश में आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित कर रखा था. वे लोग एक नए कानून के दायरे में आ जाने के कारण स्वेच्छा से अपने अकूत अवैध धन को देश हित में दे दिए थे. जहां-तहां पोस्टरों और बैनरों में यही लिखा मिलता था-

*'सबको भोजन सबको न्याय. कहीं नहीं कोई अन्याय.*
*धन-दौलत फैली सुख शांति. मिट गई देखों नाना भ्रांति.*
*सबको हक सबको अधिकार. मिलता कहीं न भ्रष्टाचार.*
*मिट गया सारा पापाचार. बढ़ा प्यार-भक्ती का ज्वार.*

इस तरह अमन-चैन और धन-धान्य से सारा भारत परिपूर्ण था. लोग ऐसा कहते और सोचते थे कि आख़िरकार भारत में कुछ हद तक रामराज्य सा राज्य आ ही गया. बहुत से महामूर्ख जो रामराज्य से राज्य का इससे अलग यानी दूसरा उल्टा-सीधा मनगढंत अर्थ समझते और समझाते थे. वे मुख में कालिख लगाकर कहीं डूब मरने के लिए जल खोज रहे थे. भारत की यह दशा देखकर हमारे कई साथी चल बसे. मानो पहले से ही तैयार बैठे थे. गांव-शहर के हर कोने और गली में यही सुनाई देता था कि- "भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा. पूरी हो गई घर की इच्छा". पहली बार ये शब्द जैसे ही भ्रष्टाचारभूषणजी के कानों में पड़े. उनके प्राण-पखेरू ठीक वैसे ही उड़ गए जैसे कंकड़ फेंकने से डाली पर बैठा हुआ पक्षी उड़ जाता है. हमने आनन-फानन में जो बचे थे उन सभी नेताओं की एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई. भारत में छोटे-बड़े जितने भी दल हैं. सबके छोटे-बड़े सभी नेता और कार्यकर्ता उपस्थिति हुए. सभी की आंखों में आंसू थे. बड़े-बड़े नेता जो बड़ी-बड़ी बातें करते रहते थे, संज्ञाशून्य से दिख रहे थे. धीरज धरके हमने बोलना शुरू किया कि बिना मुद्दों के राजनीति नहीं होती है. समस्याओं से ही मुद्दे बनते हैं. अब जब समस्याएं ही नहीं हैं तो क्या खाक राजनीति होगी? अब तो हम और राज्य भी नहीं बना सकते. क्योंकि भारत विश्व का ऐसा देश हो गया है जहां कोई जिला नहीं है. सारे जिले राज्य बन गए हैं. ये सब कैसे हो गया? किसने कर दिया? अब हम लोगों का क्या होगा? हम कौन सा मुंह लेकर चुनाव के समय जनता के सामने जाएंगे. उनसे वायदा करने के लिए हमारे पास क्या बचा है? हम लोग यही सब चर्चा कर रहे थे. इतने में वहां एक आवाज सुनाई देने लगी. जो कह रही थी-अरे नेताओ, तुम सब अपने वायदों के मकड़जाल में भोली-भाली जनता को सदैव के लिए फंसाए रखना चाहते थे. आज जब देश की सारी समस्याएं समाप्त हो गईं हैं. तब खुश होने के स्थान पर तुम रो-रोकर मरे जा रहे हो. क्या समझते हो कि खुशहाल जनता वोट नहीं देगी? तुम सब नर्क में अवश्य जाओगे, क्योंकि तुलसी बाबा के शब्दों में भगवान रामचंद्र जी तो यही कह गये हैं -जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी. सो नृप अवसि नरक अधिकारी.



शुभम संदेश
www.lagatar.in
रांची, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024



# नवरात्र विशेष

दुर्गा सप्तशती देवी महात्म्य का वह अद्भुत ग्रंथ है, जिसकी एक-एक पंक्ति को मंत्र की मान्यता है. जिसका पाठ नवरात्र में नौ दिनों तक न केवल मंदिरों और पूजा पंडालों में होता है, बल्कि सनातन श्रद्धालुओं के घर-घर में पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ किया जाता है. दुर्गा सप्तशती पाठ को चंडी पाठ भी कहा जाता है. यह ग्रंथ वेदव्यास रचित मार्कण्डेय पुराण का अंश है.

## देवी महात्म्य का अद्भुत ग्रंथ
## श्री दुर्गासप्तशती





डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

देव्या यया ततमिदं जगदात्म शक्त्या
निश्शेष देवगण शक्ति समूह मूर्त्या.
तामम्बिकामखिलदेव महर्षि पूज्यां
भक्त्या नतास्म विदधातु शुभानिसान:

सम्पूर्ण देवताओं की शक्ति का समुदाय ही जिनका स्वरूप है तथा जिन देवी ने अपनी शक्ति से सम्पूर्ण जगत् को व्याप्त कर रखा है, समस्त देवताओं और महर्षियों की पूजनीया उन जगदम्बा को हम भक्ति पूर्वक नमस्कार करते हैं. वे हमलोगों का कल्याण करें. यह अत्यंत शक्तिशाली मंत्र है, जिसका प्रयोग लोककल्याण की कामना से किया जाता है. इस मंत्र का उल्लेख श्री दुर्गा सप्तशती के चतुर्थ अध्याय में मिलता है, जब महिषासुर नामक दैत्य का भगवती दुर्गा द्वारा वध किये जाने के बाद देवगण उनकी स्तुति करते हैं. दुर्गा सप्तशती देवी महात्म्य का वह अद्भुत ग्रंथ है, जिसकी एक-एक पंक्ति को मंत्र की मान्यता है. जिसका पाठ नवरात्र में नौ दिनों तक न केवल मंदिरों और पूजा पंडालों में होता है, बल्कि सनातन श्रद्धालुओं के घर-घर में पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ किया जाता है. दुर्गा सप्तशती पाठ को चंडी पाठ भी कहा जाता है. यह ग्रंथ वेदव्यास रचित मार्कण्डेय पुराण का अंश है. इसमें कुल तेरह अध्याय एवं सात सौ श्लोक हैं, जो तीन चरित्रों को जोड़ते हैं-प्रथम चरित्र, मध्यम चरित्र और उत्तर चरित्र. सात सौ श्लोकों के कारण ही इसे दुर्गा सप्तशती की संज्ञा दी गयी है.

### मधु-कैटभ प्रसंग

प्रथम चरित्र में मधु और कैटभ नामक दैत्यों के वध की कथा है. कल्पांत में जब पूरा ब्रह्माण्ड जलमग्न है, भगवान विष्णु क्षीर सिंधु में शेष शैय्या पर निद्रा में लीन हैं. उनके पद्मनाभ पर ब्रह्मा जी आसीन होकर ध्यानमग्न हैं. उसी समय भगवान विष्णु के कान के मैल से मधु और कैटभ नामक दो दैत्य प्रकट होते हैं और भयंकर अट्टहास करते हुए ब्रह्मा जी के भक्षण को तत्पर हो जाते हैं. ऐसे में ब्रह्मा को भगवान विष्णु ही बचा सकते हैं, लेकिन वे तो योग निद्रा के वश में हैं. तब ब्रह्मा जी योगनिद्रा की आर्त्त भाव से स्तुति करते हैं. भगवती योगनिद्रा भगवान विष्णु की आंखों से निकल कर आकाश में स्थिर हो जाती हैं और बिना कुछ बोले वहां से अंतर्धान हो जाती हैं. भगवान विष्णु जग जाते हैं और मधु-कैटभ के साथ युद्ध प्रारंभ कर देते हैं. लंबे युद्ध के बाद मधु-कैटभ भगवान विष्णु को कहते हैं कि तुम बड़े वीर हो. मैं प्रसन्न हूं. वर मांगो. भगवान विष्णु कहते हैं-वर ही देना है तो यही दे दो कि मेरे हाथों मारे जाओ. मधु कैटभ कहते हैं-तथास्तु. जहां सूखा स्थल मिले वहीं हमारा वध कर दो. भगवान विष्णु ने अपना जंघा ऊपर किया, जो सूखा था. उसी स्थल पर उन्होंने सुदर्शन चक्र से दोनों दैत्यों के मस्तक काट डाले. भगवती योगनिद्रा संपूर्ण ब्रह्मांड को ही नहीं, बल्कि परमब्रह्म को भी अपने वश में रखती हैं, लेकिन अपने किसी भक्त का आर्त्तनाद सुनती हैं तो उसकी रक्षा को तत्परता पूर्वक खड़ी हो जाती हैं. बोलतीं एक शब्द भी नहीं और चमत्कार कर जाती हैं. यही भगवती योगनिद्रा महाकाली हैं, स्वाहा हैं, स्वधा हैं, वषट्कार हैं. ये ही सुधा हैं, अक्षरा है, महामाया है, मूल प्रकृति हैं.

### महिषासुर के वध की कथा

श्री दुर्गा सप्तशती में भगवती का प्रथम चरित्र केवल प्रथम अध्याय तक ही सीमित है. दूसरे अध्याय से लेकर चौथे अध्याय तक की कथा मध्यम चरित्र कहलाता है. इसमें दुर्गा के प्रादुर्भाव और महिषासुर नामक दैत्य के वध की कथा है. महादैत्य महिषासुर के अत्याचार से पीड़ित देवगण एक स्थान पर एकत्रित होते हैं. उससे मुक्ति का विचार चल ही रहा है, तभी भगवान शिव के नेत्रों से एक ज्वाला निकल कर आकाश में स्थिर हो जाती है. इसके बाद सभी देवताओं की आंखों से उनके तेज निकल कर शिव नेत्रों से निकली ज्योति से एकाकार होते चले जाते हैं और एक दिव्य नारी प्रकट हो जाती है. सभी देवगण उस देवी को वस्त्र, आभूषण, हथियार, वाहन आदि से सुसज्जित करते हैं. देवी सिंह वाहन पर सवार हो कर महिषासुर से युद्ध के लिए चल पड़ती है. महिषासुर भी अपनी राक्षसी सेना के साथ वहां पहुंच जाता है. भीषण युद्ध के बाद महिषासुर का वध होता है. चतुर्थ अध्याय में देवगण प्रसन्नता पूर्वक जगदंबा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्तुति करते हैं, जिसका एक-एक श्लोक मंगलकारी और शक्तिशाली मंत्र है. स्तुति से प्रसन्न जगदंबा उन्हें आश्वस्त करती हैं कि जब भी उनपर किसी प्रकार की आंच पहुंचेगी, जगदंबा उनके शत्रुओं का विनाश कर उनकी रक्षा करेंगी.

### शुंभ-निशुंभ से देवी का संग्राम

पांचवें अध्याय से लेकर तेरहवें अध्याय तक को उत्तर चरित्र की संज्ञा दी गयी है, जिसमें शुंभ-निशुंभ नामक महादैत्य से देवी का संग्राम होता है. इस चरित्र का पहल अध्याय देवी की स्तुति से ही प्रारंभ होता है, जिसके कई श्लोक मंत्र के रूप में काफी प्रचलित हैं. जैसे

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्ये नमस्तस्यै नमो नम:.

इसमें पार्वती ही देवों की स्तुति से प्रसन्न होकर अंबिका के रूप में प्रकट होती हैं और भीषण संग्राम कर भयंकर राक्षसी सेना के साथ शुंभ और निशुंभ नामक दोनों दैत्य भाइयों का वध करती हैं. जगदंबा सदैव करुणा, ममता तथा मातृत्व पूरित हैं. इनके ही संपूर्ण महात्म्य का बखान श्रीदुर्गासप्तशती नामक ग्रंथ करता है. श्री दुर्गा सप्तशती की पूरी कथा मेधा ऋषि और महाराज सुरथ के बीच हुए संवाद पर आधारित है. ब्रह्मांड की महाशक्ति दुर्गा के पूरे महात्म्य का वर्णन करने के बाद महर्षि मेधा सुरथ को यही परामर्श देते हैं-

तामुपैहि महाराज शरणं परमेश्वरी.
आराधिता सैव नृणां भोग स्वर्गापवर्गदा.

अर्थात् हे महाराज, आप उसी परमेश्वरी की शरण में जाइए, जो आराधना करने पर मनुष्य को भोग, स्वर्ग तथा मोक्ष प्रदान करती हैं.

## बाजलो तोमार आलोर बेणु



रिंकू बैनर्जी

आदिकाल से ही भारत में शक्ति पूजा का विशेष महत्व तथा प्रचलन रहा है. कोई भी यज्ञ या कोई भी युद्ध जय करने के लिए या यूं कहा जाए कि किसी भी वृहद कर्म की सफलता के लिए शक्ति की आराधना करनी ही पड़ती है. त्रेतायुग में रावण वध कर सीता के उद्धार के लिए रामचन्द्र जी इसी शरद ऋतु में देवी का अकाल बोधन कर उन्हें जगाया था. महिषासुर के अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए देवताओं ने देवी के चण्डी रुप की आराधना की थी. इसिलिए मां को महिषासुरमर्दिनी भी कहते हैं. दुर्गापूजा को लेकर और भी बहुत सारी पौराणिक कथाएं, मान्यताएं हैं. हम बंगभाषियों के लिए ये दुर्गापूजा हमारे जीवन का एक ऐसा महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसकी प्रतिक्षा हम सालभर से करते हैं.



### बेटी आती है मायके

खुशियों का खजाना है. नए वस्त्र, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान, सबसे मिलना-जुलना, एक दूसरे को नए वस्त्र उपहार देना और सब कुछ भूलकर पूजा-आराधना-भक्तिभाव में डुबकर झूमना...पूजा के मायने बहुत विस्तृत हैं. हम मां दुर्गा को घर की बेटी मानते हैं और बेटी जब कुछ दिनों के लिए मायका आती है तो उसके स्वागत में जुट जाना एक बहुत ही स्वाभाविक प्रक्रिया है. पर घर की बेटी होने के साथ साथ वह देवी भी हैं, इसीलिए भक्तिभाव, आराधना और शुद्धाचार का खास ध्यान रखा जाता है.

### बचपन के वे दिन

दुर्गा पूजा आते ही याद आ जाते हैं देवघर में बीते अपने बचपन के दिन. महालया के दिन देवघर के देवसंघ में मां की प्रतिमा में चक्षु यानी आंख बनाया जाता था. करनीबाद आश्रम में प्रतिमा बनकर तैयार हो जाती थी क्योंकि महालया के दिन ही गुरु महाराज जी का आश्रम में आगमन हो जाया करता था और द्वितीया से ही पूजा, होम, यज्ञ, कुमारी पूजन शुरु हो जाया करता था. द्वितीया में दो कुमारी कन्या की पूजा, तृतिया में तीन, चतुर्थी में चार, इसी तरह नवमी में नौ कन्या की पूजा होती थी. यह बहुत मनोरम दृश्य हुआ करता था जो आज भी आंखों में बसा है. सरदार पंडा जी तथा घड़ीदार पंडा जी के यहां सनातन रीति रीवाज से पूजा होती थी.



### पूजा के ये चार दिन

आज भी वहीं आस्था, वही उमंग मन में है. पूजा के चार दिन हम हर दिन नए वस्त्र पहनकर पुष्पांजलि देते हैं. शाम में पंडाल घुमकर मूर्तियां देखना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेना अब भी होता है. हमारे लिए यह एक बहुत बड़ा सामाजिक त्योहार भी है जहां ढेर सारे लोगों से भेंट मुलाकात होती है. इससे आपसी सौहार्द बढ़ता है.

### सिंदूर खेला और "पुनरागमनाय च"

विजया दशमी के दिन विसर्जन के बाद मां को सिन्दूर लगा कर, पान पत्ते से मुंह पोछकर, सन्देश से मुंह मीठा कराकर, ₹पुनरागमनाय च₹ अर्थात मां अगले बरष फिर आना कहकर अश्रुपुरित नयनों से विदा करते हैं. फिर शुरु होता है हमलोगों का 'सिन्दुर खेला'. सभी सुहागनें एक दूसरे की मांग और गालों में सिन्दूर लगाकर सुहाग की कामना करती हैं. और फिर "माँ तुमि आबार एसो मोदेर कथा मोने रेखो" के साथ प्रतीक्षा शुरू हो जाती है अगले वर्ष की. शाम में बड़े-बुजुर्ग के चरण स्पर्श कर और छोटों को आशीष देकर घर में बने तरह तरह के मीठे और नमकीन पकवान से सबका मुंह मीठा करवाते हैं. पकवानों में मुख्यत: नारियल लड्डू, कुचो निमकी, जीबे गजा, दरबेश आदि प्रमुख होते हैं.

**1870** में नागवंश के 61 वें महाराजा प्रताप उदय नाथ शाहदेव ने राजबाड़ी में दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी. रातू पैलेस की पूजा भव्यता के लिए प्रसिद्ध है और रांची ही नहीं, पूरे झारखंड में विशिष्ट स्थान रखती है.

## मां भवानी के स्वप्नादेश से शुरू हुई थी रातू पैलस में दुर्गा पूजा



हिमकर श्याम



दुर्गा पूजा की शुरुआत सांस्कृतिक भूमि मानी जानेवाली बंग भूमि अर्थात बंगाल से हुई थी. कोलकाता के बाद रांची में सबसे अधिक हर्षोल्लास से दुर्गोत्सव मनाया जाता है. यहां दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है. सर्वप्रथम रातू पैलेस में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था. 1870 में नागवंश के 61 वें महाराजा प्रताप उदय नाथ शाहदेव ने राजबाड़ी में दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी. रातू पैलेस की पूजा भव्यता के लिए प्रसिद्ध है और रांची ही नहीं, पूरे झारखंड में विशिष्ट स्थान रखती है. काफी संख्या में लोग राजघराने की पूजा देखने आते हैं.

### नंदकेश्वर पद्धति से पूजा

कहा जाता है कि महाराजा प्रताप उदय नाथ शाहदेव की माता लखन कुंवरी देवी को राजबाड़ी में दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए मां भवानी से स्वप्नादेश प्राप्त हुआ था. इसके बाद से ही यहां पूजा का आयोजन होता आ रहा है. राज परिवार की मौजूदगी में सारे विधि-विधान नंदकेश्वर पद्धति से होते हैं. दुर्गा पूजा की यह सबसे प्राचीन पद्दति है. इस पद्दति की शुरुआत नंदकेश्वर ऋषि द्वारा की गयी थी.

### लगता है विशाल मेला

रातू पैलेस में दुर्गा पूजा का आरंभ षष्ठी तिथि से होता है. दशमी को शाम ढलने से पहले ही दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कर दिया जाता है. यहां बलि देने की भी परंपरा रही है. इस बलि को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं. पूजा के दौरान पैलेस के बाहर विशाल मेला लगता है. आसपास के ग्रामीण मेले का लुत्फ़ उठाते हैं.

### प्रथम पूजा से ही ढाक

दुर्गा पूजा के अवसर पर ढाक बजाने शुरुआत भी रातू पैलेस से हुई थी. राजघराने द्वारा आयोजित प्रथम दुर्गा पूजा में ही बांकुड़ा से ढाकिये मंगाये गये थे. देश के रियासतों में एक रातू रियासत का कभी रसूख हुआ करता था. कहा जाता है कि प्रथम महाराजा फणि मुकुट राय शक्ति के उपासक थे. उनके कार्यकाल में कलश स्थापना कर पूजा की जाती थी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 24 पदकों के साथ शीर्ष पर भारत



एजेंसी। लीमा

जूनियर निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि भारत ने 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान भी अपने नाम किया. इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण और कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है. दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्र (528) की जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टीम ने कुल 1616 अंक जुटाए और अजरबैजान को एक अंक से हराया. आर्मेनिया तीसरे स्थान पर रहा. मुकेश नेलावल्ली ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता का उनका छठा पदक था.

उन्होंने 60 शॉट में कुल 548 अंक बनाए. अजरबैजान के इमरान ने 552 अंक के साथ स्वर्ण जीता. जूनियर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में परीशा गुप्ता ने 540 अंक के साथ व्यक्तिगत रजत अपने नाम किया. हालांकि, वह हंगरी की मिरियम जैको के 546 अंक के जूनियर विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गईं. सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने मिलकर इस स्पर्धा में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाया, वे अजरबैजान की टीम से पीछे रहे. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचवीं भारतीय दिवांशी ने 523 अंक हासिल कर आठवां स्थान हासिल किया.

अंतिम दिन के दूसरे इवेंट में शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाया. दोनों ने 75 से अधिक निशाने लगाए. शार्दुल ने 71 और सबीरा ने 67 अंक हासिल किए. दोनों का कुल स्कोर 138 रहा. यह स्वर्ण जीतने वाली चेक गणराज्य (141 8) और रजत जीतने वाली इटली (141 7) के स्कोर से पीछे था. इस स्पर्धा में दूसरी भारतीय जोड़ी जुहैर खान और भव्या त्रिपाठी ने कुल 134 अंक बनाकर संयुक्त छठा स्थान हासिल किया. आईएसएसएफ का दल अब अपने 2024 कैलेंडर के अंतिम पड़ाव के लिए नयी दिल्ली पहुंच गया है, जहां सत्र का अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन 13 से 18 अक्टूबर तक कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा.

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने भारत पाक आएगा : नकवी

**लाहौर।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में किया जाना है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा. चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी. गौरतलब है कि बीसीसीआई ने पहले ही साफ कर दिया है कि भारत की टीम पाकिस्तान जाकर कोई मैच नहीं खेलेगी. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है. आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना गया है.

महिला टी20 विश्व कप 2024 : न्यूजीलैंड से मिली पहली हार के बाद समीकरण बिगड़ गया है

# भारत के लिए आसान नहीं सेफा की राह

एजेंसी। नयी दिल्ली



महिला टी20 विश्व कप 2024 में आखिरकार हरमनप्रीत की सेना का खाता खुल गया है. पहले मैच में बुरी तरह फ्लॉप और न्यूजीलैंड से करारी हार झेलने के बाद भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया. हालांकि, बल्लेबाजों ने यहां फिर निराश किया लेकिन गनीमत यह रही कि स्कोर छोटा था और कप्तान क्रीज पर डटी रहीं. मगर, सेमीफाइनल का टिकट अब भी भारत की पकड़ से दूर है. टीम इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले से बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पिछले मुकाबले वाली गलती फिर देखने को मिली. खराब फील्डिंग और फ्लॉप बल्लेबाजी हरमनप्रीत की टीम का पीछा नहीं छोड़ रही. दुबई की पिच धीमी है और यहां बल्लेबाजी करना थोड़ा मुश्किल है लेकिन टीम के मुख्य बल्लेबाजों को जिम्मेदारी तो निभानी पड़ेगी. भारतीय टॉप ऑर्डर तेज शुरुआत दिलाने में नाकाम रहा, जबकि फील्डर आसान कैच ड्रॉप कर रहे हैं. पाकिस्तान के खिलाफ मैच भी फंसता नजर आ रहा था लेकिन हरमनप्रीत कौर ने लाज बचा ली. हालांकि इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल का समीकरण अब भी काफी पेचीदा है. भारत को यहां से अपने दोनों मैच जीतने होंगे, जो बिलकुल भी आसान नहीं होगा. सामने छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया है. जबकि, श्रीलंका ने भी हाल ही में एशिया कप फाइनल में भारत को हराया था और एक बार फिर से जीत के लिए तैयार होगा. पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बावजूद भी भारत नेट रन रेट में ज्यादा बढ़त नहीं बना पाया. दो मैचों में पहली जीत से भारतीय टीम ग्रुप तालिका में पांचवें से चौथे स्थान पर आ गई. पाकिस्तान हार के बावजूद तीसरे स्थान पर है, क्योंकि इनका नेट रन रेट भारत से बेहतर है. भारत ए ग्रुप में है<bha>;</bha> जिसमें न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल है. श्रीलंका लगभग दौर से बाहर हो चुकी है और भारत का अगला मैच श्रीलंका से है, जो पॉइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है. इसके बाद टीम इंडिया की टक्कर ऑस्ट्रेलिया से है. 10 टीम के बीच जारी टूर्नामेंट में दो ग्रुप है, जिसमें पांच-पांच टीम है. हर ग्रुप की टॉप-2 टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी. भारत ए ग्रुप में है, जिसमें न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल है. आसान भाषा में समझें तो भारत के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने के समीकरण कुछ इस तरह हैं कि पहले भारत को उम्मीद करनी होगी कि वो अपने अगले मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराकर अपना नेट रन रेट बेहतर करे. साथ ही उन्हें यह भी दुआ करनी होगी कि टेबल टॉपर न्यूजीलैंड अपने अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराए. अगर यह सब बिल्कुल सही रहा तो भी भारतीय टीम का काम नहीं बनेगा क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने आखिरी मैच में बड़े मार्जिन से मात देनी होगी. वहीं, पाकिस्तान के मुकाबलों के नतीजे भी भारत के लिए अहम होंगे.

## श्रीलंका को हराने के लिए उनके कप्तान को रोकना महत्वपूर्ण : शेफाली

- पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट से जीत ने टीम इंडिया की उम्मीदें बढ़ा दी हैं

एजेंसी। नयी दिल्ली



महिला टी20 विश्व कप 2024 में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए यह जीत बेहद जरूरी है. टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रन से मिली हार ने भारतीय महिला टीम का पूरा समीकरण बिगाड़ दिया, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की टीम ने शानदार कमबैक किया. इस हाई वोल्टेज मुकाबले को छह विकेट से जीत कर भारतीय टीम ने उम्मीदें बढ़ा दी है. अब नौ अक्टूबर को श्रीलंका और 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से टक्कर होगी, दोनों ही मैच भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं. इस बीच शेफाली, स्मृति मंधाना और रेणुका सिंह ने आगामी मुकाबलों पर अपनी बात रखी. श्रीलंकाई टीम को हराने के लिए सबसे अहम टीम की कप्तान चमारी अथापथु को रोकना होगा. शेफाली ने श्रीलंका की ताकत और लगातार उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की. खासकर उनका मानना है कि अथापथु के नेतृत्व में यह टीम काफी मजबूत हो गई है. उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक समय था जब चमारी सबसे ज्यादा रन बनाती थीं और विकेट लेती थीं, लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया. इस टीम ने बहुत सुधार किया है, यही कारण है कि उन्होंने एशिया कप जीता. चमारी एक प्रमुख खिलाड़ी होने का दबाव झेलती हैं, और यह देखना प्रेरणादायक है कि वह इसे कैसे संभालती हैं और अपने देश के लिए कैसा प्रदर्शन करती हैं. भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने भी श्रीलंकाई कप्तान की चुनौती पर अपनी राय रखी. उन्होंने कहा कि अथापथु बहुत दिलचस्प खिलाड़ी हैं. वह श्रीलंका की एकमात्र खिलाड़ी हैं जो टीम को जीत की ओर ले जाती हैं.

# देश की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने लिया संन्यास

- सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास का किया ऐलान

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास का ऐलान कर दिया. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी अपने फैंस के साथ शेयर की. दीपा कर्माकर इसी साल ही एशियन चैंपियनशिप में जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी थीं. बता दें, रियो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली दीपा ने 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स में जिमनास्टिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था. वह कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐसा करने वाली पहली भारतीय भी बनी थीं.

31 साल की दीपा कर्माकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए संन्यास का ऐलान किया. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'बहुत सोचने के बाद, मैंने ये फैसला ले लिया है, कि मैं जिम्नास्टिक से रिटायर हो रही हूं. ये निर्णय मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन यही सही वक्त है. जिमनास्टिक्स मेरी जिंदगी का एक बहुत बड़ा हिस्सा है, और मैं हर पल के लिए आभारी हूं.

दीपा कर्माकर ने आगे लिखा, मुझे वो पांच साल की दीपा याद आती है, जिसको बोला था कि उसके फ्लैट फीट की वजह से वो कभी जिमनास्ट नहीं बन सकती. आज, मुझे अपनी उपलब्धियों को देख कर बहुत गर्व होता है. भारत का विश्व मंच पर प्रतिनिधित्व करना और पदक जीतना, और सबसे खास, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट प्रदर्शन करना, मेरे करियर का सबसे यादगार पल रहा है. आज मुझे दीपा को देखकर बहुत खुशी होती है क्योंकि उसने सपने देखने की हिम्मत रखी. मेरी आखिरी जीत एशियन जिम्नास्टिक चैंपियनशिप ताशकंद, एक टर्निंग पॉइंट था, क्योंकि तब तक मुझे लगा कि मैं अपनी बॉडी को और पुश कर सकती हूं, लेकिन कभी-कभी हमारी बॉडी हमें बताती है कि अब आराम का समय आ गया है.



### भारत की टॉप जिम्नास्ट रही हैं दीपा कर्माकर

त्रिपुरा की दीपा कर्माकर भारत की टॉप जिम्नास्ट में से एक हैं. ओलंपिक के साथ-साथ उन्होंने कई और बड़े इवेंट में देश का नाम रोशन किया. साल 2018 में उन्होंने तुर्की के मर्सिन में एफआईजी आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स वर्ल्ड चैलेंज कप की वाल्ट कॉम्पिटिशन में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता था. ऐसा करने वाली वह भारत की पहली जिम्नास्ट बनीं थीं. उन्होंने एशियन चैंपियनशिप में भी कुल 2 मेडल जीते. बता दें, फरवरी 2023 में दीपा करमाकर डोप टेस्ट में फेल हुई थी. इस कारण उन पर बैन लगाया गया था. उन पर बैन 10 जुलाई 2023 तक जारी रहा था.

# पहले दिन पाकिस्तान ने चार विकेट खोकर बनाए 328 रन

पाक-इंग्लैंड टेस्ट मैच

एजेंसी। मुल्तान



पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला सोमवार से मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुआ. पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन मजबूत स्थिति में खेलते हुए 4 विकेट खोकर 328 रन बना लिए है. पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और दिन के अंत में 328 रन के स्कोर तक पहुंच गया. पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शान मसूद ने 151 रन और अब्दुल्ला शफीक ने भी 102 रन की शानदार पारी खेली. शान मसूद ने 151 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 177 गेंदों का सामना किया. उनके इस प्रदर्शन में 13 चौके और 2 छक्के शामिल थे. मसूद की पारी ने पाकिस्तान की स्थिति को मजबूती दी, और उन्होंने टीम को एक मजबूत शुरुआत दी. इसके अलावा अब्दुल्ला शफीक ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्होंने 184 गेंदों में 102 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके शामिल थे. बाबर आजम ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके. सैम आयूब 4 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए. पाकिस्तान की पारी में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थे, सऊद शकील ने 35 रन बनाए. उन्होंने 72 गेंदों में अपनी पारी को अंजाम दिया, जो नसीम शाह (0) के साथ नाबाद लौटे. इंग्लैंड की गेंदबाजी की बात करें तो, गस एटकिंसन ने 15 ओवर में 70 रन देकर 2 विकेट लिए. क्रिस वोक्स ने 15 ओवर में 58 रन देकर 1 विकेट लिया, जबकि जैक लीच ने 21 ओवर में 61 रन देकर 1 विकेट लिया.

टेस्ट मैच में हुआ चयन

# निराशा के बाद मार्कस हैरिस नयी चुनौतियों के लिए तैयार

एजेंसी। सिडनी



ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूकने के बाद मार्कस हैरिस ने नये सिरे से फोकस और नयी मानसिकता के साथ 2024-25 शेफील्ड शील्ड सीजन पर अपना ध्यान केंद्रित कर लिया है. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी मार्कस हैरिस ने घरेलू सत्र से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इस साल मेरे लिए यही अंतर है कि पिछले साल की तरह इस साल मेरे सिर पर टेस्ट में चयन होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है. उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मैं कहां खड़ा हूं और मैं जिस स्थिति में हूं, मेरी उम्र क्या है, मुझे पता है कि अगर मुझे फिर से मौका मिलना है तो मुझे हर हाल में दरवाजा खटखटाना होगा. ऐसा लगता है कि वे छह बल्लेबाजों के बारे में काफी हद तक तय कर चुके हैं. लेकिन वे वास्तव में निश्चित नहीं हैं कि क्रम क्या होगा. 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज को कभी डेविड वार्नर के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा था. हालांकि पिछली गर्मियों में चयनकर्ताओं ने बल्लेबाजी ऑर्डर के साथ प्रयोग किया और तब हैरिस दरकिनार कर दिए गए. हैरिस और उनके प्रतिद्वंद्वियों कैमरन बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ के स्थान पर स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत करने के लिए उतारा गया. टेस्ट टीम में सिलेक्शन से चूकने की निराशा पर हैरिस ने स्वीकार किया कि उनके लिए अपने टेस्ट भविष्य की अनिश्चितता से बचना मुश्किल था,.

राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप

# मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड और हरियाणा सेमीफाइनल में

संवाददाता। रांची



राजधानी रांची में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश, झारखंड, हरियाणा और ओडिशा ने सेमीफाइनल में जगह बनाई. सोमवार को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में आठवें दिन चार क्वार्टरफाइनल मैच खेले गए. पहला मैच मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच खेला गया जिसमें में मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश को 2-0. गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना जगह बनाई. इस मैच में मध्यप्रदेश की भूमिक्षा साहू को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. दूसरा मैच झारखंड और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिसमें झारखंड ने महाराष्ट्र को 3-0 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना जगह बनाई. इस मैच में झारखंड की स्वीटी डुंगडुंग को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच हरियाणा और पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा ने पंजाब को 3-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई. इस मैच में हरियाणा की रितिका मनन को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. दिन का आखिरी मुकाबला छत्तीसगढ़ और ओडिसा के बीच खेला गया, जिसमें में ओडिसा ने छत्तीसगढ़ को 5-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. इस मैच में ओडिसा की प्रियंका कुजूर को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. बुधवार को प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे.

नयी भूमिका | पूर्व स्टार खिलाड़ी जयसूर्या 31 मार्च 2026 तक हेड कोच बने रहेंगे

# श्रीलंका क्रिकेट ने सनथ जयसूर्या को बनाया पुरुष टीम का हेड कोच

एजेंसी। कोलंबो



पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है. श्रीलंका के पूर्व ओपनर रह चुके जयसूर्या के मार्गदर्शन में टीम ने खासकर भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था. जयसूर्या की नियुक्ति 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है और वह 31 मार्च 2026 तक इस पद पर रहेंगे. श्रीलंका क्रिकेट के बयान के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने यह निर्णय हाल के भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दौरे पर टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए लिया, जहां जयसूर्या अंतरिम मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ थे. मुख्य कोच के रूप में जयसूर्या की पहली जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सीमित ओवरों के मैच होंगे, जो दांबुला और पल्लेकेले में खेले जाएंगे.

जयसूर्या पहले श्रीलंका क्रिकेट के सलाहकार रह चुके हैं. उनको पहली बार जुलाई में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था. पिछले कुछ महीनों में जयसूर्या की देखरेख में, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती, 10 साल में पहली बार इंग्लैंड को उनकी धरती पर टेस्ट मैच में हराया, और हाल ही में न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट में 2-0 से हराया. 1991 से 2007 तक जयसूर्या ने 110 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 40.07 की औसत से 6973 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं. 445 वनडे मैचों में उन्होंने 13,430 रन बनाए, 32.36 की औसत से 28 शतक और 68 अर्धशतक लगाए. 1996 के विश्व कप में उन्होंने श्रीलंका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी. जयसूर्या इसके अलावा एक शानदार गेंदबाज भी थे. बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करते हुए उन्होंने टेस्ट मैचों में 98 और वनडे मैचों में 323 विकेट लिए हैं. वनडे में वह दुनिया के महानतम ऑलराउंडर में एक हैं. जयसूर्या ने अपने करियर में 31 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं. वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी 30 मैच खेल चुके हैं.

## आईसीसी ने मैच रेफरी रिचर्डसन को 50 टेस्ट की उपलब्धि पर दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** आईसीसी ने सोमवार को रिची रिचर्डसन को 50 टेस्ट मैचों में मैच रेफरी बनने की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी. उन्होंने इंग्लैंड-पाकिस्तान के बीच मुल्तान में चल रहे पहले टेस्ट में मैच रेफरी बनने के साथ यह मुकाम हासिल किया. वेस्टइंडीज टीम के कप्तान रह चुके रिचर्डसन 2016 से आईसीसी के एलीट मैच रेफरी पैनल के सदस्य हैं. 62 वर्षीय रिचर्डसन ने फरवरी 2016 में बतौर अंपायर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से 99 पुरुष वनडे, 99 पुरुष टी20, आठ महिला वनडे और 15 महिला टी20 मैचों में भी अंपायरिंग की है. रिचर्डसन ने एक बयान में कहा, मेरे लिए 50वें पुरुष टेस्ट मैच में मैच रेफरी की भूमिका निभाना सम्मान की बात है.

# फ्रिट्ज ने फ्रेंच क्वालीफायर टेरेंस को हराकर राउंड-3 में प्रवेश किया

शंघाई मास्टर्स

एजेंसी। शंघाई



टेलर फ्रिट्ज ने किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमैन को 7-6 (7/4), 7-6 (7/5) से हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया. रविवार को भारी बारिश के कारण मैच रोक दिया गया था, जिसमें फ्रिट्ज पहले सेट में 4-3 से आगे थे. मैच में देरी और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद, फ्रिट्ज ने 161वीं रैंकिंग वाले एटमैन के खिलाफ अपना धैर्य बनाए रखा और स्टेडियम कोर्ट में एक घंटे और 54 मिनट के कड़े मुकाबले के बाद जीत हासिल की. दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला टक्कर का रहा है, जहां दोनों ही खिलाड़ी एक-दूसरे पर बढ़त बनाने में सफल हो रहे थे, लेकिन अमेरिकी टेनिस स्टार ने अंत तक बढ़त बनाई रखी और जीत दर्ज की. फ्रिट्ज ने अपनी कड़ी मेहनत से मिली इस जीत के बाद कहा, मुझे लगा कि उसने वाकई बहुत अच्छा खेला, और अगर मैं अपने खेल में शीर्ष पर नहीं होता... तो मैं निश्चित रूप से वह मैच हार सकता था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय शुभ नहीं है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में कुछ कमी होगी, पर नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे.

**वृष** व्यापार में लाभ होगा. किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे.

**मिथुन** शिक्षा में सुधार होगा. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. मित्र मिलेंगे.

**सिंह** नया कार्य आरम्भ के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है. सूर्य को जल दें.

**कन्या** पूजा-पाठ में मन लगेगा. कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है. काला वस्तु दान करें.

**मकर** समय शुभ है. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. नए कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी.

## पुनः शुरू होगा बरवाडीह-चोपन चुनार पैसेंजर का परिचालन

**मेदिनीनगर।** कोरोना काल में बंद की गई बरवाडीह-चोपन चुनार पैसेंजर (ट्रेन संख्या 03603/03604) का पुनः परिचालन शुरू होगा. इसे लेकर रेलवे बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर दी है. उक्त जानकारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दी है. श्री राम ने बताया कि उक्त ट्रेन के पुनः परिचालन को लेकर प्रयासरत था. अथक प्रयासों के बाद इस ट्रेन के पुनः परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड द्वारा सोमवार को प्रदान कर दी गई है. बहुत जल्द उक्त ट्रेन के परिचालन संबंधी तिथि निर्धारित की जाएगी. सांसद ने बताया कि इस मांग को लेकर लोकसभा में मैंने प्रश्न करने के साथ ही रेल मंत्री से भी व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी.

## पूर्व मुखिया राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**पलामू।** पांडू प्रखंड के डाला खुर्द गांव में न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व मुखिया स्वर्गीय राजेश्वर सिंह की



प्रतिमा का अनावरण किया गया. समारोह का संचालन ट्रस्ट के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया. मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रणवीर कुमार व युवा समाजसेवी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे. रामचंद्र चंद्रवंशी ने राजेश्वर सिंह ट्रस्ट को एक लाख रुपये दिये.

## डीजल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**बालूमाथ।** हाइवा से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. दो बाइक जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि सोमवार की सुबह मगध कोलियरी क्षेत्र में 13 नंबर कांटा के पास खड़ी कुछ हाईवा से डीजल चोरी कर सात-आठ लोग जंगल की ओर भाग रहे थे. अमरवाडीह पिकेट प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान एक बाइक पर लदे दो गैलन डीजल के साथ चालक को पकड़ा गया. वहीं, एक बाइक पर लदा दो गैलन डीजल को छोड़ कर चालक फरार हो गया.

### झारखंड युवा सदन 2024 में अफसर हुसैन ने सरकार के सता पक्ष की ओर से जेएसएससी बोर्ड का किया नेतृत्व

# झारखंड युवा सदन के फोर्थ एडिशन में लालगढ़ के लाल ने किया कमाल

- सपने देखो, सपने विचारों में बदल जाते हैं और विचार सफल कार्य में परिवर्तित होते हैं : अफसर हुसैन

**संवाददाता। विश्रामपुर (पलामू)**




युवा सदन में पदाधिकारियों के साथ अफसर हुसैन.

झारखंड युवा सदन 4.0 में तीन दिवसीय कार्यक्रम में विश्रामपुर प्रखंड के ग्राम लालगढ़ निवासी सब इंस्पेक्टर उस्मान शेख के पुत्र व युवा समाजसेवी सह जिला पार्षद प्रत्याशी कलाम आजाद के छोटे भाई अफसर हुसैन चयनित हुए. वर्ष 2024 के 27 सितंबर से 29 सितंबर तक चलने वाले झारखंड युवा सदन कार्यक्रम में सरकार की सत्तापक्ष की ओर से जेएसएससी बोर्ड का नेतृत्व किया और परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी पर भी विस्तृत प्रकाश डाला. अफसर हुसैन सदन में मिले दायित्व को बखूबी ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए पक्ष-विपक्ष तथा राजकीय पदाधिकारियों के बीच बेहतर तरीके से प्रदर्शित किया. जेएसएससी परीक्षाओं मे हमेशा हो रही गड़बड़ियों को संज्ञान में लेते हुए वरीय पदाधिकारियों पर कई करवाई करने को निर्देश दिया. झारखंड के सभी युवाओं को भरोसा दिलाया कि जेएससीसी की आगामी हर परीक्षाएं कदाचार मुक्त तथा कड़ी निगरानी में होंगी और परीक्षा मे किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले एजेंसी पर भी कड़ी कार्र वाई की जाएगी. परीक्षा विलंब होने की स्थिति में कई बिंदुओ पर भी सुझाव दिया. कोरोना और लीगल एडमिनिस्ट्रेटिव के साथ अन्य कारणों से विलंब हुआ है. साथ ही साथ हुसैन ने सरकार के पक्ष में मानव तस्करी बिल पर भी सरकार के पक्ष में बात को रखा, जबकि विधायक का नेतृत्व कर रहे अन्य युवाओं ने मानव तस्करी विधेयक बिल में कुछ त्रुटियों को गिनाया तथा संशोधन करने का अपनी बात विपक्ष की ओर से रखा. यह झारखंड राज्य में एक बहुत ही जटिल समस्या है इस पर एक कठोर बिल को युवा सदन में पेश किया गया. जिसमें सरकार को ध्यानाकृष्ट कराते हुए बात को रखा. मानव तस्करी को रोकथाम के लिए ह्यूमन ट्रैफिकिंग का पहल पर जोर दिया. अंत में मानव तस्करी विधेयक बिल 2024 सदन में पास किया गया. इसके आलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन, बेरोजगारी, बिजली, पानी जैसी मूलभूत समस्याओं पर भी बातें रखीं.

अफ़सर हुसैन बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं. वे उनकी प्रारंभिक शिक्षा रोटरी पब्लिक स्कूल डालटनगंज से हुई है. वर्तमान में आई.सी.एफ ए.आई. यूनिवर्सिटी से एलएलबी कर रहे हैं. वे पढ़ाई के साथ साथ राजनीतिक और सामाजिक गतिविधि समझने में भी काफी रुचि रखते हैं. अफ़सर हुसैन अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि इस झारखंड युवा सदन 4.0 आयोजन में विभिन्न थीम और समस्या पर अधारित सरकार द्वारा चलाई गई जागरूकता सदन मे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला एक बेहतर एक्सपीरियंस आया और अच्छी कॉन्फिडेंस बढ़ा. झारखंड युवा सदन का आयोजन खेल एवं युवा विभाग मंत्रालय झारखंड सरकार के सहयोग से हर वर्ष आयोजित किया जाता है. कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रिसहिंद्र विक्रम सिंह, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय व अन्य वरीय अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए.

### मंईयां सम्मान यात्रा पहुंची सिसई, घाघरा और विशुनपुर, कल्पना ने कहा

# भाजपा को पीआईएल की राजनीति बहुत भारी पड़ेगी

**विशेष संवाददाता। रांची/गुमला**



- स्थानीय नीति-नियोजन नीति और सरना धर्म कोड भाजपा के लोग देना नहीं चाहते हैं, मगर हम संघर्ष करेंगे, तैयार रहें
- भाजपा को आदिवासी संस्कृति, भाषा, जल और जंगल से काफी नफरत है, विकास तो दूर की बात है
- स्थानीय नीति और मंईयां योजना के खिलाफ पीआईएल करके रोकवाते हैं और गोगो योजना लाने का वादा कर रहे हैं

**यात्रा और सभा से दूर रहे विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा**

विगत दो दिनो से कल्पना सोरेन का मंईयां सम्मान यात्रा गुमला में है. सोमवार को चमरा लिंडा के विधायकी क्षेत्र विशुनपुर में कल्पना की सभा थी, रोड थी. मगर चमरा लिंडा सभी कार्यक्रमों से दूर रहे. जबकि दो अन्य सिसई ओर गुमला विधायक शामिल हुए. इसको लेकर क्षेत्र में यह चर्चा होने शुरू हो गयी है कि वे पार्टी और हेमंत सोरेन से नाराज चल रहे हैं. यह नाराजगी और दूरी विधानसभा चुनाव में किस करवट बैठेगी यह देखना दिलचस्प होगा.

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा गुमला पहुंची. जहां पर कल्पना सोरेन ने सिसई, विशनपुर विधानसभा के साथ-साथ घाघरा में सभा की और कई जगहों पर रोड शो किया. इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और कल्पना सोरेन का भव्य रूप से आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज के साथ हुआ. इस मौके पर विधायक भूषण तिर्की, सुशासन होरो सहित कई उपस्थित थे. इस मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि आदिवासियत क्या है. हमारा प्रकृति, जल, जंगल और जमीन, नृत्य और संगीत ही आदिवासियत है. हमारी सरकार यही काम कर रही है. कुडुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए पत्र केंद्र सरकार को लिखा है. आनी वाली पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कृति को सिखाना जरूरी है. हमारी सरकार की मुखिया हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ योजना बनाकर लायी. हमारी बच्चों के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया. अल्पसंख्यक बच्चों के लिए शिक्षकों की बहाली की. गुरूजी क्रेडिट कार्ड, बच्चियों के लिए सावित्री भुले बाई स्कीम आदि लाएं हैं. यह सब शिक्षित समाज के निर्माण के लिए हो रहा है. हम शिक्षित रहेंगे तभी हमारा समाज शिक्षित रहेगा. अगर यह शिक्षित करना भाजपा के नजर में गुनाह है तो हमारे मुख्यमंत्री इससे डरने वाले नहीं है. हमारी सरकार दुरदर्शी सोच के तहत कार्य कर रही है. जिस तरीके से मंईयां सम्मान यात्रा में चल रहे हैं, जिस प्रकार योजना के बारे में बता रहे हैं. उसका मकसद आपको जागरूक करना है. बुढापे की लाठी बनने का काम हमारी सरकार ने किया. सर्वजन पेंशन स्कीम उन्हें दिया है. क्योंकि वे जानते हैं कि जिन्होंने पूरा जीवन लगा दिया कि अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए, कहीं न कहीं उनकी जिम्मेवारी खलती है. पेंशन आपका हक है. अबुआ आवास क्यों दिया जा रहा है. क्योंकि हमारे राज्य का पीएम आवास का पैसा दूसरे राज्यों को दे दिया. तब आपके बेटे हेमंत ने अपनी सरकार के फंड से आपको पक्का मकान देने का काम रहे हैं. अगर आपके बच्चे विदेश में पढ़ना चाहते हैं तो मरांग गोमके स्कीम लाया है. ताकि कोई भी बच्चा पैसे के अभाव में हाईहर एजुकेशन से वंचित न रहे. बिरसा हरित ग्रामीण योजना से हजारों हजार लोगों से लोगों का फायदा पहुंचा है. बिजली बिल जीरो हो गया, किसानों का लोन 2 लाख रूपए तक माफ हो गया. मगर झारखंड के साथ हर वक्त भेदभाव किया जाता है. हमारा हक नहीं मिलता है. हमारा अपना पैसा 1 लाख 36 हजार करोड़ केंद्र से मांगते-मांगते मुख्यमंत्री थक गए. यह किसका पैसा है, यह आपका पैसा है. हम अपनी भाषा बोलते हैं तो उनको बहुत तकलीफ होती है. क्योंकि इन्हें आदिवासी, इनकी भाषा, सभ्यता, संस्कृति से नफरत है. हमारी सरकार ने नियोजन नीति, सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित करके भेजा. मगर ये लोग ये देना नहीं चाहते हैं. यह आदिवासियों का विकास क्या करेंगे. मगर हिम्मत न हारें, आप साथ दें, यह लड़ाई लंबी है, हम यह लेकर रहेंगे. हमारा हक, हमारा पहचान, संस्कृति को मजबूत करना है. आपके बेटे हेमंत सोरेन तैयार हैं. मंईयां योजना केवल हमारी माता, बहनों को राशि नहीं बल्कि सम्मान देने का काम किया. ताकि रोज-मर्रे का खर्च में यह काम आए. आज मंईयां योजना के खिलाफ पीआईएल करते हैं और फिर गोगो योजना लाने की बात करते हैं. यह लोग झारखंड को क्या समझ रखे हैं. स्थानीय नीति को लेकर भी ये लोग पीआईएल करवा कर रोकवा दिया. मगर यह इन्हें यह पीआईल बहुत भारी पड़ने वाला है. ये लोग आएंगे मगर विकास की बात करने नहीं धर्म और जाति के नाम पर आपको बांटने के लिए. इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, दीपिका सिंह पांडेय ने भी अपने विचार रखे.

## बेटियां पढ़ेंगी तभी समाज बढ़ेगा : डीसी उत्कर्ष गुप्ता



लातेहार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त व अन्य.

**संवाददाता। लातेहार**

**खास बातें**
- शी बॉक्स का हुआ शुभारंभ पुस्तिका का अनावरण
- लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया

सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उपायुक्त और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तहत शी बॉक्स का इनॉग्रेशन एवं विभागीय योजनाओं से जानकारी के लिए पुस्तिका का अनावरण किया गया. उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव की भावना को दूर करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता एवं बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है. बेटियां नागरिक सेवाएं, खेल-कूद एवं अन्य सभी क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन कर रही हैं. बेटियां आज बेटों से अधिक ऊर्जावान हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है. सरकार बेटियों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने मासिक धर्म एवं स्वच्छता विषय पर जानकारी दी. उपायुक्त व अतिथियों द्वारा विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया. सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पांच छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## किसानों की समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का धरना

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

**खास बातें**
- किसानों की समस्याओं के समाधान की रखी मांग
- कम बारिश से क्षेत्र के किसानों को हुआ है नुकसान

किसानों की समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने सोमवार को समाहरणालय के समक्ष धरना दिया. धरना के अंत में पलामू के उपायुक्त को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की गयी. धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुशवाहा व संचालन विजय शर्मा ने किया. वक्ताओं ने कहा कि मॉनसून के दौरान औसत से अधिक वर्षा होने के कारण पलामू समेत प्रदेश के किसानों को भारी नुकसान हुआ है. खासकर सब्जी के फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. नेताओं ने सब्जी की खेती में हुए नुकसान की भरपाई किये जाने समेत रबी सीजन के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने, धान अधिप्राप्ति पर बोनस देने, पीएम किसान सम्मान निधि का छूटे किसानों को लाभ देने, फसल बीमा की राशि का भुगतान करने एवं प्रखंडों में कॉल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने की मांग की. मौके पर प्रभारी रवि प्रकाश दुबे, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, विजय ठाकुर, मुन्ना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पप्पू, जितेंद्र तिवारी, संजीव कुमार, मनोज दास, गुप्तेश्वर गुप्ता, पंकज शर्मा, अभय सिंह, राजेश सिंह, नितेश सिंह, संतू सिंह, सत्येंद्र कुमार, उदय विश्वकर्मा, सुरेंद्र तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, सत्यनारायण साहू, संतोष तिवारी एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता धरना कार्यक्रम में मौजूद थे.

## मजदूरों को नहीं मिला बासगीत पर्चा भाकपा संग मिलकर किया प्रदर्शन



पर्चा नहीं मिलने के विरोध में धरने पर बैठे मजदूर.

**संवाददाता। तरहसी (पलामू)**

तरहसी प्रखंड के सनपुरा पंचायत अंतर्गत बासगुरु गांव के कई दर्जन मजदूर 30 वर्षों से घर बनाकर किसानी कर रहे हैं. फिर भी उन्हें सरकार और सरकारी अधिकारी द्वारा अभी तक बासगीत पर्चा नहीं मिल पाया है. जबकि सभी प्रखंड कार्यालय एवं जिला कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुके हैं. मजदूर द्वारा जब भी आवेदन दिया जाता है तो समय लेने के बाद सरकारी अधिकारी तबादला हो जाता है या तो फिर सरकार बदल जाती है. सरकार आश्वासन पर आश्वासन देती रहती है. इधर भूमाफिया द्वारा इन मजदूरों को शोषण किया जाता है. इसी समस्या को लेकर सोमवार को भाकपा माले सह अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह बिराज सिंह, जिला कमेटी सदस्य भाकपा माले दिव्या भगत, राज्य कमेटी सदस्य भाकपा माले राष्ट्रीय परिषद सदस्य आरवाईए प्रवीण, आइसा पलामू सदस्य सकूंती देवी सहित कई दर्जन मजदूरों ने धरना दिया. सभी ने कहा कि इस मामले में सरकार संज्ञान अवश्य ले. अगर सरकार नहीं सुनती है तो लगातार धरना दिया जाएगा.

## इंजीनियर को कोर्ट ने चार साल की जेल की सजा सुनाई

**विधि संवाददाता। रांची**

**खास बातें**
- सीबीआई ने सीएमपीडीआई से किया था गिरफ्तार
- अदालत ने सजा के साथ आठ हजार का जुर्माना भी लगाया

रांची की सीबीआई कोर्ट ने रिश्वत लेने के मामले में केंद्र सरकार की कंपनी सीएमपीडीआई (सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट) के सिविल इंजीनियर उमाशंकर कुमार को दोषी करार देते हुए चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. उन पर आठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. यह मामला सात वर्ष पुराना है.

सीबीआई की टीम ने सीएमपीडीआई के रांची हेडक्वार्टर में पदस्थापित सिविल इंजीनियर को नवंबर 2017 को 13 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. उनके खिलाफ नंद गोपाल त्रिपाठी नामक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में कहा गया था कि इंजीनियर उमाशंकर कुमार अपने पद का दुरूपयोग करते हुए बैंक गारंटी और सिक्योरिटी के एवज में 25 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी. सीबीआई के एसपी के निर्देश पर डीएसपी ने इसे सत्यापित किया था. प्री-ट्रैप मेमोरेंडम तैयार करने के बाद उन्हें पकड़ने की योजना बनाई गई. ट्रैप के दौरान उन्हें 13 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया. सीबीआई ने इस मामले में कांड संख्या आरसी 09(ए)/2017-आर के तहत एफआईआर दर्ज की थी. चार्जशीट जमा करने के बाद चले ट्रायल के दौरान सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उन्हें दोषी करार देते हुए सोमवार को सजा सुनाई. अदालत में सीबीआई की ओर से वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने पक्ष रखा था.

**कार्यक्रम** मेदिनीनगर में 'संकल्प 100 दिन' अभियान का समापन समारोह संपन्न

# बेटियों व महिलाओं के लिए स्थितियां बदल रहीं : डीसी

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल डीसी व अन्य.

**खास बातें**
- दो से 11 अक्टूबर तक बालिका दिवस मन रहा
- बेटियों और महिलाओं के महत्व पर जोर दिया गया

मेदिनीनगर के टाउन हॉल में 'संकल्प 100 दिन' 21 जून से 4 अक्टूबर के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के अवसर पर भी मनाया जा रहा है. कार्यक्रम में उपायुक्त शशि रंजन ने बेटियों और महिलाओं के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की समस्याओं को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है. आज महिलाएं और कामकाजी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं. पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने महिलाओं की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह स्वयं महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण हैं. परिवार के निरंतर समर्थन से वह इस मुकाम तक पहुंचीं और हर महिला को कभी हार नहीं माननी चाहिए, वे समाज में परिवर्तन ला सकती हैं.

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने भी महिलाओं के महत्व और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. नगर आयुक्त ने महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर चर्चा की और जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी और उनकी टीम को बधाई दी. इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन और छतरपुर एसडीएम ने भी भाग लिया. जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी ने संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित समस्त कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया और सभी विभागों, विशेष रूप से जेएसएलपीएस टीम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक, सेविका और बाल संरक्षण इकाई को धन्यवाद दिया. नीता चौहान ने डॉ. तबरेज (यूनिसेफ) की जिला प्रशासन के साथ बाल विवाह, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों पर निरंतर सहयोग के लिए सराहना की. उन्होंने केडी पासवान, चाइल्डलाइन टीम और सभी स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया.

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई. बैठक में जिला में कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, संचालित खनन पट्टों, प्रखंडवार क्रशरों की सूची आदि की न समीक्षा कर आवश्यक व दिशा निर्देश दिया गया. जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 28 अगस्त से छह अक्टूबर तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण में 58 वाहनों को जब्त कर सात प्राथमिकी दर्ज गई है. इसमें 10,29,093 रुपये जुर्माना वसूला गया है. बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक, डीटीओ सुरेंद्र कुमार, डीएमओ नदीम सफी आदि थे.

**पेज एक का शेष**

## रांची को जल्द मिलेगी बड़े शहरों...

लेकिन स्वास्थ्य सेवा में सुधार को लेकर आज के दिन में भी इस दिशा में बहुत कमी दिखती है. 2019 में कोरोना महामारी आई और इस बीमारी ने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य सेवा की पोल खोल कर रख दी. हमारे यहां तो पहले से अस्पताल, दवा और डॉक्टरों का अभाव रहा है. बेहतर प्रबंधन से हमने कोरोना की लड़ाई को जीती. कई राज्यों में हालत इतनी खराब रही कि इसे बयान नहीं किया जा सकता. लेकिन हमारे लिए ये गौरव की बात है कि कोरोना काल में पूरे देश को अगर सबसे अधिक ऑक्सीजन की सप्लाई की गई, तो वो हमारा झारखंड ही है. उन्होंने कहा कि कोरोना की लड़ाई में हमलोग दिन-रात लगे रहे. आज इसमें एक और कड़ी जुड़ गई है.

दो दिन पहले ही हमने कोल्हानवासियों के लिए जमशेदपुर में 750 बेड से भी अधिक क्षमता वाला मेडिकल कॉलेज उपलब्ध कराया. अब बड़े शहरों जैसी चिकित्सा व्यवस्था अपनी राजधानी में भी मौजूद रहेगी. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इस्लाम नगर के विस्थापितों को आश्वासन दिया कि सभी लाभुकों को आवास दिया जाएगा.

**शेष बचे सभी लाभुकों को जल्द दिया जाएगा आवास :** नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि 291 को लाभुकों को पहले फेज में आवास दिया जा रहा है. शेष बचे लोगों को जल्द ही आवास बना कर दिया जाएगा. मालूम हो 444 लाभुक हैं. जिसमें पहले फेज में 291 लोगों को आवास दिया गया है.

**बेमिसाल :** कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र विस चुनाव से पहले कोल्हापुर में दलित परिवार के साथ दाल-सब्जी बनायी, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# बहुजन क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता, इनकी रक्षा हम करेंगे : राहुल गांधी

एजेंसियां। नयी दिल्ली





महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं. चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में अजय तुकाराम सनदे और अंजना तुकाराम सनदे के घर खाना खाने पहुंचे. इस दौरान राहुल ने रसोई में खाना बनाने में भी अपना हाथ अजमाया. राहुल गांधी ने कहा, दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं. जैसा शाहू पटोले जी ने कहा, दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता.

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसका वीडियो भी शेयर किया. इसमें देखा जा सकता है कि खाना खाते वक्त राहुल गांधी कहते हैं कि वे ज्यादा मिर्ची नहीं खाते. इस दौरान वे कहते दिख रहे हैं, कितनी मिर्ची डाल दी. बता दें कि कोल्हापुर में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद राहुल गांधी राज्य कांग्रेस के बड़े नेताओं और सुरक्षाकर्मियों के साथ सीधे 50,000 की आबादी वाले ऊंचगांव गांव पहुंचे. बिना किसी पूर्व सूचना के वह अजय कुमार तुकाराम सनदे के घर पहुंचे, तो हर कोई हैरान रह गया. इस दौरान राहुल गांधी ने पहले चाय पी और अचानक कहा कि उन्हें भूख लग रही है और वे कुछ खाना चाहते हैं. घबराते हुए, सनदे परिवार ने उनसे पूछा कि वह क्या खाना पसंद करेंगे. इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि चिंता मत करो, मैं खुद हम सबके लिए कुछ बना दूंगा. इसके बाद सनदे दंपती उन्हें बगल की रसोई में ले गए, जहां उन्होंने परिवार के साथ खाना बनाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि जिनके हाथ में हुनर है, उनके बारे में बात ही नहीं होती. दलितों का जो बचा खुचा इतिहास है, शिक्षा व्यवस्था में उसे भी मिटाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि इस देश में 90 फीसदी दलित है, लेकिन 90 फीसदी लोगों के लिए दरवाजे बंद है. आप कहीं भी देख लीजिए.

### हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना हो

राहुल गांधी ने वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा, दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं. जैसा शाहू पटोले जी ने कहा, दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता. वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई. उन्होंने कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुला कर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया. हमने मिल कर चने के साग की सब्ज़ी हरभ*याची भाजी और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई. राहुल गांधी ने आगे लिखा, पटोले जी और सनदे परिवार के जाति और भेदभाव के निजी अनुभवों पर बात करते हुए, हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के डाक्यूमेंटेशन के महत्व पर चर्चा की. बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा हम करेंगे. लेकिन समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे. बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है और उस संविधान की हम रक्षा करेंगे, लेकिन समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे.

## राहुल गांधी को प्रमाण पत्र देने वाले किरेन रिजिजू होते कौन हैं : पवन खेड़ा



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को ''सुधर जाने'' की नसीहत दी थी. कहा था कि विदेशी धरती पर उन्हें देश विरोधी बातें नहीं करनी चाहिए. कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने उनके इस बयान पर सख्त ऐतराज जताया है. आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम उनसे पूछते हैं कि वे कौन हैं, जो हमें प्रमाण पत्र देने आए हैं? क्या उनसे सरकार और मंत्रालय सही से चल नहीं रहे? देश के करोड़ों लोग, युवक, किसान, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाएं राहुल गांधी को आशीर्वाद देने और प्रमाण पत्र देने के लिए खड़े हैं. पवन खेड़ा यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा, रिजिजू अपनी बारी का इंतजार करें, लाइन में खड़े रहें. हम जानते हैं वह कांग्रेस में आना चाहते हैं, वह पहले भी कांग्रेसी थे, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि कांग्रेस में आने के लिए उन्हें कई साल इंतजार करना होगा. दरअसल, रिजिजू ने राहुल गांधी को लेकर कहा था, राहुल गांधी जब विपक्ष के नेता बने, तो मुझे लगता कि सुधर जाएंगे, मगर वह तो और भी बिगड़ गए हैं.

## न्यूज अपडेट

### द. कोरिया व फिलीपींस में साझेदारी

**मनीला।** दक्षिण कोरिया और फिलीपींस विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने को तैयार हुए हैं. दक्षिण कोरिया राष्ट्रपति यूं सुक येओल और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने सोमवार को सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बनाने पर सहमति व्यक्त की. मनीला में एक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसमें दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र को स्वीकार किया.

### पाकिस्तान में सात आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने 7 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया. पूर्वी पंजाब में सीटीडी ने सोमवार को प्रांत के मियांवाली जिले यह ऑपरेशन करने का दावा किया. रविवार देर रात मेकरवाल इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर ऑपरेशन चलाया गया. आतंकवादियों और सीटीडी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई. रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी के दौरान सात आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों के कब्जे से छह हथगोले, सात कलाश्निकोव, गोलियां और विस्फोटक बरामद किए गए.

### विस्फोट में दो चीनी सहित तीन की मौत

**कराची।** कराची एयरपोर्ट के पास रविवार देर रात हुए भीषण विस्फोट में दो चीनी नागरिकों सहित तीन की मौत हो गई और करीब एक दर्जन अन्य लोग घायल हो गए. सोमवार को चीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि करते हुए इस्लामाबाद स्थित चीन के दूतावास ने हमले की कड़ी निंदा की. विस्फोट तब हुआ जब पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड से चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे एक काफिले पर कराची में जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हमला किया गया.

### मुंबई में पहली बार भूमिगत मेट्रो लाइन

**मुंबई।** मुंबई वासियों को सोमवार को सरकार की तरफ से बड़ी सौगात मिली. 7 अक्टूबर से मुंबई में बीकेसी और आरे के बीच पहली भूमिगत मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू हो गई है. मेट्रो प्रशासन इस सेवा के लिए मेट्रो कनेक्ट 3 ऐप भी लेकर आया है. इसे लेकर आम जनता ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं. लोगों ने इसके लिए सरकार की तारीफ की और खुशी जताई. बता दें कि बीकेसी और आरे के बीच कुल 10 मेट्रो स्टेशन हैं. इस रूट पर मेट्रो ट्रेन हर दिन 96 चक्कर लगाएगी. इस रूट पर लोगों को काफी सुविधा मिलेगी. उनकी यात्रा आसान होगी और समय की भी बचत होगी.

### संजय ने ही रेप कर डॉक्टर को मार डाला

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में संजय रॉय को हत्या और रेप का मुख्य आरोपी बनाया गया है. सीबीआई के मुताबिक मामले में 200 लोगों के बयानों को चार्जशीट में दर्ज किया गया है. उधर, रेप और हत्या के इस मामले में जूनियर डॉक्टर्स फिर आमरण अनशन पर बैठ गए है. उनका कहना है कि ममता बनर्जी की सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं कर रही, जिसके बाद उन्हें अब इस आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है.

### स्टेशन पर विक्षिप्त ने दो को मार डाला

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को रेलवे स्टेशन पर दो लोगों की हत्या हो गई. इसके अलावा तीन लोग घायल हैं. ये दोनों कत्ल मानसिक रूप से विक्षिप्त ने कर दी, जो मौके पर बेकाबू हो गया था. उसने स्टेशन पर खड़े लोगों पर अटैक कर दिया, जिसमें दो लोग मारे गए और तीन अन्य जख्मी हो गए. यह घटना सोमवार तड़के की ही है. प्लेटफॉर्म सात लोग सो रहे थे, तभी विक्षिप्त शख्स ने इन लोगों पर पत्थर से हमला कर दिया. हमलावर मौके से भाग गया.

**मध्य पूर्व संघर्ष :** पहली बरसी पर हमास व हिज्बुल्लाह के इजराइल पर बड़े हमले

# इजराइल की ईरान को धमकी तेहरान भी बोला-पूरी है तैयारी

एजेंसियां। यरुशलम/बेरूत/तेहरान

इजराइल और फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच जंग को 7 अक्टूबर (सोमवार) को एक साल पूरे हो चुके हैं. इस एक साल में मिडिल ईस्ट में काफी कुछ बदल चुका है. इजराइल-हमास की जंग में अब लेबनान का मिलिशिया ग्रुप हिज्बुल्लाह कूद चुका है. ईरान ने भी इजराइल पर हमले तेज कर दिए हैं. जंग की आग झेलते हुए आधे से ज्यादा गाजा तबाह हो चुका है. जंग की पहली बरसी पर हमास और हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर अटैक किए.

'अलजज़ीरा' की रिपोर्ट के मुताबिक, हमास ने सोमवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा से इजराइल की ओर रॉकेट दागे. इनमें 2 की मौत हो गई. जबकि इजराइल की सेना (आईडीएफ) ने उत्तरी गाजा से 5 और दक्षिण गाजा से दागे गए 9 रॉकेटों को हवा में ही नष्ट कर दिया. दूसरी ओर, हिज्बुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान से उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में रॉकेट दागे हैं. इस हमले में कम से कम 10 लोगों के जख्मी होने की खबर है. इन हमलों के बाद इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के गांवों में जवाबी कार्रवाई की है. जबकि आईडीएफ ने फिलिस्तीनियों से दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके को तुरंत छोड़ने को कहा है. उत्तरी गाजा को भी जल्द से जल्द खाली करने का आदेश है. दोनों हिस्सों में आर्मी ऑपरेशन तेज कर दिए हैं. इस बीच इसराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि 'अगर इजराइल को इस्लामिक रिपब्लिक नुक़सान पहुंचाना चाहता है, तो उसका हाल भी ग़ज़ा या बेरूत जैसा हो सकता है.' वहीं ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के कमांडर का एक बयान भी सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'हम किसी भी तरह की स्थिति के लिए तैयार हैं.'

**हमास के हमले में 2 महिलाएं जख्मी, लेबनान ने बंदरगाह शहर पर किया हमला :** रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा पर आर्मी ऑपरेशन तेज कर दिए हैं. गाजा बॉर्डर के पास सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी गई है. आईडीएफ को डर है कि हमास फिर से इजराइल पर बड़ा हमला करने की कोशिश कर सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक, हमास ने सोमवार को तेल अवीव में भी रॉकेट दागे. इजराइल में मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सेवा का कहना है कि हमास के हमले में दो महिलाएं जख्मी हुई हैं. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है. इजरायली सेना ने पहले कहा था कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र से मध्य इजराइल पर पांच रॉकेट दागे गए. दक्षिणी लेबनान से उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में रॉकेट गिरने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए हैं. एक साल पहले गाजा पर युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहली बार है जब लेबनान ने बंदरगाह शहर पर हमला किया है. बता दें कि हाइफा इजराइल के भूमध्यसागरीय तट पर स्थित है, जो लेबनान की सीमा से लगभग 30 किमी (19 मील) दूर है. इजरायली अधिकारियों ने कहा कि हिज्बुल्लाह ने रविवार को लेबनान से 120 से ज्यादा रॉकेट्स दागे. हिज्बुल्लाह ने तिबेरियस शहर पर भी हमला किया. हिज्बुल्लाह ने इजराइल के कार्मेल मिलिट्री बेस को भी निशाना बनाया है.

**इजराइल ने लेबनान पर की जवाबी कार्रवाई :** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दक्षिण लेबनान में रविवार रातभर हुए इजरायली हमले में 10 फायर फाइटर्स की मौत हो गई. नगर निगम अधिकारी रेडा एशौर के मुताबिक, "इजरायली सेना ने बाराशीट में एक लोकल फायर फाइटर सेंटर को टारगेट किया. हमले के दौरान वहां 10 लोग मौजूद थे, जिनकी मौत हो गई है. ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल और लेबनान के मिलिशिया ग्रुप हिज्बुल्लाह के बीच जारी गोलीबारी में अब तक 115 बचावकर्मियों की मौत हो चुकी है.



### आईडीएफ ने जारी किया ऑपरेशन से जुड़ा डेटा, इजराइल पर हमले में 728 सैनिकों की मौत

जंग की पहली बरसी पर इजरायली डिफेंस फोर्स ने सोमवार को गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और लेबनान में किए गए ऑपरेशन से जुड़ा डेटा जारी किया है. आईडीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल में इजराइल पर 26 हजार से ज्यादा मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन दागे गए हैं. ये हमले गाजा, लेबनान, सीरिया, हूती, ईरान से किए गए. इराक के कितने हमले हुए इसकी जानकारी नहीं दी गई है. 7 अक्टूबर 2023 को जंग की शुरुआत से गाजा में 41,909 लोगों की मौत हो चुकी है. 97,303 लोग जख्मी हुए हैं. जबकि इजराइल में हमास के अटैक में 1139 लोगों की जान जा चुकी है. 200 से ज्यादा लोग बंधक बनाए गए हैं. आईडीएफ ने गाजा पट्टी में हमास के करीब 17 हजार लड़ाकों को मार गिराया है. इजराइल पर हुए हमले में अब तक 728 सैनिकों की मौत हुई है. जबकि 4576 घायल हुए हैं. आईडीएफ ने बताया कि 346 लोग गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन के दौरान मारे गए. इस दौरान 2299 सैनिक भी घायल हुए हैं.

### गाजा में युद्ध विराम का समय आ गया है इजरायली पीएम से बोले फ्रांस के राष्ट्रपति

**पेरिस।** दोनों देशों के संबंधों में तल्खी के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मध्य पूर्व के हालत के बारे में टेलीफोन पर बातचीत की. एलीसी पैलेस (फ्रेंच प्रेसिडेंट का आधिकारिक निवास) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रविवार को दोनों नेताओं ने अपनी अलग-अलग राय को स्वीकार किया और बेहतर समझ के लिए अपनी पारस्परिक इच्छा पर जोर दिया. मैक्रों ने नेतन्याहू को बताया कि उनका मानना है कि अब युद्ध विराम का समय आ गया है. हथियारों की सप्लाई, गाजा में युद्ध का लंबा खिंचना और लेबनान तक इसका विस्तार, इजरायलियों और क्षेत्र के सभी लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है. हमें तुरंत निर्णायक कोशिश करनी चाहिए, जिससे हम इजराइल और मध्य पूर्व में सभी लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी राजनीतिक समाधान निकाल सकें.

### पीएम अल्बानीज के बयान से ईरान नाराज, ऑस्ट्रेलियाई राजदूत तलब

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में हालिया घटनाक्रमों के प्रति 'पक्षपातपूर्ण रुख' को लेकर ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को तलब किया. तेहरान ने यह कदम तब उठाया जब ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने बुधवार को इजराइल पर ईरान के मिसाइल अटैक की निंदा की. ऑस्ट्रेलिया के विपक्षी नेता पीटर डटन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राजदूत को निष्कासित करने की मांग की. बैठक में ईरानी विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के 'अनुचित और पक्षपातपूर्ण' रुख पर विरोध जताया. वहीं गाजा और लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों को लेकर ऑस्ट्रेलिया की 'चुप्पी' की आलोचना की.

## जमीन के बदले नौकरी केस में लालू, तेजस्वी व तेज को राहत

- दिल्ली की अदालत से एक लाख के निजी मुचलके पर मिली बेल

एजेंसी। नयी दिल्ली

जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व सीएम और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को बड़ी राहत मिली है. दिल्ली की राउज एवेन्यू केस ने सोमवार को तीनों को जमानत दे दी. विशेष जज विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर राहत दी. कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपियों को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था. मामले की अगली सुनवाई 25 अक्तूबर को होगी.जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू, तेजस्वी, तेज प्रताप समेत 8 आरोपियों की पेशी हुई. इसमें अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह और किरण देवी शामिल थे. इससे पहले ईडी ने मामले में पूरक आरोप पत्र दायर किया था. इसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था. लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है.

दरअसल, मामला 2004 से 2009 तक लालू के रेल मंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है. आरोप है कि राजद सुप्रीमो के परिवार और सहयोगियों के नाम पर नियुक्तियां उपहार में दी गईं या हस्तांतरित की गईं भूमि के बदले में की गई थी. बता दें कि मामले में तेज प्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश हुए. अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे.



### व्हीलचेयर पर नजर आए लालू यादव

इससे पहले रविवार को लालू प्रसाद यादव के साथ उनकी बेटी रोहिणी और मीसा भारती भी दिल्ली पहुंची थीं. इस दौरान लालू यादव व्हीलचेयर पर नजर आए थे. ईडी ने लालू प्रसाद यादव पर अपराध अर्जित आय को छिपाने एवं उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल का आरोप लगाया है.

## भारत की पड़ोसी प्रथम नीति में मालदीव का अहम स्थान

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ मीडिया को संबोधित किया

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' पॉलिसी और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है. उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरझा साझेदारी विजन अपनाया है. पीएम मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ मीडिया को संबोधित किया.

मोदी ने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का फैसला किया है और साथ ही स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम किया जाएगा. दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और सबसे करीबी मित्र है. भारत ने हमेशा मालदीव के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभाई है. चाहे मालदीव के लोगों के तक जरूरी वस्तुओं को पहुंचाना हो, प्राकृतिक आपदा के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड के दौरान टीके उपलब्ध कराना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई है. दोनों नेताओं ने डेवलपमेंट पार्टनरशिप, ऊर्जा, व्यापार, वित्तीय जुड़ाव और रक्षा सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रिश्तों को और गहरा करने के लिए व्यापक चर्चा की और कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए.

**चिंता की बात** वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह ने दी 'बुरी स्थिति' की जानकारी, बोले-लेकिन इसी से लड़ने को तैयार

# 1965 के बाद सबसे कम हुई इंडियन एयरफोर्स की फाइटर ताकत!

लगातार न्यूज। नेटवर्क

### बुरी खबर

- भारतीय वायुसेना के पास फिलहाल 31 स्क्वाड्रन की है स्ट्रेंथ
- **सोवियत समय के फाइटर प्लेन लगातार हो रहे सेवा से बाहर**
- नए प्लेन की खरीद में लग रहा समय, ट्रेनिंग देने में लगेगा टाइम



### अतीत से सबक लेने की जरूरत

एलसीए परियोजना से करीब से जुड़े रहे वायुसेना प्रमुख ने चेतावनी दी कि अतीत से सबक लेने की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगे कोई देरी न हो. उन्होंने यह भी कहा कि जेट विमानों के उत्पादन में प्राइवेट सेक्टर को बड़े पैमाने पर शामिल करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि अगर एलसीए डिलीवरी की समय-सीमा पूरी हो जाती है और मल्टी-रोल फाइटर कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर हो जाते हैं, तो वायुसेना बुरी स्थिति में नहीं होगी.

वायुसेना के पास फाइटर प्लेन की ताकत गंभीर रूप से कम हो गई है. स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन की क्षमता साल 1965 से भी कम है. इस पर एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का कहना है कि जो कुछ भी हमारे पास है, उसी से लड़ने को प्रतिबद्ध है.

उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान मौजूदा असेट्स के संरक्षण और कर्मियों को उनके सही तरीके से उपयोग करने के लिए ट्रेनिंग देने पर है. हालांकि एयरफोर्स के पास 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृत क्षमता है. यह संख्या सीमा पर खतरे की स्थिति को देखते हुए विस्तृत विचार-विमर्श के बाद स्वीकृत की गई है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें लगातार कमी आई है. इसकी वजह है कि पुराने सोवियत युग के फाइटर प्लेन रिटायर हो गए हैं और उनकी जगह नए प्लेन को लाने का आदेश नहीं दिया गया है. रिकॉर्ड बताते हैं कि 31 स्क्वाड्रन की मौजूदा ताकत 1965 के बाद से भारत की सबसे कम ताकत है, जब पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ा गया था. 1965 के युद्ध के बाद यह संख्या लगातार बढ़ती गई और 1996 में 41 स्क्वाड्रन तक पहुंच गई. जैसे-जैसे विमान की रूपरेखा बदलती गई, 2013 में यह संख्या घट कर 35 रह गई और तब से लगातार कम होती गई. सर्विस में मौजूद 31 स्क्वाड्रन में से दो स्क्वाड्रन कम से कम उड़ान भर रहे हैं. ये अपने मिग 21 लड़ाकू विमानों को बचा रहे हैं, जिन्होंने पहली बार 1971 के युद्ध में हिस्सा लिया था. ये विमान लंबे समय से अपने लाइफ के अंत तक पहुंच चुके हैं. उनकी रिटायरमेंट को कई सालों के लिए टाला जा रहा है. इसकी वजह है कि वायुसेना एलसीए एमके1ए लड़ाकू विमानों की डिलीवरी का इंतजार कर रही है.

**पिछले 6 साल से नहीं दिख रही प्रोग्रेस :** अपनी वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमानों (एलसीए) का उत्पादन, जो समय से पीछे चल रहा है, इसको तेज करने की जरूरत है. इसके साथ ही नए मल्टी रोल वाले वाले फाइटर प्लेन विमानों की जरूरत कल से ही है, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है. गौरतलब है कि वायुसेना ने 2018 में 114 मल्टीरोल फाइटर प्लेन खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन पिछले छह साल से कोई प्रोग्रेस नहीं दिख रही है. कहा कि यह कोई थोड़े समय की बात नहीं है कि हम रातों-रात सामान खरीद सकते हैं. इसमें समय लगता है. अगर हम दो या तीन स्क्वाड्रन शामिल भी करते हैं, तो निश्चित रूप से उनका उपयोग करने में सक्षम होने के लिए ट्रेनिंग में समय लगता है.

आईसीयू में भर्ती होने के दावे का किया खंडन

## रतन टाटा ने कहा- बिल्कुल ठीक हूं मैं, अफवाहें न फैलाएं

एजेंसी। मुंबई



टाटा समूह के दिग्गज रतन टाटा की अचानक तबीयत बिगड़ने की बात गलत निकली. उन्होंने खुद इन दावों का खंडन किया है. रतन टाटा ने अपने आईसीयू में भर्ती होने के दावों को अफवाह करार दिया है. आईसीयू में भर्ती होने के दावों का खुद खंडन करते हुए रतन टाटा ने कहा, मैं अपने स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में फैल रहीं अफवाहों से अवगत हूं. मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं. मैं फिलहाल अपनी उम्र और सेहत संबंधी जरूरी चिकित्सा जांच करवा रहा हूं. चिंता का कोई बात नहीं है. मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं. आपसे अनुरोध करता हूं कि जनता और मीडिया गलत सूचना फैलाने से बचें. इससे पहले खबरें आईं थीं कि उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद चेयरमैन को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दावा किया गया कि उनका ब्लड प्रेशर अचानक काफी गिर गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया और आईसीयू में रखा गया. हालांकि, कुछ ही देर बाद खुद रतन टाटा ने इन अफवाहों को निराधार करार दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)